YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-158 ❒ बुधवार, 08 जुलाई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




समय के साथ परिस्थितियाँ बदलती रही हैं लेकिन भारत के सभ्यतागत मूल्य आज भी संपूर्ण मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं तथा शांति, सद्भाव और नैतिक जीवन को बढ़ावा देने में अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं। **ओम बिरला**


चौहान ने लॉन्च किया 'प्रगति' प्रोजेक्ट 11

अपराधियों और सीमावर्ती घुसपैठियों से किसी तरह की समझौता नहीं 12


## संक्षेप

### सेंट्रल रिज के संरक्षण के लिए कानूनी रास्ता अपनाया जाएगा : अमित शाह

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार यहां सेंट्रल रिज की जैव विविधता, मिट्टी और पानी की रक्षा के लिए कानूनी रास्ता अपनाएगी। शाह ने यहां दिल्ली सरकार के मेगा पौधारोपण अभियान का उद्घाटन करने के बाद कहा कि जामुन, आम, अर्जुन और नीम जैसे पेड़ रिज पर लगाए जाएंगे, क्योंकि ये 100 वर्षों तक जीवित रहते हैं। विशाल पौधारोपण अभियान का लक्ष्य शहर में 70 लाख पौधे लगाना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार अगले चार वर्षों में एक करोड़ स्थानीय वृक्ष प्रजातियों, 23 लाख बड़ी वृक्ष प्रजातियों और 65 लाख झाड़ियों और औषधीय पौधों के रोपण के माध्यम से रिज क्षेत्र के 6,300 हेक्टेयर क्षेत्र को हरित आवरण प्रदान करेगी। शाह ने यह भी बताया कि रिज क्षेत्र को 'ग्रीन रिज' में बदलने के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इस योजना के तहत 100 जलाशय विकसित किए जाएंगे।

### वायनाड भूस्खलन में एक की मौत, सात लापता

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कल्लाडी में निर्माणाधीन सुरंग में भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हैं और सात लोग लापता हैं। घटना स्थल पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), अग्निशमन, पुलिस, वन विभाग के कर्मियों और स्थानीय लोगों की टीमें संयुक्त रूप से बचाव अभियान चला रही हैं। जिला प्रशासन ने पास रहने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया। साथ ही, लापता सात लोगों की तलाश के लिए अभियान तेज किया गया है। इसके अलावा, कोझिकोड से एक अन्य टीम को भी बचाव कार्यों में सहायता के लिए वायनाड भेजा गया है।

### दमिश्क में मैक्रों के होटल के पास दो विस्फोट, फ्रांसीसी राष्ट्रपति सुरक्षित

**दमिश्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के सीरिया दौरे के बीच यहां राजधानी दमिश्क में मंगलवार को फोर सीजन्स होटल के निकट हुए दो विस्फोटों में कम से कम 18 लोग घायल हो गये। श्री मैक्रों के ठहरने की व्यवस्था इसी होटल में की गयी थी, हालांकि विस्फोट के समय वह सुरक्षित थे और राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंच चुके थे।सुरक्षा सूत्रों के अनुसार दोनों विस्फोट विस्फोटक उपकरणों के कारण हुए। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने बताया कि घटना में चार पुलिसकर्मियों सहित 18 लोग घायल हुए हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय एलिसी पैलेस ने बयान जारी कर कहा कि विस्फोट के समय मैक्रों राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। फ्रांसीसी समाचार चैनल बीएफएमटीवी के अनुसार राष्ट्रपति फोर सीजन्स होटल में ठहरे हुए थे। सना के अनुसार दोनों विस्फोट पर्यटन मंत्रालय के निकट तथा उस होटल के आसपास हुए।

# भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदेगा इंडोनेशिया

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडोनेशिया अपनी सेनाओं को अचूक निशाने वाली ब्रह्मोस मिसाइल से लैस करेगा । उसने इसके लिए लगभग 20 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल सिस्टम की दो बैटरी खरीदने पर सहमति जताई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान मंगलवार को जकार्ता में बनी यह सहमति, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ हुई द्विपक्षीय बातचीत के सबसे अहम नतीजों में से एक है। यह वैश्विक रक्षा बाजार में भारत की बढ़ती मौजूदगी को भी दर्शाता है और इससे रक्षा क्षेत्र में सहयोग से दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंध और मजबूत होंगे।

इस खरीद सहमति में ब्रह्मोस मिसाइल की दो बैटरी की आपूर्ति शामिल है, जिन्हें इंडोनेशिया की तटीय रक्षा क्षमता को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। आम तौर पर, एक मानक ब्रह्मोस बैटरी में कई मोबाइल लॉन्चर, फायर-के-लिए-तैयार मिसाइलें, कमांड-एंड-कंट्रोल सिस्टम, सपोर्ट वाहन और संबंधित उपकरण शामिल होते हैं, हालांकि ऑपरेशनल जरूरतों के हिसाब से इनका कॉन्फ़िगरेशन अलग-अलग हो सकता है। भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित इस मिसाइल सिस्टम को खरीदने वाला इंडोनेशिया तीसरा देश है।इससे पहले भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्यात किया था, जबकि वियतनाम के साथ भी एक अलग समझौता किया गया है, जिससे दक्षिण-पूर्व एशिया में इस मिसाइल की मौजूदगी और बढ़ गई है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस की एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया द्वारा संयुक्त रूप से विकसित ब्रह्मोस को दुनिया की सबसे तेज़ ऑपरेशनल सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइलों में से एक माना जाता है। यह हथियार प्रणाली ज़मीन, समुद्र और हवा से दागी जा सकती है और इसे समुद्री और ज़मीनी दोनों तरह के लक्ष्यों को सटीकता से भेदने के लिए डिज़ाइन किया गया है।



अंतरराष्ट्रीय निर्यात नियंत्रण प्रतिबद्धताओं के अनुरूप, इस मिसाइल के निर्यात संस्करण की रेंज लगभग 290 किलोमीटर है, जबकि घरेलू संस्करणों की रेंज काफी अधिक है। प्लेटफॉर्म के आधार पर, यह मिसाइल ध्वनि की गति से तीन गुना तेज गति में सक्षम है और इसमें ''फायर-एंड-फॉरगेट'' (दागो और भूल जाओ) गाइडेंस मैकेनिज्म का इस्तेमाल किया जाता है। ब्रह्मोस के अलावा, भारत और इंडोनेशिया ने रक्षा से जुड़े कई और समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं जिनमें हवा से हवा में मार करने वाली अस्त्र प्रणाली, रक्षा प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण, समुद्री सुरक्षा सहयोग और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग शामिल है।उम्मीद है कि ब्रह्मोस समझौता भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' को मज़बूत करेगा और साथ ही हिन्द प्रशांत में बदलते सुरक्षा हालात के बीच अहम क्षेत्रीय साझेदारों के साथ रक्षा सहयोग को गहरा करेगा। राष्ट्रपति प्रबोवो ने उन्हें इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान दिया। इसके बाद पीएम ने इंडोनेशियाई संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यहां सर्वोच्च सम्मान मिलना सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया की संसद में आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। यहां मिले भव्य स्वागत से वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों के प्रतिनिधि और लोकतंत्र की जननी भारत के नागरिक के रूप में वे समस्त भारतवासियों की ओर से शुभकामनाएं लेकर आए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडोनेशिया के लोगों, बच्चों, युवाओं और मातृशक्ति ने इस दिन को उनके जीवन के सबसे यादगार दिनों में शामिल कर दिया। सुबह जिस आत्मीयता और स्नेह के साथ उनका स्वागत हुआ, उसे वे जीवन भर नहीं भूल पाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ अपनी मित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि सम्मान पर किसी का अधिकार नहीं हो सकता और उनकी मित्रता भी किसी सीमा में बंधी नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत विस्तारवाद नहीं, बल्कि विकासवाद की नीति में विश्वास रखता है। इसलिए भारत का मंत्र ''सबका साथ, सबका विकास'' है और इसी भावना के साथ वे इंडोनेशिया की संसद में उपस्थित हुए हैं। इंडोनेशिया ने प्रधानमंत्री मोदी ● शेष पेज 11 पर

### इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया मोदी को

नयी दिल्ली। इंडोनेशिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बितांग आदिपूर्ण' से नवाजा है। इंडोनेशिया की तीन दिन की यात्रा पर गए श्री मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में बताया कि उन्हें इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में श्री मोदी को इस सम्मान से नवाजा। श्री मोदी ने कहा, ''आज सुबह, मुझे बहुत स्नेह के साथ इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान भी दिया गया है। ये सम्मान कोटि-कोटि भारतवासियों का है... इंडोनेशिया के लोगों की भावनाओं का है, भारत और इंडोनेशिया के ऐतिहासिक और आत्मीय संबंधों का है। मैं प्रेसिडेंट प्रबोवो जी, इंडोनेशिया की सरकार और यहां की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं अब तक दुनिया भर के 34 देशों ने श्री मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है।

# 38 दोषियों की फांसी की सजा बरकरार

एजेंसी

- ❒ अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस में गुजरात हाईकोर्ट का बड़ा फैसला
- ❒ 13 साल तक कोर्ट में रहा मामला
- ❒ 26 जुलाई 2008 को हुए थे सिलसिलेवार धमाके

अहमदाबाद। गुजरात हाई कोर्ट ने 2008 के अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने इस मामले में 38 दोषियों की मौत की सजा को बरकरार रखा है।

बता दें कि अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए 38 दोषियों को मौत की सजा और 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद राज्य सरकार की तरफ से हाई कोर्ट में एक कन्फर्मेशन याचिका दायर की गई थी। इसी पर फैसला सुनाते हुए हाई कोर्ट ने फैसले को बरकरार रखा है।

दरअसल अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट में कुल 78 आरोपियों पर मुकदमा चला था। 2009 में दर्ज इस मामले में 13 साल तक लंबी कानूनी प्रक्रिया चली और आखिरकार 18 फरवरी 2022 को फैसला सुनाया गया।

सेशंस कोर्ट ने 49 आरोपियों को दोषी ठहराया, जिनमें से 38 को मौत की सजा और 11 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। सबूतों के अभाव में 29 आरोपियों को बरी कर दिया गया। राज्य सरकार ने अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट द्वारा 2008 के सीरियल ब्लास्ट केस में 38 दोषियों को सुनाई गई मौत की सजा को लागू करने और उसकी पुष्टि के लिए गुजरात हाई कोर्ट में एक कन्फर्मेशन याचिका दायर की थी। वहीं सेशंस कोर्ट द्वारा दोषी ठहराए गए 48 आरोपियों ने भी अपनी सजा के खिलाफ गुजरात हाई कोर्ट में अपील दायर की थी। इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के बाद गुजरात हाई कोर्ट ने आज अपना फैसला



सुनाते हुए दोषियों की मौत की सजा को बरकरार रखा है। 26 जुलाई 2008 को अहमदाबाद शहर में 20 अलग-अलग जगहों पर 21 सीरियल ब्लास्ट हुए थे। इसआतंकी हमले में 56 लोगों की जान चली गई और 200 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शुरुआती जांच में कुल 99 आतंकवादियों को आरोपी माना गया था, जिनमें से 82 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था। ये आरोपी अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, भुज के साथ-साथ मध्य प्रदेश, केरल, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और झारखंड के रहने वाले थे।

कोर्ट में लगभग 6 हजार सबूत पेश किए गए और 1163 गवाहों से पूछताछ की गई। सेशंस कोर्ट ने करीब 7 हजार पन्नों में अपना फैसला सुनाया। केस फाइल 7.88 लाख पन्नों की है।

### दानपात्र विवाद पर चंपत राय ने तोड़ी चुप्पी, बोले-

# एसआईटी रिपोर्ट के बाद सामने आएगा पूरा सच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महामंत्री चंपत राय ने राम मंदिर दानपात्र में कथित चोरी के मामले को लेकर पहली बार सार्वजनिक रूप से अपनी बात रखी है।

श्री राय ने छह जुलाई को अयोध्या से रामभक्तों के नाम लिखे अपने हस्तलिखित पत्र में कहा है कि 10 जून से दानपात्र की गणना के दौरान हुई कथित अनियमितता को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं और उन पर भी बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। हालांकि उन्होंने इस पूरे विवाद पर मौन रहने का निर्णय लिया है। उन्होने पत्र में बताया कि छह जुलाई को हुई श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में मामले की जांच कर रही एसआईटी की प्राथमिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट मूल रूप से गोपनीय थी,



लेकिन अब सार्वजनिक हो चुकी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और पूरे मामले की सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। अपने ऊपर लगे आरोपों के बीच श्री चंपत राय ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन का भी ● शेष पेज 11 पर

### विशेष नंबरों को स्पैम बताने वाले तीन ऐप्स पर कार्रवाई संभव

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ट्रूकॉलर समेत तीन ऐप्स पर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। खबरों के मुताबिक, इसके लिए ट्राई ने सरकार से अनुमति मांगी है। इन पर आरोप है कि सरकार की तरफ से व्यावसायिक कॉल के लिए जारी विशेष नंबर की श्रृंखला 1400 और 1600 को भी ये कंपनियां स्पैम नंबर बताकर ब्लॉक कर रही हैं। ट्राई का कहना है कि व्यापार संचार के लिए इन नंबरों को खास तौर पर शुरू किया गया है। इसके बाद भी ट्रूकॉलर, हिया और व्होसकॉल जैसे ऐप्स इन वैध व्यावसायिक कॉलों को स्पैम के रूप में ब्लॉक कर रहे हैं। ऐसे में ट्राई ने सरकार से इन ऐप्स पर कार्रवाई करने के लिए अनुमति मांगी है। दरअसल, ट्राई इन पर सीधे तौर पर कार्रवाई नहीं कर सकता है, क्योंकि ये ऐप्स आईटी अधिनियम के दायरे में आते हैं। दूरसंचार ऑपरेटरों की तरह ये दूरसंचार विभाग (डीओटी) के लाइसेंस धारक नहीं हैं। ट्राई ने यह भी कहा है कि वह इन ऐप्स पर नियमन नहीं चाहता, लेकिन आईटी ● शेष पेज 11 पर

# 15 मासूमों की मौत वाली अलीगंज की इमारत को बचाने की कवायद तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अलीगंज अग्निकांड में 15 बच्चों की मौत के बाद विवादों में आई इमारत को बचाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। जिस भवन को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी की है, उसकी अंतिम तिथि 7 जुलाई निर्धारित है। इससे पहले ही भवन स्वामी की ओर से कुछ वकीलों ने एलडीए में प्रार्थना पत्र देकर भवन को नियमित कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सूत्रों के मुताबिक भवन 12 मीटर चौड़ी सड़क पर स्थित है। नियमानुसार इस श्रेणी के कुछ निर्माणों की कंपाउंडिंग और उपयोग परिवर्तन की संभावना होती है। इसी आधार पर भवन का नक्शा पास कराने और कंपाउंडिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि भवन के संबंध में नया मानचित्र भी दाखिल करने की प्रक्रिया चल रही है। 12 मीटर चौड़ी सड़क पर होटल का नक्शा

**लीपापोती**

❒ ध्वस्तीकरण नोटिस की मियाद खत्म होने से पहले एलडीए में दाखिल हुआ प्रार्थना पत्र, कंपाउंडिंग के जरिए राहत दिलाने की कवायद



पास होता है। एलडीए के जानकारों का कहना है कि यदि नियमों के तहत कंपाउंडिंग संभव हुई तो भवन को पूरी तरह ध्वस्त करने की कार्रवाई पर असर पड़ सकता है। यही वजह है कि वकील बिल्डिंग बाई लाज का फायदा उठाकर भवन को कानूनी राहत दिलाने के लिए तेजी से प्रयास कर रहे हैं।

दूसरी ओर एलडीए ने भवन स्वामी को जारी नोटिस में 7 जुलाई तक का समय दिया था। चूंकि भवन मालिक इस समय जेल में है, इसलिए नोटिस उसे जेल में ही तामील कराई गई थी। मंगलवार को नोटिस की अवधि समाप्त हो जाएगी, जिसके बाद मामले पर अगला कदम उठाने की जिम्मेदारी प्राधिकरण कोर्ट की होगी।

### प्राधिकरण कोर्ट के फैसले पर टिकी निगाहें

अब सबकी निगाहें एलडीए की प्राधिकरण कोर्ट पर हैं। कोर्ट यह तय करेगी कि भवन के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आगे बढ़ेगी या कंपाउंडिंग और मानचित्र स्वीकृति के लिए दाखिल किए गए आवेदन पर विचार किया जाएगा। अलीगंज अग्निकांड की गंभीरता को देखते हुए यह मामला प्रशासनिक और कानूनी दोनों स्तरों पर बेहद संवेदनशील है।

# साइबर अपराध से हर दिन करीब ढाई करोड़ रुपये की चपत

एजेंसी

- ❒ वर्ष 2022 से मई 2026 तक देशभर में 2.97 लाख शिकायतें
- ❒ 4,057.7 करोड़ की की ठगी हुई

नई दिल्ली। देश में तेजी से फैल रहे डिजिटल अरेस्ट के मामलों ने एजेंसियों की चुनौती बढ़ा दी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022 से मई 2026 तक इस तरह की ठगी के 2,97,727 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें लोगों से 4,057.7 करोड़ रुपये की ठगी की गई है।

हर दिन करीब ढाई करोड़ रुपये की चपत लोगों को साइबर ठगों द्वारा लगाई जा रही है। कई मामलों में सीबीआई विदेशी एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई कर रही है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 में 39,925 शिकायतें दर्ज हुई थीं। यह संख्या बढ़कर 2024 में 1,23,672 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि इस वर्ष ठगी की राशि 1,935.5 करोड़ रुपये रही। वहीं, जनवरी से मई 2026 के बीच 15,215 शिकायतें दर्ज हुईं और 481.1 करोड़ रुपये की ठगी हुई। साइबर ठगी में अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो),



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) या अन्य केंद्रीय एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराते-धमकाते हैं। वे पीड़ितों पर धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) या अन्य गंभीर अपराधों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाकर तुरंत पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाते हैं। हाल ही में दिल्ली में रहने वाले एक बुजुर्ग एनआरआई डॉक्टर दंपति से कथित तौर पर 14.84 करोड़ रुपये की ठगी की गई। ● शेष पेज 11 पर

# कांग्रेस और सपा ने चला रखी है अयोध्या धाम को बदनाम करने की मुहिम

## पिछली सरकारों पर विजनहीनता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, यूपी में सुरक्षा और विकास के माहौल की सराहना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंगलवार को कहा कि पिछले एक महीने से समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने पावन अयोध्या धाम को बदनाम करने के लिए एक मुहिम चला रखी है।

उन्होने कहा कि जब अयोध्या धाम में घटना घटी तो ट्रस्ट ने बड़ी विनम्रता के साथ सरकार से पत्र लिखकर उच्च स्तरीय एसआईटी का गठन कर जांच की मांग की और कहा कि यदि हम सफाई देंगे तो हो सकता है कि लोगों को विश्वास न हो। ट्रस्ट ने कहा कि श्री राम मंदिर के बाहर का जो विकास कार्य हुआ है, उसे उत्तर प्रदेश सरकार ने कराया है मगर मंदिर के अंदर का काम जनता के पैसे से हुआ है। इसलिए सरकार इसके लिए उच्च स्तरीय एसआईटी गठित कर जांच कराये तो अच्छा होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक एसआईटी का गठन नहीं हुआ था, तब तक कांग्रेस, सपा और अन्य दल यह कह रहे थे



कि एसआईटी गठित होनी चाहिए और जब सरकार ने एसआईटी गठित कर दी तो उन्होंने दूसरी मांग शुरू कर दी। उसके बाद से कांग्रेस, सपा और विपक्षी दलों ने हम सबके पावन धाम अयोध्या को बदनाम करने के लिए पिछले एक महीने से मुहिम चला रखी है। एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट आई तो ट्रस्ट ने उस पर कार्रवाई कराई लेकिन अयोध्या को टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दलों के द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर को बदनाम और आस्था पर प्रहार किया जा रहा हैं। देश भर में एक नकारात्मक वातावरण बनाने का कुत्सित प्रयास हो रहा है। ● शेष पेज 11 पर

### हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले वक्फ की लूट पर कभी नहीं बोले : आदित्यनाथ

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में कथित दान चोरी प्रकरण को लेकर विपक्ष पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का मुंह वक्फ की जमीन में हुए हजारों करोड़ के घोटाले पर क्यों नहीं खुलता। ये लोग एक घटना को पकड़ कर हिन्दू आस्था को अपमानित करने का कार्य कर रहे हैं। जबकि उस पूरे प्रकरण के एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई हो रही है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां 384 करोड़ की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को युवाओं को रोजगार मिलना अच्छा नहीं लगता है। क्योंकि यह नौजवान जब कार्य करेंगे तो जातिवादी राजनीति समाप्त होगी। विपक्ष फिर से जाति के आधार पर समाज के ताने-बाने को बांटना चाहता है। छिन्न-भिन्न करना चाहता। हमें इससे ऊपर उठना होगा। उन्होंने कहा कि यह लोग किस-किस प्रकार के मुद्दे को लेकर आते हैं। कोई मुद्दा नया नहीं होता है। जाति के नाम पर विभाजन या फिर आस्था पर प्रहार इनका मुद्दा होता है। आपने देखा होगा कि पिछले कुछ दिनों से उनके द्वारा भारत की सनातन आस्था पर प्रहार करने की कितनी साजिश हो रही है। किस प्रकार की बयानबाजी की जा रही है। याद करिए जब कांग्रेस कहती थी कि राम हुए ही नहीं। कांग्रेस कहती थी कि कृष्णा हुए ही नहीं। अयोध्या में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी बाबरी ढांचे का समर्थन करके उसके लिए घड़ियाल आंसू बहा रही थीं। आज वही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने गिरगिट की तरह कैसे रंग बदली है, आप लोग सब देख रहे होंगे। योगी ने कहा कि अब वह (सपा और कांग्रेस) कह रहे हैं कि अयोध्या में आस्था के साथ खिलवाड़ हुआ है। आस्था के साथ कौन खिलवाड़ हो रहा है। बताओ पहले, तुम्हारी आस्था अयोध्या पर कब से हो गई। जनसमूह की ओर इशारा करते हुए बोले कि इनके पूर्वजों ने अयोध्या के लिए लड़ाई लड़ी है। ● शेष पेज 11 पर

# बाबरी के चंदे और मदरसों के कदाचार पर भी बोलें अखिलेश : पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावा विवाद के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी (सपा) समेत अन्य विपक्षी दल तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण केवल राम मंदिर को निशाना बना रहे हैं, जबकि बाबरी मस्जिद के चंदे और मदरसों में कथित अनियमितताओं पर कभी कोई सवाल नहीं उठाता।

मंगलवार को मीडिया से बातचीत में श्री पाठक ने कहा कि राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की विशेष जांच दल (एसआईटी) निष्पक्ष जांच कर रही है। सरकार की मंशा स्पष्ट है कि इस मामले में यदि कोई भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और दोषियों को उनके किए की सजा मिलेगी।



उपमुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भी इस मामले में आवश्यक कदम उठाए हैं और एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने इसे जिम्मेदार कार्रवाई बताते हुए कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने और पूरे मामले की पारदर्शी जांच कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्री पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सनातन संस्कृति और उसकी परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सनातन संस्कृति की पताका को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है और इस दिशा में हर आवश्यक कदम उठाया जा रहा है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल राम मंदिर के चढ़ावे को लेकर लगातार बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन बाबरी मस्जिद के चंदे या कई मदरसों में सामने आने वाले कथित कदाचार के मामलों पर कभी आवाज नहीं उठाते। उनका आरोप था कि विपक्ष केवल वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण की नीति के तहत ऐसे मुद्दों पर चुप्पी साध लेता है। श्री पाठक ने दोहराया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता कानून का राज कायम रखना है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष ढंग से आगे बढ़ रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाएगी।

### रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान का किया भ्रमण

# साइबर युग में बदल रहे हैं अपराध के तरीके : गोस्वामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान, लखनऊ में सोमवार को रक्षा लेखा विभाग के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (कैंट) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 40 अधिकारियों ने संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने अधिकारियों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल अपराधों और फॉरेंसिक विज्ञान से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि साइबर युग में अपराध के तरीके तेजी से बदल रहे हैं। पहले अपराध केवल भौतिक दुनिया तक सीमित थे, लेकिन अब डिजिटल माध्यमों से भी बड़े पैमाने पर अपराध किए जा रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को तकनीक की जानकारी रखने और सतर्क रहने की आवश्यकता है, अन्यथा वह साइबर ठगी का शिकार हो सकता है।



उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डेटा सबसे बड़ी शक्ति बन चुका है। जिसके पास जितना अधिक और सुरक्षित डेटा होगा, वह उतना ही मजबूत होगा। कई विकसित देश अपनी तकनीक और डेटा को सुरक्षित रखते हैं, जिससे उनकी वैश्विक स्थिति मजबूत बनी हुई है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण अवधि सीखने का सर्वोत्तम समय होती है। जितनी अधिक जिज्ञासा होगी, उतना ही अधिक ज्ञान प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि संस्थान वर्तमान में विभिन्न सरकारी एवं अन्य संस्थानों को साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में तकनीकी रूप से दक्ष बनाने का कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक हेमराज मीना ने अधिकारियों को संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया तथा वर्तमान समय में साइबर फॉरेंसिक की बढ़ती आवश्यकता और उसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उपनिदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया, जबकि डॉ. इंद्रजीत ने साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान दिया। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने संस्थान की डीएनए प्रयोगशाला तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया और वहां संचालित आधुनिक तकनीकों एवं अनुसंधान कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उपनिदेशक चिरंजीब मुखर्जी, अतुल यादव, डॉ. आनंद प्रकाश, अमित मिश्र, राहुल द्विवेदी, डॉ. पलक, शैलेन्द्र सिंह, कार्तिकेय सहित संस्थान के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## नहर रोड पर सीवर निर्माण के चलते सड़क बंद, व्यापारियों में आक्रोश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नहर रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा गहरी सीवर लाइन के निर्माण कार्य के लिए सड़क बंद कर खुदाई किए जाने से हजारों लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जन उद्घोष व्यापार मंडल उ0प्र0 पंजी प्रदेश महामंत्री ने बताया कि सड़क बंद होने से क्षेत्र के व्यापारियों का कारोबार पूरी तरह प्रभावित हो गया है। कई व्यापारियों ने विरोध स्वरूप अपनी दुकानें भी बंद कर दी हैं, जिससे उनमें भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रदेश महामंत्री ने बताया है कि अगर थोड़ी सी व्यवस्था साइड में कर दी जाए तो आने जाने में दिक्कत ना हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि एम्बुलेंस, स्कूल वाहन, कामकाजी लोगों, महिलाओं और वृद्धजनों को आने-जाने में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द निर्माण कार्य पूरा कर सड़क को आवागमन के लिए खोलने की मांग की है।



## बंधुआ तालाब की सरकारी जमीन विवाद में कवरेज कर रहे पत्रकार से मारपीट, प्रशासनिक टीम के सामने हुई घटना

**सरोजनीनगर,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बंधवा तालाब की सरकारी जमीन को लेकर चल रहे विवाद के बीच प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में एक पत्रकार से कथित मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। इस संबंध में सरोजनीनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तपोवन नगर, बंधवा तालाब निवासी पत्रकार सुमित सिंह की तहरीर के अनुसार वह 5 जुलाई को बंधवा तालाब की सरकारी जमीन से जुड़े विवाद की वीडियो कवरेज कर रहे थे। उसी दौरान मौके पर नगर निगम और तहसील प्रशासन की टीम मौजूद थी। आरोप है कि इसी बीच सुरेंद्र रावत, उसकी पत्नी और बेटी ने पत्रकारिता का विरोध करते हुए उनके साथ गाली-गलौज की, गिरेबान पकड़कर धक्का-मुक्की की तथा गला दबाने का प्रयास किया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। तहरीर में दावा किया गया है कि घटना का वीडियो साक्ष्य उपलब्ध है और मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों व अन्य प्रत्यक्षदर्शियों ने भी घटना देखी। पीड़ित ने आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। सरोजनीनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## लाठी-डंडों व सरिया से हमला, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम गौसनगर में डीजे बजाने को लेकर पुरानी रंजिश एक बार फिर हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि चार लोगों ने युवक पर लाठी-डंडों और सरिया से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गौसनगर निवासी अवधेश कुमार ने तहरीर देकर बताया कि बीते रविवार शाम करीब सात बजे होली पर्व के दौरान डीजे बजाने को लेकर हुए पुराने विवाद को लेकर गांव के सरवन कुमार, अनुल कुमार पुत्रगण राजाराम लोधी, राजाराम लोधी पुत्र स्व. राम औतार तथा करन पुत्र राम मिलन से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर चारों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अवधेश पर लाठी-डंडों और सरिया से हमला कर दिया। मारपीट में अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके सिर में गहरी चोट आई। शोर सुनकर उनका छोटा भाई, भाई की पत्नी और पड़ोसी मौके पर पहुंचे तथा बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## श्रावण मास में काशीवासियों के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में अलग दर्शन मार्ग होगा : योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को वाराणसी पहुंचे। उन्होंने स्थानीय सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति तथा कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रावण मास की तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में काशीवासियों के दर्शन के लिए अलग मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# लाभार्थियों को बांटे लेटर ऑफ कम्फर्ट, अनुदान चेक और प्रशस्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को राजकीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में महिला छात्रावास का विधिवत शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने संस्थान की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में स्थापित नवीन मशीनों का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट, आर्थिक अनुदान राशि के डेमो चेक एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से संवाद किया तथा उनके अनुभवों, प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनकर उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तर प्रदेश के समग्र विकास का आधार गांवों का विकास है। जब गांव समृद्ध होंगे, किसान सशक्त होंगे और स्थानीय स्तर पर उद्योग स्थापित होंगे, तभी प्रदेश विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

- ❒ सोलर प्लांट स्थापना पर मिल रहा है 90% तक भारी अनुदान; गांवों का विकास और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश ही हमारा मुख्य उद्देश्य
- ❒ हर ब्लॉक में प्रदर्शनी लगाकर युवाओं और महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं से जोड़ें अधिकारी: केशव प्रसाद




उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के प्रत्येक विकास खंड स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं की प्रदर्शनी आयोजित की जाए, ताकि युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं उद्यमियों को विभागीय योजनाओं, अनुदानों एवं रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि किसानों की उपज की खरीद सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को गुणवत्तापूर्ण कच्चा माल उपलब्ध हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर आकर्षक अनुदान उपलब्ध करा रही है। इसके अतिरिक्त यदि कोई इकाई अपने परिसर में सोलर प्लांट स्थापित करती है तो उस पर 90 प्रतिशत तक अनुदान का भी प्रावधान किया गया है, जिससे उत्पादन लागत कम होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को रोजगार, निवेश, किसानों की आय वृद्धि तथा महिला सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव बी.एल. मीणा, विशेष सचिव राजकमल यादव, निदेशक उद्यान बी.पी. राम, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के रजनीकान्त पाण्डेय, उप सचिव प्रभंजन यादव, संयुक्त निदेशक एम.पी. सिंह, निदेशक आर-फ्रैक डॉ. हरीश कुमार, माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. रामराखा, फल उद्योग विकास अधिकारी सुजीत कुमार राजभर, फल संरक्षण अधिकारी मनोज सागर, संस्थान की छात्राएं, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के उद्यमी, लाभार्थी एवं विभागीय अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एलडीए के विकास कार्यों की होगी जीआईएस टैगिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण विकास कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने और टेंडरों में दोहराव रोकने के लिए जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) आधारित टैगिंग व्यवस्था लागू कर रहा है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद विभिन्न विभागों द्वारा एक ही परियोजना के लिए अलग-अलग टेंडर जारी होने जैसी गड़बड़ियों पर प्रभावी रोक लगेगी और विकास कार्यों का पूरा विवरण एक क्लिक में उपलब्ध होगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सेल (पीएमसी) द्वारा जीआईएस पोर्टल पर विशेष मॉड्यूल तैयार किया जा रहा है, जिसका करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस मॉड्यूल के माध्यम से अवस्थापना निधि सहित विभिन्न मदों से कराए जा रहे विकास कार्यों का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा। पोर्टल पर प्रत्येक विकास कार्य की जीआईएस टैगिंग की जाएगी, जिसमें कार्य शुरू होने और पूरा होने की अवधि, कार्यदायी संस्था तथा परियोजना की लागत जैसी जानकारियां दर्ज रहेंगी। साथ ही शहर के सभी जोनों में चल रहे विकास कार्यों का ऑनलाइन लेखा-जोखा भी देखा जा सकेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पूर्व में नगर निगम और एलडीए की ओर से एक ही कार्य के लिए अलग-अलग टेंडर जारी होने के मामले सामने आ चुके हैं। नई प्रणाली लागू होने के बाद किसी भी परियोजना की जानकारी पहले से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगी, जिससे टेंडरों में डुप्लीकेसी की संभावना समाप्त होगी और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवस्थापना निधि से कराए गए सभी विकास कार्यों की जीआईएस टैगिंग पूरी कर ली गई है। अब अन्य विकास कार्यों का डाटा भी मॉड्यूल पर अपडेट किया जा रहा है। जीआईएस पोर्टल पर विकास कार्यों की पहचान अलग-अलग कलर कोड के माध्यम से की जाएगी। संबंधित वर्ष के कलर कोड पर क्लिक करते ही उस वर्ष के सभी विकास कार्यों का पूरा विवरण सामने आ जाएगा। इससे परियोजनाओं की निगरानी और प्रगति की समीक्षा भी अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी।

# मानसून तैयारियों का जायजा लेने बनारस स्टेशन और कोचिंग डिपो पहुंचे डीआरएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। बरसात के मौसम में यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वाराणसी आशीष जैन ने मंगलवार को बनारस स्टेशन और बनारस कोचिंग डिपो का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने बनारस स्टेशन परिसर, सभी प्लेटफार्मों पर लगाए गए पीपी शेल्टरों की जल निकासी व्यवस्था, प्लेटफार्मों एवं रेलवे ट्रैक के ड्रेनेज सिस्टम, नालियों और ड्रेनेज पाइपों की साफ-सफाई के साथ-साथ यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान जलभराव, रिसाव और अन्य संभावित समस्याओं की नियमित निगरानी कर उनका त्वरित एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।



इस अवसर पर आशीष जैन ने कहा कि यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और संरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मानसून के दौरान सभी आवश्यक एहतियाती एवं संरक्षात्मक उपाय पूरी सतर्कता के साथ लागू किए जा रहे हैं, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, निर्बाध और आरामदायक रेल यात्रा का अनुभव मिल सके। इसके बाद डीआरएम ने बनारस कोचिंग डिपो का भी निरीक्षण किया, जहां अनुरक्षित होने वाले कोचों की मानसून तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान कोचों की छतों की जल निकासी व्यवस्था, वातानुकूलित कोचों के दरवाजों और खिड़कियों में संभावित लीकेज, शौचालय एवं वॉश बेसिन की ड्रेनेज व्यवस्था, विद्युत उपकरणों और सर्किट के इन्सुलेशन, अग्नि सुरक्षा प्रणाली तथा वर्षा जल के संभावित रिसाव वाले स्थानों का बारीकी से परीक्षण किया गया। डीआरएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कोच का विशेष मानसून निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा निरीक्षण में पाई जाने वाली सभी कमियों का तत्काल प्रभाव से निराकरण किया जाए, ताकि वर्षा ऋतु में भी यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (सी एंड डब्ल्यू) अभिषेक राय, सहायक मंडल इंजीनियर (नगर) ए.के. पाण्डेय, सहायक यांत्रिक इंजीनियर (सी एंड डब्ल्यू) ओजस श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# बारिश से पहले सभी पंपिंग स्टेशन, सीवर एवं नाला सफाई की तैयारियां पूरी करें : शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने संगम सभागार (लखनऊ)में मंगलवार को वर्षाकाल के दृष्टिगत नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में जलभराव, सीवर ओवरफ्लो, नालों की सफाई, कचरा उठान एवं स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी नगर निकाय में जलभराव, सीवर बैक फ्लो, गंदगी अथवा कचरे के ढेर जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। आमजन को किसी प्रकार की असुविधा या संक्रमण का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी निकाय युद्धस्तर पर कार्य करें। बारिश के मौसम में संक्रामक रोगों की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए सभी नगर निकाय प्राथमिकता के आधार पर ब्लीचिंग पाउडर, एंटी-लार्वा दवाओं एवं अन्य आवश्यक रसायनों का नियमित छिड़काव सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण या महामारी की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां-जहां पंपिंग स्टेशन एवं पंपिंग सेट स्थापित हैं, उनका तत्काल रखरखाव (मेंटेनेंस) पूर्ण किया जाए तथा उन्हें ड्रिल के माध्यम से पहले ही चलाकर जांच लिया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तत्काल कार्य करना शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान मशीनों के खराब होने या मेंटेनेंस के बहाने स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी मशीनें हर समय पूर्ण रूप से क्रियाशील स्थिति में रहनी चाहिए। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर, गाजियाबाद, आगरा सहित कई नगर निगमों तथा मुजफ्फरनगर, मऊ, पीलीभीत सहित विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर निकायों के अधिकारियों से विस्तृत संवाद कर वर्षा पूर्व तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नगर आयुक्तों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था की स्वयं नियमित मॉनिटरिंग करें तथा प्रत्येक शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव गुरुप्रसाद, निदेशक अनुज कुमार झा, विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल, मिशन निदेशक ऋतु सुहास सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश के सभी नगर आयुक्त एवं संबंधित अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में जुड़े।



# सम्मान समारोह में संगठन ने भरी नई ऊर्जा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के उत्तर मण्डल चार द्वारा मंगलवार को आईआईएम रोड स्थित प्रधान लान में मण्डल पदाधिकारियों एवं शक्ति केन्द्र संयोजकों के सम्मान में स्नेह मिलन और रात्रि भोज का आयोजन किया गया।

मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य ने कहा कि उत्तर मण्डल चार की संगठनात्मक उपलब्धियां सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम हैं। उन्होंने आगामी अभियानों में भी इसी उत्साह और एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा बूथ सशक्तीकरण, जनसंपर्क और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित पदाधिकारियों एवं शक्ति केन्द्र संयोजकों ने संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री विनोद अवस्थी एवं दिनेश पाल, उपाध्यक्ष रीता सिंह, सुधीर सिंह, गुडिया निगम, अंकित सिंह, मंत्री आदित्य गौड़, विवेक वर्मा, राहुल मिश्रा, श्रिया निगम, राम दुलारी गुप्ता, गिरीश शर्मा, अशोक द्विवेदी, नन्द किशोर, खीमा नन्द पाटनी, राम कुमार पाल, नैमिष पाण्डेय तथा मुन्ना सिंह चौहान सहित मण्डल के पदाधिकारी व शक्ति केन्द्र संयोजक उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के नाका हिण्डोला थाना पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपित को मंगलवार गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग में एलएचबी कोचों हेतु इंडस्ट्री 4.0 - सक्षम वायरलेस एरर–प्रूफ टॉर्किंग सिस्टम का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग, पूर्ण डेटा अधिग्रहण एवं ट्रेसएबिलिटी समाधान सहित, तथा 03 वर्ष की पोस्ट वारंटी व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (CAMC) सहित। | | |
| कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | अनुमानित लागत | ₹2,82,69,260.00 मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। | बिड सिक्युरिटी | ₹5,65,400/- मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 66 माह। | | |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक 28.07.2026 समय 15:00 बजे तक। | | |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/ JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। / वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। | | |

निविदा सूचना सं. 2026-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-30 दिनाँक: 06.07.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2327/2026

# डिग्री के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ती है : राज्यपाल

## एकेटीयू के 24वें दीक्षांत समारोह में 83 मेधावियों को 84 पदक, 62,537 छात्रों को मिली डिग्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षांत समारोह में मंगलवार को मेधावियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में 83 विद्यार्थियों को कुल 84 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए, जबकि 62,537 विद्यार्थियों को डिग्री और 53 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च चांसलर मेडल अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद की बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की छात्रा अंशिका राणा को प्रदान किया गया। वहीं कमल रानी वरुण स्मृति स्वर्ण पदक केआईईटी ग्रुप



ऑफ इंस्टीट्यूशंस की छात्रा इशिका को मिला। कुल 84 पदकों में 35 स्वर्ण, 23 रजत और 24 कांस्य पदक शामिल रहे। पदक विजेताओं में 52 छात्राएं और 31 छात्र रहे। रोगन कला के कलाकार कंसारा आशीष शांतिलाल को डी.लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देते हुए पांच श्रेणियों में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड प्रदान किए। महिला नेतृत्व, डीप टेक, टेक इनोवेशन, एग्रीटेक और ग्रीन स्टार्टअप श्रेणियों में चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों के विद्यालयों में आयोजित चित्रकला, भाषण और कहानी प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित किया। बाल गृह सिंधीखेड़ा की बालिकाओं ने लोकनृत्य प्रस्तुत किया, जबकि बच्चों ने पर्यावरण और जल संरक्षण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पांच आंगनबाड़ी केंद्रों को किट वितरित की गई तथा बाल गृह में आरओ प्लांट, एसी यूनिट और गोद लिए गए गांवों में स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन भी किया गया।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा में बेटियों की बढ़ती भागीदारी नए भारत की सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत कर रही है। प्रतिस्पर्धा का उद्देश्य दूसरों से आगे निकलना नहीं, बल्कि स्वयं को बेहतर बनाना होना चाहिए। मुख्य अतिथि एवं इंडियन ऑयल के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने कहा कि आज का दौर केवल डिग्रीधारकों का नहीं, बल्कि समस्याओं का समाधान करने वालों का है। उन्होंने विद्यार्थियों से नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार सृजित करने वाला बनने का आह्वान किया। उन्होंने 'थिंक, अप्लाई एंड सॉल्व' का मंत्र देते हुए कहा कि तकनीक का उपयोग समाज की समस्याओं के समाधान के लिए होना चाहिए।

प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे आकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

समारोह में कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा डॉ. एमकेएस सुंदरम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. राजीव कुमार, कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी केशव सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप, सीडीओ से जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❐ भाकियू नेता बोले- पीली ईंट व निम्न गुणवत्ता की सामग्री से बन रहा भवन, बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा है मामला

बख्शी का तालाब,लखनऊ। नगर पंचायत बख्शी का तालाब के कमलाबाद बढ़ौली स्थित प्राथमिक विद्यालय अहलादपुर के सामने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र की गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पवार ने मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रफुल्ल कुमार शर्मा को शिकायती पत्र सौंपकर निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि लाखों रुपये की लागत से बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। भवन निर्माण में पीली ईंट, कम गुणवत्ता की सरिया तथा अन्य निर्माण सामग्री का उपयोग किए जाने का आरोप है। शिकायतकर्ता का कहना है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रभावी निगरानी नहीं होने से सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका भी पैदा हो रही है।भाकियू नेता ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र छोटे बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए संचालित होने वाला महत्वपूर्ण सरकारी केंद्र है। ऐसे भवन के निर्माण में गुणवत्ता से समझौता भविष्य में गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की प्रयोगशाला से जांच कराने, कार्य का स्वतंत्र तकनीकी परीक्षण कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।शिकायत में यह भी कहा गया है कि जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि सरकारी मानकों के अनुरूप सुरक्षित और टिकाऊ भवन का निर्माण सुनिश्चित हो सके।

### आईआरसीटीसी कराएगा मैजेस्टिक साउथर्न - मैसूर से कोयंबटूर का टूर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आईआरसीटीसी मैजेस्टिक साउथर्न - मैसूर से कोयंबटूर घुमने का सुनहरा मौका लेकर आया है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड आई.आर.सी.टी.सी भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। आईआरसीटीसी को स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य स्थानों पर खानपान और आतिथ्य सेवाओं को उन्नत करने एवं पेशेवर बनाने और प्रबंधित करने और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे की एक विस्तारित शाखा के रूप में स्थापित किया गया है।यात्रियों की अधिक मांग को देखते हुए, आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा लखनऊ से ़मैजेस्टिक साउथर्न - मैसूर से कोयंबटूऱ का हवाई टूर पैकेज का संचालन किया जा रहा हैं । यह पैकेज 07 रात एवं 08 दिन का है। जिसमें - मैसूर, कूर्ग, ऊटी और कोयंबटूर का भ्रमण कराया जाएगा । यह पैकेज दिनांक 19.08.2026 से 26.08.2026 तक चलाया जा रहा है।

### देवर पर महिला और नाबालिग बेटी से मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट के बीबीडी थाना क्षेत्र के सलारगंज जुग्गौर में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक महिला ने अपने देवर और उसकी पत्नी पर खुद तथा अपनी 17 वर्षीय बेटी के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता शकुंतला के अनुसार, 6 जुलाई 2026 की सुबह करीब 7:45 बजे वह अपनी बेटी मेहक के साथ पानी भरने जा रही थीं। इसी दौरान उनके देवर रामबाबू और उसकी पत्नी ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने मां-बेटी के साथ मारपीट की। आरोप है कि बेटी के पेट में लात मारी गई और धक्का देकर घायल कर दिया गया। साथ ही दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। महिला का कहना है कि घटना के समय उनके पति घर पर मौजूद नहीं थे, जिसका फायदा उठाकर आरोपियों ने मां-बेटी के साथ अभद्र व्यवहार किया और गंभीर चोटें पहुंचाईं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बीबीडी कैंपस के छात्र का दिनदहाड़े अपहरण, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही देर में कराया मुक्त

**चिनहट लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े होटल मैनेजमेंट के एक छात्र के कथित अपहरण से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बीबीडी पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए छात्र को कुछ ही देर में सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस्ती निवासी छात्र बीबीडी हॉस्टल में रहकर होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा है। बताया जा रहा है कि रुपयों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ साथी छात्रों ने उसे कार और बाइक से जबरन अपने साथ ले गए। घटना की सूचना डायल-112 पर मिलते ही बीबीडी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और आनंदी वाटर पार्क के पास से छात्र को सकुशल मुक्त करा लिया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। प्राथमिक जांच में मामला रुपयों के लेनदेन से जुड़े विवाद का सामने आया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

### लखनऊ में सजेगा नेक्स्ट जेन आइकॉनिक मिस, मिस्टर एवं मिसेज इंडिया-2026 का ग्रैंड फिनाले

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सम रेनेसांस की ओर से आयोजित 'नेक्स्ट जेन आइकॉनिक मिस, मिस्टर एवं मिसेज इंडिया-2026' के ग्रैंड फिनाले की घोषणा मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में की गई। इस दौरान प्रतियोगिता के ऑफिशियल क्राउन का भव्य अनावरण भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि ग्रैंड फिनाले 22 जुलाई को लखनऊ के फाइव स्टार होटल क्राउन प्लाज़ा में आयोजित होगा, जिसमें प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश वयंगंकर मुख्य अतिथि के रूप में विजेताओं को क्राउन पहनाकर सम्मानित करेंगी, जबकि सिद्धार्थ धांधा सेलिब्रिटी ज्यूरी की भूमिका निभाएंगे। संस्थापक एवं आयोजक सौम्या साहू ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश, पुणे, लखनऊ और जयपुर सहित विभिन्न शहरों में ऑफलाइन ऑडिशन आयोजित किए गए, जबकि ऑनलाइन ऑडिशन के माध्यम से भी देशभर के प्रतिभागियों को मौका दिया गया। अंतिम चरण के लिए मिस, मिस्टर एवं मिसेज तीनों श्रेणियों में 10-10 प्रतिभागियों सहित कुल 30 फाइनलिस्ट चुने गए हैं। कार्यक्रम में रैंप वॉक, टैलेंट शोकेस, डिज़ाइनर कलेक्शन सहित कई आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी।

# मंडी में जियो टैगिंग का व्यापारियों ने किया विरोध, व्यवस्था वापस लेने की मांग




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कृषि उत्पादन मंडी समिति में व्यापारियों पर लागू की गई जियो टैगिंग व्यवस्था के विरोध में मंगलवार को लखनऊ व्यापार मंडल कार्यालय, गौतम बुद्ध मार्ग पर गल्ला एवं खाद्य व्यापारियों की आपात बैठक आयोजित हुई।

बैठक में व्यापारियों ने नई व्यवस्था को व्यावहारिक रूप से कठिन बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। बैठक को संबोधित करते हुए लखनऊ गल्ला खाद्य पदार्थ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि जियो टैगिंग व्यवस्था लागू होने से व्यापारियों को रोजमर्रा के कार्यों में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सरकार और मंडी प्रशासन से इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से उठाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जल्द ही मंडी निदेशक से मुलाकात कर व्यापारियों की सभी आपत्तियों और सुझावों से अवगत कराया जाएगा तथा जियो टैगिंग व्यवस्था वापस लेने की मांग प्रमुखता से रखी जाएगी। बैठक में मनीष कुमार गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, मोनू, रामशंकर अवस्थी, दीपक कुमार अग्रवाल, जयकुमार अग्रवाल, प्रशांत गर्ग, कृष्ण जीवन रस्तोगी, सचिन अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, अखिल केसरवानी, रजत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गल्ला एवं खाद्य व्यापारी मौजूद रहे।

# महापौर ने महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा स्थापना की स्वीकृति दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम की कार्यकारिणी ने महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा स्थापना को स्वीकृति दिए जाने पर मंगलवार को सिक्ख समाज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया है।

सिक्खी मेरी पहचान फाउंडेशन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले सदर गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर गुरु साहिब का शुक्राना अदा किया। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल से शिष्टाचार भेंट कर इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उनका धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह, जिन्हें शेर-ए-पंजाब के नाम से जाना जाता है। भारतीय इतिहास के महान शासकों में से एक थे। उन्होंने न्याय, धार्मिक सौहार्द, सुशासन तथा सभी धर्मों के सम्मान पर आधारित शासन



स्थापित किया। उनकी प्रतिमा लखनऊ में स्थापित होना न केवल सिक्ख समाज, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर सिक्खी मेरी पहचान फाउंडेशन के अध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह (डी.पी.) के साथ सरदार रणवीर सिंह कलसी, सरदार कुलवंत सिंह, सरदार मनमोहन सिंह, सरदार कुलवीर सिंह सोढ़ी, सरदार निरवैर सिंह, सरदार सुरिंदर पाल सिंह घई, सरदार हरजीत सिंह सोखी, सरदार सुरजीत सिंह राजा, सरदार भूपिंदर सिंह (मोनू) एवं सरदार मलकीत सिंह उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ नगर निगम एवं महापौर सुषमा खरकवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय महाराजा रणजीत सिंह के आदर्शों, राष्ट्रप्रेम, वीरता एवं सामाजिक समरसता को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सपा पहले अपना जनाधार बचाए, भाजपा फिर रचेगी नया चुनावी इतिहास : डॉ. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं उसके नेताओं द्वारा भाजपा को दी जा रही चुनावी चुनौती को उनकी राजनीतिक हताशा का परिचायक बताया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में सपा का चैलेंज यह दर्शाता है कि वे भाजपा की संगठनात्मक ताकत और जनता के विश्वास को समझ नहीं पा रहे हैं। 225 तो क्या, भाजपा के दो विधायक भी अपनी सीट बदलना नहीं चाहते, क्योंकि प्रत्येक विधायक अपने विकास कार्यों, मजबूत संगठन और जनता के समर्थन के दम पर अपनी विधानसभा में पूरी मजबूती से खड़ा है।

डॉ. सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी आज ज़मीनी राजनीति से दूर होकर केवल ट्विटर और सोशल मीडिया की पार्टी बनती जा रही है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र



मोदी जी, आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी, आदरणीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा ने हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार, असम और पश्चिम बंगाल सहित अनेक राज्यों में सिद्ध किया है कि स्पष्ट नेतृत्व, मजबूत संगठन और जनविश्वास के साथ बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यदि समाजवादी पार्टी में वास्तव में आत्मविश्वास है तो अपने शीर्ष नेतृत्व से कहें कि वे राजधानी लखनऊ की प्रतिष्ठित विधानसभा सीटों से चुनाव लड़कर जनता के बीच अपना जनाधार साबित करें। भाजपा उत्तर प्रदेश में अपने पिछले सभी चुनावों से बेहतर प्रदर्शन करेगी, क्योंकि हमारे पास केवल नारे नहीं, बल्कि विकास का सिद्ध रिकॉर्ड, सशक्त संगठन और जनता का अटूट आशीर्वाद है। लोकतंत्र में अंतिम फैसला जनता करती है, मीडिया में बयान देने वाले नेता नहीं।

# अखिलेश ने मोहम्मद यूनुस सिद्दीकी को दिलाई सपा की सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के प्रमुख उद्यमी एवं समाजसेवी मोहम्मद यूनुस सिद्दीकी ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी का गमछा पहनाकर औपचारिक रूप से सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तथा मुंबई के अध्यक्ष अबू आजमी भी मौजूद रहे। पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुड़ने से संगठन को उद्योग जगत और समाज के विभिन्न वर्गों में नई मजबूती मिलेगी।

मोहम्मद यूनुस सिद्दीकी लंबे समय से उद्योग, व्यापार और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वह वर्तमान में तालकटोरा इंडस्ट्रियल एस्टेट इंडस्ट्रीज ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं तथा इंडस्ट्रीज वेलफ़ेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। कांग्रेस पार्टी में उन्होंने



अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष, प्रवक्ता एवं लखनऊ मंडल प्रभारी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। इसके अलावा वह अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन, एल्डिको ग्रीन्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन तथा कबीर विचार संस्थान से जुड़े हैं। वह लखनऊ स्टील फर्नीचर क्लस्टर डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष का दायित्व भी निभा चुके हैं। समाजवादी पार्टी में उनके शामिल होने को औद्योगिक, व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में पार्टी के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बकरी से टक्कर के विवाद में युवक की मौत, शव रखकर पांच घंटे सड़क जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ एफआईआर दर्ज होने के बाद माने परिजन, गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

सरोजिनी नगर (लखनऊ)। बकरी से टक्कर लगने के बाद हुए विवाद में घायल युवक की इलाज के दौरान 10 दिन बाद मौत हो गई। मंगलवार को परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। करीब पांच घंटे तक सड़क जाम रहने के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया, तब जाकर परिजन शांत हुए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



मृतक फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार, बंथरा थाना क्षेत्र के मवई पड़ियाना निवासी करीब 30 वर्षीय जितेंद्र कुमार 27 जून को बाइक से मवई चौराहा जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक से एक बकरी टकरा गई। आरोप है कि इसी बात को लेकर गांव के महिपाल पुत्र स्वर्गीय कामता प्रसाद और उसके भतीजे अनीस ने लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

परिजनों के मुताबिक घटना के बाद थाने में शिकायत की गई थी, लेकिन आरोपी पक्ष ने इलाज का खर्च उठाने का आश्वासन देकर समझौता करा लिया। आरोप है कि कुछ दिनों तक इलाज का खर्च देने के बाद आरोपियों ने पैसे देना बंद कर दिया, जिसके चलते अस्पताल से जितेंद्र को डिस्चार्ज कर दिया गया। घर लौटने के बाद सोमवार को उनकी मौत हो गई। मंगलवार सुबह परिजन तहरीर लेकर बंथरा थाने पहुंचे, लेकिन रिपोर्ट दर्ज न होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने फतेहगंज-नारायणपुर रोड स्थित मवई पड़ियाना चौराहे पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। सूचना पर बंथरा थाना प्रभारी राणा राजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में कृष्णानगर एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय भी पहुंचे और परिजनों से वार्ता की। काफी देर तक चली बातचीत के बाद दोपहर करीब एक बजे पुलिस ने महिपाल और अनीस के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद परिजन धरने से उठे और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रदर्शन के चलते करीब पांच घंटे तक फतेहगंज-नारायणपुर मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## मां चंद्रिका देवी मंदिर में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की पहल, श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

# व्यापारियों ने श्रमदान कर संवारा सुधनवा कुंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। प्रसिद्ध मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर स्थित पौराणिक सुधनवा कुंड की स्वच्छता को लेकर मंगलवार को संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने सराहनीय पहल की।चंद्रिका देवी मंदिर इकाई के अध्यक्ष अंशुमान बाजपेई के नेतृत्व में व्यापारियों ने श्रमदान करते हुए कुंड की सफाई की और लगभग पांच ट्रॉली विसर्जन सामग्री व अन्य कचरा बाहर निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया।सुबह निर्धारित समय पर मंदिर परिसर के दुकानदार झाड़ू, फावड़ा, साबड़ और कूड़ा उठाने के उपकरण लेकर सुधनवा कुंड पहुंचे। मां चंद्रिका देवी के जयकारों के बीच सफाई अभियान शुरू हुआ। कई घंटे तक चले अभियान में कुंड के चारों ओर जमा मौर, झालर, पूजन सामग्री और अन्य अपशिष्ट को बाहर निकाला गया।अध्यक्ष अंशुमान बाजपेई ने कहा कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना केवल प्रशासन



ही नहीं, बल्कि समाज की भी जिम्मेदारी है। व्यापारियों ने स्वेच्छा से श्रमदान कर यह संदेश दिया कि श्रद्धा के साथ स्वच्छता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।अभियान में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने व्यापारियों की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

### व्यापारी हितों को लेकर संगठन ने बढ़ाया कुनबा

संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल, बीकेटी इकाई के संगठन विस्तार के तहत मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और व्यापारियों की समस्याओं के प्रभावी समाधान के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।संगठन के अध्यक्ष वेद रत्न सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में देवेंद्र सिंह चौहान को संरक्षक, राजेश सिंह को सह संरक्षक, मनोज रावत को महासचिव, अभिषेक गुप्ता, अरविंद गुप्ता एवं सुखदेव लोधी को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सूरज सिंह, कुंदन राजपूत और जयप्रकाश को संयुक्त मंत्री तथा अंगद कनौजिया एवं संजय अवस्थी को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।नवनियुक्त पदाधिकारियों का वरिष्ठ व्यापारियों ने स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष वेद रत्न सिंह चौहान ने कहा कि संगठन का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के साथ उनके अधिकारों की रक्षा करना है। नई टीम संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेगी।

# प्रदर्शन के दस दिन बाद भी बिजली आपूर्ति में नहीं हुआ सुधार, दोबारा पावर हाउस घेरा

❒ अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी आपूर्ति सुधार न होने पर उपकेंद्र पर हल्लाबोल पर पूर्व मंत्री रामहेत भारती भी हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरगांव सीतापुर। धरना प्रदर्शन के 10 दिन बीतने के बाद भी किसानों को रोस्टर के अनुसार बिजली न मिलने पर दोबारा पावर हाउस का घेराव कर धरने पर बैठ गए।बिजली कटौती से परेशान किसान सेवा(अ)यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सतनाम सिंह के नेतृत्व में निजी नलकूप उपभोक्ता किसानों ने विद्युत कटौती को लेकर 27 जून को धरना प्रदर्शन कर झरेखापुर विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर धरने पर बैठ गए थे।

करीब छह घण्टे धरना चलने के बाद मौके पर विभागीय उच्च अधिकारी पहुंचे थे, जिसके बादधरना प्रदर्शन समाप्त किया गया था।किसानों ने कहा धान रोपाई चल रही है और बिजली कटौती होने के कारण धान रोपाई नहीं हो पा रही है। किसानों ने कहा उपकेंद्र से संचालित ढोलई व रखौना फीडर एक ट्रांसफार्मर के सहारे चलाया जाता है। ट्रांसफार्मर की कम क्षमता होने के कारण ओवरलोड हो जाता है और बारी-बारी से एक-एक घंटा अंतराल देकर दोनों फीडरों पर विद्युत आपूर्ति की जाती है जिस कारण किसानों की धान रोपाई मे बाधा उत्पन्न हो रही है।धरने की सूचना पाकर अधीक्षण अभियंता ललित कृष्ण ने मौके पर पहुंचकर तीन दिन के भीतर रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति किये जाने का आश्वाशन दिया था। आश्वाशन पर किसानो ने धरना प्रदर्शन बंद किया था।आश्वाशवन के दस दिन बीत जाने के बाद भी रोस्टर के विद्युत आपूर्ति न मिलने पर बड़ी तादात मे किसनों ने मंगलवार को दोबारा पावर हाउस का घेराव कर धरने पर बैठ गए।धरने की सूचना मौके पहुंचे उपखण्ड अधिकारी अचल मिश्रा ने किसानो से बातचीत कर दो दिन मे विद्युत आपूर्ति मे सुधार किये जाने के आश्वाशन पर किसानों ने धरना समाप्त किया।किसानों ने कहा दो दिन रोस्टर के अनुसार आपूर्ति नहीं मिली तो विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।प्रदर्शन में समरजीत सिंह बिक्रम सिंह मंगल सिंह बलविन्दर सिंह प्रधान प्रतिनिधि छोटू ओमकार सिंह शिवकुमार सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।उपखण्ड अधिकारी अचल मिश्रा ने बताया उपकेंद्र से निजी नलकूप किसानों के लिए नया फीडर बनाया जा रहा है दो से तीन दिन में कार्य पूरा हो जायेगा जिससे किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी।

# राम मंदिर ट्रस्ट भंग कर धर्माचार्यों को सौंपा जाए प्रबंधन : जगद्गुरु अविमुक्तेश्वरानंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की 81 दिवसीय गौरक्षार्थ धर्मयुद्ध यात्रा मंगलवार को बिसवां पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र एवं ताल मखाने के फूलों से तैयार विशेष मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। पत्थर शिवाला धाम के सामने एवं बाबा मनसाराम चुंगी के निकट आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य केवल गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्ज़ा दिलाना है और यह अभियान मांग पूरी होने तक निरंतर चलता रहेगा।

उन्होंने कहा कि उनका किसी राजनीतिक दल से कोई सरोकार नहीं है। जो भी राजनीतिक दल गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा, उसे उनका समर्थन मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अनेक संतों की मांग के बावजूद केंद्र सरकार ने अब तक गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित नहीं किया है।

अयोध्या के राम मंदिर में हुई चोरी की घटना का उल्लेख करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि वर्तमान राम मंदिर ट्रस्ट को भंग कर मंदिर का प्रबंधन धर्माचार्यों को सौंप दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का कार्य शासन चलाना है, मंदिर चलाना नहीं। उनके अनुसार मंदिरों का संचालन धर्माचार्यों के हाथ में होना चाहिए। सभा के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्ज़ा दिलाने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कमलेश यादव पूर्व मंत्री इंजिनियर मूल चन्द यादव निर्मल यादव प्रमोद वर्मा द्रविजय सिंह देव शांति यादव श्री राम दिनेश आशीष यादव राहुल यादव श्रद्धालु उपस्थित रही।

# पुलिस ने किया मनोज शुक्ला हत्या कांड का खुलासा

❒ मनोज शुक्ला हत्याकांड का महज 72 घण्टों में खुलासा, मुख्य साजिशकर्ता महिला (नर्स) सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में हत्या, लूट, चोरी व नकबजनी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण एव संलिप्त आपराधियों की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, एसओजी पुलिस टीम व थाना महमूदाबाद पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 249/2026 धारा 103(1)/61(2) बीएनएस (पूर्व में धारा 103(1) बीएनएस) का सफल अनावरण करते हुए घटना की मुख्य साजिशकर्ता महिला और हत्या करने वाले 02 भाड़े के हत्यारे (अभियुक्तों) को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 02 अदद आला कत्ल (लकड़ी के डंडे), हत्या के पैसों से खरीदा गया मोबाइल, मृतक की फोटो, नगदी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी व मुखबिर तंत्र की मदद से मुख्य अभियुक्त जय देवी उर्फ जया को ग्राम सांड़भारी नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद, शाम को रोड बाईपास तिराहे के पास से घेराबंदी कर भाग रहे शेष दोनों अभियुक्तों (राजू और विनोद) को भी दबोच लिया गया।

## हत्या का कारण

पूछताछ में अभियुक्त राजू ने स्वीकार किया कि अभियुक्ता जय देवी फतेहपुर के न्यू हिन्द हॉस्पिटल में नर्स का काम करती है। मृतक मनोज शुक्ला लगातार अस्पताल और जय देवी के खिलाफ झूठी शिकायतें (IGRS आदि) डालकर उसे परेशान कर रहा था और नौकरी से निकलवाने की धमकी दे रहा था। इस प्रताड़ना से तंग आकर जय देवी ने मनोज शुक्ला को रास्ते से हटाने के लिए राजू को उसकी फोटो दी और 50 हजार रुपये की सुपारी तय की। योजना के तहत दिनांक 03.07.2026 की रात्री, राजू और विनोद ने बरदही बाजार के पास घात लगाकर मनोज शुक्ला को रोका और डंडों से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद अभियुक्तों ने व्हाट्सएप पर वॉइस मैसेज भेजकर अभियुक्ता को काम होने की बात बताई, जिसके बाद उन्होंने जय देवी के गांव जाकर उससे 30 हजार रुपये प्राप्त किए तथा शेष 20 हजार रुपये जय देवी ने बाद में देने को कहा था। इस राशि में से राजू ने 12,500 रुपये का एक नया पोको मोबाइल खरीदा और शेष नगदी व आला कत्ल पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर पैंतेपुर नहर पटरी की झाड़ियों से बरामद कर लिया है।

## जान लेवा हमले का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस टीम ने जान लेवा हमले के वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 26 जून को थाना रोजा क्षेत्र के गांव चौरा निवासी ओमपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही अभिषेक पुत्र महेश, महेश पुत्र सन्तराम के खिलाफ हत्या का प्रयास आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। ओमपाल का आरोप था कि उक्त लोगों ने उसके भाई नन्हेलाल, उसकी भाभी और भतीजी के साथ ही उस पर धारदार हथियारों के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट की। मारपीट के दौरान उसका भाई नन्हेलाल और भाभी गम्भीर रुप से घायल होकर बेहोश हो गए। इसी मामले में थाना रोजा पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त महेश को जमुका दोराहे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त महेश को विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्रा के साथ उपनिरीक्षक विजय कुमार, कांस्टेबल प्रवेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# पिसावां में नए थाना प्रभारी प्रभात कुमार गुप्ता ने संभाली कमान, अपराधियों को दी सख्त चेतावनी

❒ पिसावां में सर्राफा व्यापारियों से संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। पिसावां थाने में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार गुप्ता ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और अपराधियों के लिए किसी भी प्रकार की रियायत नहीं होगी।

मीडिया से बातचीत के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि आमजन की सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखना और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कानून सभी के लिए समान है तथा किसी भी दबाव या प्रभाव में आए बिना दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रभात कुमार गुप्ता इससे पूर्व मछरेहटा थाने में प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने लखीमपुर खीरी जनपद के गौरीफंटा थाना सहित कई महत्वपूर्ण थानों और चौकियों पर अपनी सेवाएं दी हैं। उनकी पहचान एक अनुशासित, सक्रिय और परिणामोन्मुख पुलिस अधिकारी के रूप में रही है।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद सर्राफा व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में कस्बे में हुई आभूषण चोरी की घटना के संबंध में उनसे मुलाकात कर शीघ्र खुलासे की मांग की। थाना प्रभारी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस घटना की गंभीरता से जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम द्वारा आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए जा चुके हैं और अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना तेज कर दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही घटना का सफल अनावरण कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से निर्भय होकर अपना व्यवसाय करने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस उनकी सुरक्षा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान पीड़ित व्यापारी आनंद रस्तोगी, सर्राफा व्यापार मंडल के पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों पर लगेगी लगाम, ब्लैक स्पॉट सुधार, यातायात नियमों के पालन पर डीएम अंजनी कुमार सिंह सख्त

❒ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश, हेलमेट-सीटबेल्ट और ओवरस्पीडिंग पर चलेगा विशेष अभियान; नियम तोड़ने पर 11 लाइसेंस निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने संयुक्त रूप से किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। डीएम ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर अब तक कराए गए सुधारात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभाव और परिणामों की जानकारी ली। उन्होंने सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से रोड इंजीनियरिंग एवं डिजाइनिंग में किए गए सुधारों पर भी विस्तार से चर्चा की और आवश्यक तकनीकी उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र सीटबेल्ट, हेलमेट और ओवर स्पीडिंग की नियमित निगरानी करने पर ज़ोर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएंगे। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया।

एआरटीओ ने प्रवर्तन, अवैध अतिक्रमण पर की गई कार्यवाहिया बताई। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित किए गए हैं। यदि संबंधित वाहन चालक दोबारा नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, तो उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे।

बैठक में डीएम ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा, शहरी क्षेत्र में चौराहे/तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधार, सड़क सुरक्षा, एवं राहवीर योजना के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

## स्कूली वाहनों की फिटनेस और परमिट में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

जिला विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक में डीएम ने दिए कड़े निर्देश, मानकों के अनुरूप संचालन पर जोर दिया गया। जिला विद्यालय परिवहन यान समिति की बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्कूली वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप ही सड़कों पर संचालित हों, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

बैठक में डीएम के पूछने पर एआरटीओ ने अवगत कराया कि जनपद में 11 स्कूली वाहनों की फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी है, जबकि 18 वाहनों के परमिट फ़ेल हैं। इस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए ऐसे वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि स्कूली वाहनों की नियमित जांच, फिटनेस, परमिट, सुरक्षा उपकरणों और अन्य आवश्यक मानकों का अनुपालन प्रत्येक दशा में कराया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अभियान चलाकर वाहनों की जांच की जाए

बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एआरटीओ शांति भूषण पांडेय, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, तरुणेन्द्र त्रिपाठी, एआरएम रोडवेज लखीमपुर/गोला, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, शुगर मिल के प्रतिनिधि, सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

## जयंती पर याद किए गए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री राजेंद्र गुप्ता की 90वीं जयंती के अवसर पर पड़ाव स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि स्वर्गीय राजेंद्र गुप्ता एक कुशल संगठक एवं हम सभी कार्यकर्ताओं के अभिभावक थे। उन्होंने अपनी अद्भुत संगठन क्षमता, अनुशासन और समर्पण के बल पर भारतीय जनता पार्टी को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज भारतीय जनता पार्टी प्रदेश से लेकर केंद्र तक जिस मजबूती के साथ कार्य कर रही है, उसमें उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजेंद्र गुप्ता ने संगठन और अनुशासन की जो परंपरा स्थापित की, वह आज भी प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सीतापुर का गौरव पूरे प्रदेश और देश में बढ़ाया। उनके मार्गदर्शन में कार्य करने वाले अनेक कार्यकर्ता आज भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन की सेवा कर रहे हैं तथा विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज उनकी जयंती के अवसर पर समस्त भाजपा कार्यकर्ता उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, महेश शर्मा, विश्राम सागर राठौर, राजन गुप्ता, कामेश शुक्ला, सागर गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राम मंदिर दानपात्र चोरी के विरोध में कांग्रेस की 'बुद्धि शुद्धिकरण यात्रा', गिरफ्तारी की उठी मांग




**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला कांग्रेस कमेटी सीतापुर के नेतृत्व में तहसील बिसवां पत्थर शिवाला पर कांग्रेस जन इकट्ठा होकर अयोध्या श्री राम मंदिर चोरी को लेकर बुद्धि शुद्धिकरण यात्रा जिला अध्यक्ष डॉ ममता वर्मा के नेतृत्व में , रजनीश कुमार मिश्रा एडवोकेट, सीताराम भार्गव, संजीव नाथ गुप्ता ,रमेश चंद्र निषाद राजेश सिंह तोमर महामंत्री किसान कांग्रेस उत्तर प्रदेश जिला कांग्रेस कमेटी सीतापुर बकरीदी खां ,मीना मिश्रा आफताब आलम, मोहम्मद असलम अंसारी, सोना पति रहमान अंसारी मोहम्मद जुनेद कामरान अंसारी, आज सैकड़ो लोग नगर का भ्रमण कर चंदा चोरों गद्दी छोड़ो आज के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन मंदिर शिवाला पर किया गया इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डा ममता वर्मा ने शासन से मांग की की दान पत्र के प्रमुख चोरों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

# अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया व नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ की कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जाम एवं अतिक्रमण की समस्या से निजात दिलाने के लिए एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार एवं सीओ यातायात शुभम वर्मा के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ने थाना सदर बाजार और थाना कोतवाली क्षेत्र के खिरनीबाग चौराहे से अन्टा चैराहा होते हुए बेरी चौकी तिराहा तक विशेष अभियान चलाया और अवैध अतिक्रमण हटवाया। साथ ही अवैध पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखा जा सके।

यातायात प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित एवं सुगम बनाना तथा जनपद को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाना रहा। अभियान के दौरान स्थानीय अस्पतालों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने रोड पर दुकानदारों द्वारा किए गए अस्थायी एवं अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। साथ ही सड़क तक फैले सामान, अवैध ठेले एवं यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अन्य अवरोधों को हटाकर मार्ग को सुचारु कराया गया। इसके अलावा सड़क पर बेतरतीब एवं नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। इस दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक ने आमजन से अपील की है कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करें। दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों का सामान निर्धारित सीमा में ही रखें तथा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। वाहन चालक अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु एवं सुरक्षित बनी रहे। बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा ।

# ब्रेक फ़ेल होने से गिट्टी से भरा ट्रक कार रिपेयरिंग की दुकान में घुसा, दो घायल, कई वाहन क्षतिग्रस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। धौरहरा कस्बे के मेन हाईवे पर स्थित विश्वनाथ पेट्रोल पंप के पास मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गिट्टी से लदा टख11 क्ठ 6490 नंबर का ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर एक गाड़ी रिपेयरिंग की दुकान में जा घुसा। हादसे में दो लोगों को हल्की चोटें आईं, जबकि दुकान में खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय दुकान संचालक नबी हसन अपने वर्कर के साथ वाहनों की मरम्मत कर रहे थे। इसी दौरान तेज आवाज के साथ ट्रक दुकान में घुस गया। हादसे में कस्बा निवासी जुगरू तथा अमीन (उम्र 25वर्ष)पुत्र आसिफ अली, निवासी सरोजिनी नगर, धौरहरा, घायल हो गए। दोनों को मामूली चोटें आई हैं।

बताया जा रहा है कि ट्रक पहले शराब की दुकान के सामने हाईवे पर खड़ा था। चालक ने वाहन स्टार्ट कर आगे बढ़ाया, लेकिन कुछ ही दूरी पर ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और सीधे रिपेयरिंग की दुकान में जा घुसा। चालक का दावा है कि ट्रक के ब्रेक अचानक फ़ेल हो गए, जिसके कारण वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। उसने हादसे में हुए नुकसान की भरपाई करने की बात भी कही है। गनीमत रही कि इतना बड़ा हादसा होने के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## स्थानीय लोगों ने जताई चिंता

स्थानीय लोगों का कहना है कि विश्वनाथ पेट्रोल पंप के पास स्थित शराब की दुकान के सामने अक्सर वाहन खड़े रहने से हाईवे पर अव्यवस्था बनी रहती है। कई लोग अपने वाहन सड़क पर खड़े कर शराब लेने चले जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से इस स्थान पर यातायात व्यवस्था सुधारने और स्थायी समाधान की मांग की है।

## चोरी के माल समेत वांछित अभियुक्त किरायेदार गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कोतवाली पुलिस टीम ने चोरी के माल समेत वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 26 जून को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि समीर पुत्र शहजाद, मायशा पुत्री शहजाद और शहजाद पुत्र नन्हें उसके घर में किराये पर रहे थे। उक्त लोगों ने उसकी अनुपस्थिति में घर मे रखे लॉकर से 08 हजार रुपये और जेवर चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की। आज थाना कोतवाली पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उक्त अभियोग में नामित अभियुक्त समीर पुत्र शहजाद को हाइवे पर कान्हा गौशाला के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने लगभग 5.60 ग्राम का एक पीली धातु का टुकड़ा भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त समीर ने बताया कि उसने अपनी बहन मायशा के साथ मिलकर मकान मालकिन के घर की अलमारी में बने लॉकर से असली सोने के जेवर चुराकर उसके बदले नकली जेवर रख दिए थे। उन्हीं चुराए हुए सोने के जेवर में से कुछ को पिघलाकर यह टुकड़ा मिला है। जिसे वो बेचने बाराबंकी जा रहा था। शेष चोरी के जेवर के बारे में उसकी बहन मायशा को जानकारी है। फिलहाल पुलिस ने अभियुक्त समीर के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक विवेक कुमार के साथ हेड कांस्टेबल मोहम्मद नदीम आदि मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली




**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत मदरसा नुरुलहुदा के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ मदरसा नुरुलहुदा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों एवं आमजन को प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन कराने व नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां व बैनर लेकर विभिन्न मार्गों से गुजरकर जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने कहा कि समाज के सभी लोगों का दायित्व है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस मौके पर इजहार हसन, जहूर अहमद, कामरान हुसैन, मोहम्मद जाहिद, साजिद अली खान, मोइन खान आदि मौजूद रहे।

# बदायूं पुलिस में बड़ा फ़ेरबदल: दातागंज के लोकप्रिय सीओ राहुल पाण्डेय बने सीओ सिटी, एसएसपी अंकिता शर्मा का बड़ा प्रशासनिक फैसला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❒ कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने और जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने की उनकी कार्यशैली विशेष जोर**

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस प्रशासन में बड़ा फ़ेरबदल करते हुए दातागंज के क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय को सीओ सिटी की जिम्मेदारी सौंपी है। इस फैसले को पुलिस महकमे के साथ-साथ आम जनता के बीच भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राहुल पाण्डेय ने दातागंज में अपने कार्यकाल के दौरान एक सख्त, ईमानदार और सक्रिय पुलिस अधिकारी की पहचान बनाई।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने और जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने की उनकी कार्यशैली को लोगों ने काफी सराहा। अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार चलाए गए अभियानों से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। अपने कार्यकाल में उन्होंने पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का भी प्रयास किया। थाना स्तर पर नियमित समीक्षा, संवेदनशील मामलों की निगरानी तथा कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए किए गए प्रयासों ने उन्हें एक लोकप्रिय अधिकारी के रूप में स्थापित किया। अब उन्हें बदायूं शहर की कानून-व्यवस्था की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। माना जा रहा है कि उनके अनुभव और कार्यशैली का लाभ शहर की पुलिस व्यवस्था को मिलेगा तथा अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। दातागंज क्षेत्र के कई लोगों ने उनके कार्यकाल को यादगार बताते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। वहीं पुलिस विभाग को भी उम्मीद है कि सीओ सिटी के रूप में राहुल पाण्डेय अपने अनुभव और सख्त प्रशासनिक शैली से नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

## कोतवाली पुलिस की शह पर बदायूं के सिटी मॉल स्थित बार में छलके जाम और हुआ अश्लील डांस

बदायूं। बदायूं शहर के सिटी मॉल में संचालित एक बार को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। युवा मंच संगठन ने मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को संबोधित एक शिकायती पत्र सौंपकर बार की गतिविधियों की जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में बार के अंदर अर्धनग्न महिलाओं के डांस, शराब परोसने और भारतीय मुद्रा के नोट उड़ाए जाने के दृश्य दिखाई दे रहे हैं। संगठन का कहना है कि इससे बदायूं की साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक छवि धूमिल हो रही है तथा युवाओं और समाज पर इसका गलत प्रभाव पड़ रहा है। शिकायती पत्र में बार से संबंधित सभी आवश्यक लाइसेंसों एवं अनुमतियों की जांच की मांग की गई है। इसमें आबकारी विभाग का बार लाइसेंस, मनोरंजन संबंधी अनुमति, फायर एनओसी, खाद्य लाइसेंस, नगर निकाय का ट्रेड लाइसेंस, जीएसटी पंजीकरण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति तथा जिला स्तरीय बार समिति की स्वीकृति सहित अन्य वैधानिक दस्तावेजों की जांच कराने की मांग शामिल है। संगठन ने यह भी मांग की है कि यदि वायरल वीडियो में दिखाई गई गतिविधियां नियमों के अनुरूप हैं, तो संबंधित विभाग यह स्पष्ट करें कि ऐसी गतिविधियों की अनुमति किस आदेश के तहत दी गई है। साथ ही यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाए तो बार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए उसे सीज किया जाए। युवा मंच संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन बरेली मंडलायुक्त, लखनऊ और दिल्ली में संबंधित अधिकारियों से शिकायत करेगा। आवश्यकता पड़ने पर इस मामले में जनहित याचिका दायर करने पर भी विचार किया जाएगा। इस संबंध में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सोनू वर्मा ने कहा कि बार खोलना गलत नहीं है, लेकिन अश्लीलता का प्रचार-प्रसार और ऐसे वीडियो वायरल करना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि उनका संगठन इस प्रकार की गतिविधियों का विरोध करता है। हालांकि, इस मामले में बार संचालक या संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

# मकान मालिक ने गिरोहबंद हो किरायेदार के घर में जबरन घुस कर महिला से की मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❒ ज़ेवर एवं रुपयों पर किया हाँथ साफ**

बदायूं। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित शिवपुरम मोहल्ला निवासी एक किरायेदार महिला ने अपने मकान मालिक और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि वह पिछले सात वर्षों से किराए पर रह रही थी, लेकिन मकान खाली कराने के विवाद में मकान मालिक ने अपने परिजनों व अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके घर में जबरन घुसकर ताले तोड़ दिए, घरेलू सामान सड़क पर फेंक दिया, मारपीट की और इस दौरान डेढ़ लाख रुपये की नकदी समेत कीमती सामान गायब हो गया।

पीड़िता आरती गुप्ता पत्नी विकास गुप्ता निवासी मोहल्ला शिवपुरम, गली नंबर-3 ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मकान मालिक अनिल ठाकुर के मकान में पिछले करीब सात वर्षों से किराए पर रह रही हैं और नियमित रूप से किराया भी अदा करती रही हैं। महिला का आरोप है कि दिनांक 05.07.26 दिन रविवार को सुबह करीब 7:30 बजे मकान मालिक अनिल ठाकुर अपने पुत्र, अन्य परिजनों तथा कई अज्ञात लोगों के साथ उनके कमरे पर पहुंचा। आरोप है कि सभी ने जबरन कमरे के ताले तोड़ दिए और घर का सामान बाहर सड़क पर फेंकना शुरू कर दिया। उस समय महिला अपने पति और दो छोटे बच्चों के साथ घर में मौजूद थी। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता और मारपीट की गई। सामान को सड़क पर फेंकने से घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। महिला का आरोप है कि इस दौरान करीब 1.50 लाख रुपये की नकदी, जेवरात तथा अन्य कीमती सामान भी गायब हो गया। शिकायत में महिला ने यह भी उल्लेख किया है कि मकान मालिक पहले से मकान खाली कराने का दबाव बना रहा था। महिला का कहना है कि उसने मकान खाली करने के लिए समय भी मांगा था, लेकिन बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के उसके साथ यह कार्रवाई की गई। पीड़िता ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, क्षतिग्रस्त व गायब सामान की बरामदगी कराने तथा दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल यह सभी आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए हैं। मामले में पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच की जा रही है। कोतवाली इंस्पेक्टर क्राइम अशोक कुमार सिंह ने बताया मामले की जाँच पूरी निष्पक्षता से की जाएगी और जो भी दोषी पाया जायेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## बहजोई में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

संभल। वन महोत्सव सप्ताह के अंतिम दिन नवनिर्मित जिला पंचायत भवन, बहजोई में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता विभाग, उत्तर प्रदेश जेपीएस राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव जी, राजनैतिक पदाधिकारी एवं अन्य जिला पंचायत सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। इस मौके पर अशोक, बरगद, पीपल और नीम के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर वन विभाग से क्षेत्रीय वनाधिकारी श्री प्रभात कुमार, बहजोई सेक्शन प्रभारी नीरज कुमार एवं समस्त चंदौसी रेंज स्टाफ मौजूद रहा।

# नदियों के राजस्व अभिलेखों का 1359 फसली आधार वर्ष से मिलान कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहजोई। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में दिनांक 07 जुलाई, 2026 को प्रातः 10:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, सम्भल में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में जनपद के राजस्व लेखपालों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की तीनों तहसीलों के राजस्व लेखपालों ने प्रतिभाग किया, जिनके कार्यक्षेत्र में नदियां प्रवाहित होती हैं।

बैठक में जनपद की विभिन्न नदियों से संबंधित राजस्व अभिलेखों की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्री सत्यप्रिय सिंह ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र की नदियों के राजस्व अभिलेखों का 1359 फसली आधार वर्ष के अभिलेखों से सावधानीपूर्वक मिलान करें। यदि अभिलेखों में किसी प्रकार का अंतर अथवा परिवर्तन परिलक्षित होता है तो उसका स्पष्ट विवरण तैयार करते हुए आवश्यक तथ्य संकलित किए जाएं। उन्होंने कहा कि अभिलेखों का परीक्षण पूरी गंभीरता एवं शुद्धता के साथ किया जाए तथा नदियों की वर्तमान स्थिति के अनुरूप आवश्यक विवरण तैयार कर निर्धारित प्रारूप में जिला मुख्यालय को समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए, ताकि प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान राजस्व अभिलेखों के सही रख-रखाव, अद्यतन अभिलेखीकरण तथा नदियों से संबंधित अभिलेखीय विवरणों की शुद्धता बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। यह बैठक जनपद के जलस्रोतों और नदियों के संरक्षण तथा उनके सटीक राजस्व अभिलेखों के रख-रखाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# दुधवा की दुलारी 'भवानी' को गोरखपुर चिड़ियाघर भेजने की तैयारी, वन्यजीव प्रेमियों में नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❒ ढाई साल से हथिनी दुर्गा के साथ रह रही शावक को प्राकृतिक आवास से हटाने का विरोध, मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग**

लखीमपुर खीरी। दुधवा नेशनल पार्क का पर्यटन सत्र समाप्त होने के साथ ही पार्क प्रशासन द्वारा महज ढाई वर्षीय मादा हथिनी शावक 'भवानी' को गोरखपुर चिड़ियाघर भेजे जाने की तैयारियों की सूचना सामने आने के बाद जिले के वन्यजीव प्रेमियों में नाराजगी और चिंता का माहौल है। वन्यजीव संरक्षण से जुड़े लोगों ने इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए प्रदेश सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।

जानकारी के अनुसार, भवानी को करीब ढाई वर्ष पहले नजीबाबाद क्षेत्र से रेस्क्यू कर दुधवा लाया गया था। उस समय उसकी उम्र महज 12 दिन थी। दुधवा हाथी कैंप में उसे आठ वर्षीय हथिनी दुर्गा के साथ रखा गया, जिसने भवानी को सहज रूप से अपना लिया। तब से दोनों हथिनियां मां-बेटी की तरह साथ रह रही हैं और उनके बीच गहरा भावनात्मक जुड़ाव बन चुका है।

वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि हाथी अत्यंत संवेदनशील और सामाजिक स्वभाव का वन्यजीव होता है। ऐसे में यदि भवानी को उसकी दत्तक मां समान दुर्गा से अलग कर गोरखपुर चिड़ियाघर भेजा गया तो इससे उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उनका यह भी मानना है कि भवानी से बिछड़ने का असर दुर्गा पर भी पड़ सकता है। विरोध जता रहे लोगों का कहना है कि यदि गोरखपुर चिड़ियाघर को हाथी की आवश्यकता है तो अन्य वैधानिक विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। उनका तर्क है कि प्राकृतिक वातावरण में पल रही एक नन्ही हथिनी को केवल प्रदर्शन या चिड़ियाघर की आवश्यकता के लिए उसके परिचित परिवेश से हटाना उचित नहीं होगा। वन्यजीव प्रेमियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि भवानी को दुधवा के प्राकृतिक आवास से हटाकर चिड़ियाघर भेजने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और उसके सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाए, हालांकि, इस संबंध में दुधवा नेशनल पार्क प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया या विस्तृत बयान सामने नहीं आया है।

## पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की पुण्यतिथि पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को किया नमन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण के महानायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की पुण्यतिथि पर सोमवार को प्रखर बाल संस्कार शाला के कैंप कार्यालय में श्रद्धा पूर्वक पूजन एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने युगऋषि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ ट्रस्टी सुखपाल शर्मा ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के राष्ट्र एवं समाज के प्रति अद्वितीय योगदान को सम्मान देते हुए भारत सरकार ने उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर 27 जून 1991 को एक रुपये मूल्य का स्मारक डाक टिकट जारी किया था। इसका विमोचन तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में किया था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर भारत सरकार ने दूसरी बार पांच रुपये मूल्य का स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युगऋषि का जीवन राष्ट्रभक्ति, तप, त्याग, सेवा और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत उदाहरण रहा। स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने के बाद उन्होंने समाज में नैतिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक जागरण का व्यापक अभियान चलाया। उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार, ब्रह्मवर्चस शोध संस्थान, गायत्री तपोभूमि मथुरा तथा अखण्ड ज्योति संस्थान जैसे संस्थानों की स्थापना कर अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय को नई दिशा दी। इस अवसर पर मृत्युंजय शर्मा, देवेंद्र पाल, मान्या शर्मा, भूमि शर्मा, दीप्ति शर्मा, सौरभ सहित गायत्री परिवार के अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 20 जुलाई तक करें हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हज-2027 पर जाने के इच्छुक लोगों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज-2027 की अधिकारिक घोषणा कर दी है। इच्छुक आवेदक 22 जून 2026 से 20 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट hajcommitee.gov.in तथा ''हज सुविधा'' मोबाइल एप के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। अधिकारी ने बताया कि जुलाई के अंतिम सप्ताह में डिजिटल रैंडम चयन (कुर्रा) की प्रक्रिया होगी। चयनित होने वाले प्रत्येक हज यात्री को 10 अगस्त 2026 तक 1,52,300 की अग्रिम धनराशि जमा करनी होगी। चयन के बाद सीट निरस्त कराने पर हज-2027 की गाइडलाइन के अनुसार जमा राशि में कटौती की जाएगी। इसलिए आवेदन से पहले पूरी तैयारी और यात्रा की दृढ़ प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर लें। उन्होंने बताया कि हज-2026 में लखनऊ से जाने वाले यात्रियों से 3,52,550 तथा दिल्ली से जाने वाले यात्रियों से ?3,46,600 कुल हज खर्च के रूप में लिया गया था। हज-2027 के लिए अधिकतम 5 लोग एक साथ आवेदन कर सकते हैं, लेकिन सभी एक ही श्रेणी के होने चाहिए तथा प्रत्येक आवेदक का अपना मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाएं ''लेडीज विदाउट मेहरम'' श्रेणी में आवेदन कर सकती हैं। वहीं 65 वर्ष से अधिक आयु के सामान्य आवेदकों के साथ 40 से 65 वर्ष आयु का एक कम्पेनियन होना अनिवार्य रहेगा। आवेदन के लिए मशीन पठनीय अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट आवश्यक है, जो 20 जुलाई 2026 तक जारी हो चुका हो तथा उसकी वैधता 31 दिसंबर 2027 तक हो। इस बार सामान्य 40 दिन की यात्रा के अलावा 20 दिन की छोटी हज यात्रा का भी विकल्प दिया गया है, हालांकि इसमें सीटें सीमित हैं और केवल 8 उड़ान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करते समय नवीन पासपोर्ट आकार का फोटो, पासपोर्ट के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ की प्रति, पता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक अथवा निरस्त चेक अपलोड करना होगा। आवेदन पूरा होने के बाद उसका प्रिंट निकालकर उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ भेजना होगा। हज यात्रियों की सुविधा के लिए मदरसा शम्सुल उलूम, घंटाघर, बदायूं में हज ई-सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। यहां ऑनलाइन आवेदन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। मदरसे के प्रधानाचार्य मुहम्मद इरशाद आलम को नोडल अधिकारी बनाया गया है जिनका हेल्पलाइन नंबर:मुहम्मद इरशाद आलम- 9555584637, अफ़ान हक कादरी- 9897573400 है।

## 30 जुलाई से शुरू होने वाली कावड़ यात्रा के लिए प्रशासन ने किया होमवर्क

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा-2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। साथ ही आमजन एवं कांवड़ यात्रियों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान त्वरित सहायता और प्रभावी समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ऋएएए) तथा पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। कलेक्ट्रेट स्थित ऋएएए कंट्रोल रूम के नंबर: 05832-266049, 05832-266050, 05832-266052, 05832-266054 मोबाइल नंबर: 7505389289, 7505395940 पुलिस लाइन कंट्रोल रूम: 9454402956, 9454417440 इसके अलावा कछला पुलिस चौकी, कोतवाली उझानी, कोतवाली बदायूं और थाना सिविल लाइंस में भी नियंत्रण कक्ष संचालित रहेंगे, जहां से यात्रा से जुड़ी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाएगी और प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत, विद्युत विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि नियंत्रण कक्षों में तीन पालियों में 8-8 घंटे की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। प्रतिस्थानी कर्मचारी के कार्यभार ग्रहण करने के बाद ही ड्यूटी समाप्त होगी, ताकि व्यवस्थाओं में किसी प्रकार का व्यवधान न आए। उन्होंने एआरएम रोडवेज को निर्देश दिए हैं कि 30 जुलाई 2026 से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान प्रत्येक शुक्रवार शाम 8 बजे से सोमवार शाम 5 बजे तक लागू रहने वाले रूट डायवर्जन का प्रभावी पालन कराया जाए। यात्रियों की सुविधा के लिए परिवर्तित मार्गों, बस स्टॉप और निर्धारित किराए की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने परिवहन निगम के चालक एवं परिचालकों को यात्रियों के साथ शालीन व्यवहार करने तथा यात्रा अवधि में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से कछला गंगा घाट पर भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने आमजन और श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा, आपात स्थिति या सूचना के लिए जारी कंट्रोल रूम नंबरों का उपयोग करें तथा प्रशासन का सहयोग करते हुए सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित कांवड़ यात्रा को सफल बनाएं।

# बारिश के बाद बढ़ी यूरिया की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❒ संकट के बीच किसानों की उम्मीद बना ओम फर्टिलाइजर्स**

निघासन खीरी। जुलाई के पहले सप्ताह में हुई अच्छी बारिश ने क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है। गन्ना और धान की फसलों के लिए अनुकूल मौसम बनने के साथ ही किसान खेतों में यूरिया डालने की तैयारी में जुट गए हैं। लेकिन बढ़ती मांग के बीच क्षेत्र में यूरिया खाद की कमी ने किसानों की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। अधिकांश खाद केंद्रों पर या तो यूरिया उपलब्ध नहीं है या फिर सीमित मात्रा में वितरण होने से किसानों को घंटों कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।

ऐसे हालात में निघासन के सिंगाही रोड स्थित ओम फर्टिलाइजर्स किसानों के लिए राहत का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। दुकान पर सुबह से ही किसानों की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन किसानों का कहना है कि यहां शासन द्वारा निर्धारित 266 रुपये प्रति बोरी की दर से पारदर्शी तरीके से यूरिया उपलब्ध कराई जा रही है। यही वजह है कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी किसानों का भरोसा इस केंद्र पर कायम है।

किसानों ने बताया कि जब क्षेत्र के कई केंद्रों पर खाद के लिए भटकना पड़ रहा है, तब ओम फर्टिलाइजर्स पर नियमित आपूर्ति होने से उन्हें समय पर यूरिया मिल रहा है। उनका कहना है कि पिछले वर्ष भी यूरिया संकट के दौरान इसी दुकान ने सरकारी दर पर खाद उपलब्ध कराकर बड़ी राहत दी थी और इस बार भी वही व्यवस्था जारी है।

दुकान संचालक ने बताया कि यूरिया वितरण शासन के निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री और आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। वर्तमान व्यवस्था के तहत एक हेक्टेयर भूमि पर दो बोरी यूरिया का वितरण किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किसानों तक खाद पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

क्षेत्र में यूरिया की कमी के बीच ओम फर्टिलाइजर्स की नियमित आपूर्ति और व्यवस्थित वितरण व्यवस्था किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। किसानों ने दुकान की पारदर्शी व्यवस्था और सहयोग की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध होती रहेगी।

### बीएसए के औचक निरीक्षण में एमडीएम रिकॉर्ड में गड़बड़ी, इंचार्ज प्रधानाध्यापक को नोटिस के निर्देश

सीतापुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर द्वारा आज दिनांक 07.07.2026 को प्रातः 11.30 बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरिया झाल (कम्पोजिट), विकास खंड-परसेंडी, जनपद-सीतापुर तथा प्रा0वि0 पचदेवरा, ब्लॉक परसेंडी जनपद सीतापुर को लगभग 12.00 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रांगण, कक्षा-कक्ष, रसोई-घर तथा शौचालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणों उपरांत विद्यालयों को स्वच्छ भारत अभियान की तर्ज पर साफ-सफाई रखने हेतु विशेष ध्यान देने तथा लाइटिंग की उचित व्यवस्था एवं पायी गई अन्य कमियों को एक सप्ताह में निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रा0 वि0 पचदेवरा के इ0प्रा0अ0 द्वारा एम0डी0एम0 पंजिका में 52 बच्चे द्वारा उपभोग दर्ज किया गया, किंतु उपस्थित बच्चों की काउंटिंग करने पर व विभिन्न उपस्थित पंजिका का निरीक्षण करने पर 28 बच्चे ही थे, जिस हेतु संबंधित इंचार्ज प्रधान अध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। विद्यालय के समस्त कार्मिकों को नियमित उपस्थिति होने हेतु आदेशित किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल समीक्षा बैठक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❒ बैठक में विभागों के संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक, आईजीआरएस तथा हैल्प लाइन में संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक के विषय में अवगत कराया**

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह द्वारा विभागों के संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक, आईजीआरएस तथा हैल्प लाइन में संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक के विषय में अवगत कराया। अपर जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की जो आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाती है उसको प्राथमिकता के आधार पर गहनता से अवलोकित करें उसके उपरांत ही पोर्टल पर अपलोड करें। अपर जिलाधिकारी ने समस्त विभागों की शिकायतों को गहनता से देखा और उन्होंने कहा कि जो शिकायत अभी तक निस्तारण नहीं की गई है उनका स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करें जिससे शिकायत असंतोष जनक श्रेणी में न जाए। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस की शिकायत को लेकर गंभीर रहे अगर किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित के खिलाफ अधिकारी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायत को डिफाल्टर होने से दो दिवस पहले अपलोड किया जाए जिससे उसका अध्ययन किया जा सके उसके उपरांत अग्रिम कार्रवाई के लिए अपलोड किया जा सके जिससे गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए उन्होंने कहा कि अगर शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ना किया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई संज्ञान में लाई जाएगी।

# जिला सूचना कार्यालय में पुस्तकालय, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एवं भंडार कक्ष के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❒ लोकार्पण के उपरांत मंत्री ने कार्यालय का निरीक्षण किया तथा नवविकसित पुस्तकालय एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया**

संभल, बहजोई। जिला सूचना अधिकारी कार्यालय, कनेटा रोड स्थित सिंचाई विभाग कॉलोनी, बहजोई में पुस्तकालय, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एवं भंडार कक्ष के जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य का लोकार्पण मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद संभल के प्रभारी मंत्री श्री जे.पी.एस. राठौर द्वारा फीता काटकर किया गया।

लोकार्पण के उपरांत मंत्री ने कार्यालय का निरीक्षण किया तथा नवविकसित पुस्तकालय एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पुस्तकालय एवं कार्यालय की सराहना करते हुए कहा कि जनपद संभल में मीडिया प्रबंधन को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। इससे जनपद की सूचनाएं मीडिया तक समयबद्ध रूप से पहुंच सकेंगी तथा आमजन को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह 'रिंकू', नगर पालिका परिषद बहजोई के अध्यक्ष राजेश शंकर 'राजू', माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश दिवाकर छोटू, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर, सुधीर मल्होत्रा, विजय यादव, अधिशासी अभियंता (आरईडी) राकेश कुमार, सहायक अभियंता रामगोपाल बंसल, जूनियर इंजीनियर आर ई डी अंकित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. उर्मिलेश की 75वीं जयंती पर मरीजों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❒ कार्यक्रम में डॉ. उर्मिलेश की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा क्लब परिसर में वृहद पौधरोपण भी किया गया**

बदायूं। बदायूं क्लब द्वारा संस्थापक एवं समाजसेवी डॉ. उर्मिलेश की 75वीं जयंती (अमृत जयंती) पर सेवा और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज के सहयोग से विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें 112 मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां एवं आवश्यक जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में डॉ. उर्मिलेश की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा क्लब परिसर में वृहद पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंघला रहीं। बदायूं क्लब सभागार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने फीता काटकर किया। क्लब पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपेश अग्रवाल, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शुभम अग्रवाल, सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभ्रा अग्रवाल तथा त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. आरुषि अग्रवाल ने मरीजों का गहनस्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने हृदय, नाक-कान-गला, त्वचा एवं सामान्य बीमारियों से संबंधित परामर्श देने के साथ आवश्यक जांच एवं निःशुल्क दवाइयां भी वितरित कीं। पूरे शिविर में 112 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों एवं क्लब सदस्यों ने डॉ. उर्मिलेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए क्लब परिसर में वृहद पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि राजीव गुप्ता ने कहा कि डॉ. उर्मिलेश का जीवन समाज सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। उनकी अमृत जयंती पर आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर जनहित में एक सराहनीय पहल है, जिससे जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंघला ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने डॉ. उर्मिलेश को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आमजन की निःस्वार्थ सेवा ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर डॉ. अक्षत अशेष, नितिन रस्तोगी, श्याम जी शर्मा, मंजुल शंखधार, डॉ. सोनरूपा विशाल, ऋचा अशेष, कमला माहेश्वरी, डॉ. मधु गौतम, डॉ. भास्कर शर्मा, ज्ञानांद पाण्डेय, दीपक सक्सेना, रविंद्र मोहन सक्सेना, मनीष सिंघल, संजय रस्तोगी, रूपेंद्र सिंह लाम्बा, नितिन गुप्ता, आलोक पाठक, डॉ. रामबहादुर व्यथित, डॉ. शैलेन्द्र कबीर, संजीव आर्य रूप, नरेश शंखधार, राहुल चौबे, आदित्य श्रोत्रिय, इकबाल असलम, पंकज शर्मा, नितेश वार्ष्णेय, विनीत शर्मा, प्रशांत दीक्षित, रुपाली वैश्य, निशि गुप्ता, सुशील शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

❒ 63 लाख 12 हज़ार 600 पौधों रोपित करने का लक्ष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराएं जाने हेतु पौधों की उपलब्धता, उठान तथा सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु रोपित गये पौधों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के व्यापक प्रबन्ध किये जाएं। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि 08 जुलााई 2026 को एक ही दिन निर्धारित लक्ष्य 63 लाख 12 हज़ार 600 पौधों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। साथ ही पौधरोपण करने के उपरान्त तत्काल जिओ टैगिंग कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराये तथा उक्त वृक्षारोपण महा यज्ञ में मा0 जन प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाय।

डीएम ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं प्रयास से उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव अब जन आन्दोलन का स्वरूप ले चुका हैं। इसलिए सभी अधिकारी आमजन व विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित कर पौधरोपण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पौधरोपण का फोटोग्राफ सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित कराया जाय तथा सभी विभाग पौधरोपण का विवरण प्रभागीय वनाधिकारी को अवश्य उपलब्ध कराये। डीएम ने सिचाई विभाग को निर्देश दिया कि सम्बन्धित सचिव, लेखपाल एवं ब्लाक के अवर अभियन्ता की टीम के साथ निरन्तर सर्वे कर सरयू व टेढ़ी नदियों के पुनरोद्धार के लिए कार्य योजना तैयार करें। बैठक के दौरान डीएम ने मरीमाता मन्दिर के निकट सरयू नदी की साफ-सफाई, नदी में नगर पालिका के गिरने वाले नालों पर ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट, नदियों में प्लास्टिक के बहाव को रोकने, जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देने तथा कटान प्रभावित क्षेत्रों में पौधरोपण विशेषकर बांस के पौधे रोपित कराएं जाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि नदियों को प्राकृतिक एवं मूल स्थिति में लाये जाने के लिए जन जागरूकता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह कार्य जन सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता है। डीएम ने निर्देश दिया कि विशेष आमंत्री के रूप में अधिकाधिक बाहरी लोगों को भी इस समिति से जोड़ा जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विष्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीएफओ बहराइच,डीएफओ कतर्नियाघाट, मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ संजय कुमार, सम्बन्धित एसडीएम, खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में रातभर बिजली की ट्रिपिंग से लोग परेशान, विभाग ने ओवरलोड को बताया कारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । भीषण गर्मी और उमस के बीच बीती रात नगर के कई वार्डों के लोगों की रात परेशानी में गुजरी। रात भर हर 5 से 10 मिनट के अंतराल पर बिजली आपूर्ति बार-बार ट्रिप होती रही। लगातार बिजली आने-जाने के कारण न तो लोग चैन से सो सके और न ही पंखे व कूलर ठीक से चल पाए।

इससे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत का सामना करना पड़ा। मोहल्ले वालो ने बताया कि पूरी रात बिजली की आंख-मिचौली चलती रही। जैसे ही बिजली आती, कुछ ही मिनटों में फिर ट्रिप हो जाती। लोगों का कहना है कि गर्मी के कारण घरों में रुकना मुश्किल हो गया था और कई लोग रातभर जागने को मजबूर रहे। उपभोक्ताओं ने कहा कि यदि समय रहते समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है। स्थानीय लोगों ने यह भी मांग की कि भीषण गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए विभाग अतिरिक्त सतर्कता बरते, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाली ट्रिपिंग से राहत मिल सके। लोगों का कहना है कि बिजली की लगातार ट्रिपिंग से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है और विद्युत उपकरणों के खराब होने का भी डर बना रहता है। इस संबंध में जेई नानपारा राजेश चंद्र ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग सामान्य दिनों की तुलना में काफी बढ़ गई है। बढ़े हुए लोड के कारण सिस्टम पर ओवरलोड की स्थिति बनने से ट्रिपिंग हुई। उन्होंने बताया कि विभाग की टीम लगातार फीडरों और लाइनों की निगरानी कर रही है तथा जहां भी तकनीकी समस्या सामने आ रही है, उसका तत्काल समाधान कराया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जल्द ही विद्युत आपूर्ति को पूरी तरह सुचारु करने का प्रयास किया जाएगा।

# भाजपा नेताओं ने पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह के अधूरे संकल्पों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ भाजपा कार्यालय में स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह की श्रद्धांजलि सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

अमेठी। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में पूर्व विधायक स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह जी की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धा, संवेदना एवं कृतज्ञता से ओतप्रोत इस कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुये कहा कि उनका संपूर्ण सार्वजनिक जीवन ईमानदारी, सादगी, कर्तव्यपरायणता, लोकसेवा एवं संगठन-निष्ठा का अनुपम उदाहरण रहा। उन्होंने राजनीति को सदैव जनसेवा का माध्यम माना तथा अंतिम समय तक जनसामान्य के सुख-दु:ख में सहभागी बने रहे। कार्यकर्ताओं के प्रति उनका आत्मीय स्नेह, सहज उपलब्धता एवं मार्गदर्शक व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनका निधन केवल भारतीय जनता पार्टी परिवार ही नहीं, बल्कि संपूर्ण अमेठी जनपद के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह अर्ग मुन्ना सिंह, उमेश प्रताप सिंह, दयाशंकर यादव,राम प्रसाद मिश्रा,दलजीत सिंह,गोविंद सिंह चौहान,चंद्र प्रकाश मिश्र 'मटियारी',केशव सिंह ,कालीबक्स सिंह, रवींद्र सिंह,हिंदेश सिंह, चंद्र मौलि सिंह, दीपक सिंह, राकेश त्रिपाठी सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन प्रभात शुक्ला ने किया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह के आदर्शों पर चलने, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाजसेवा के उनके अधूरे संकल्पों को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के कुरारा क्षेत्र के कुसमरा से खन्ना क्षेत्र के खमरिया जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने सुमेरपुर थानाक्षेत्र के इंगोहटा के पास हाईवे पर टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार को कुरारा थानाक्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी अजय पाल सिंह (40) पुत्र रामेश्वर किसी कार्य से खन्ना थानाक्षेत्र के खमरिया गांव बिना हेलमेट लगाए बाइक से जा रहा था। इंगोहटा बस स्टैंड के पास हाईवे पर पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने इसको टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

## मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेने से इन्कार करने का आदेश रद्द, पुनः आदेश पारित करने का निर्देश

प्रयागराज । इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना ने कन्नौज की तत्कालीन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रद्धा भारती के 20 सितंबर 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें उन्होंने नवाब सिंह यादव व अन्य के खिलाफ पुलिस द्वारा दाखिल आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया था। यह मामला कन्नौज कोतवाली थाने में दर्ज केस से जुड़ा है, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। दरअसल यह घटना एक पॉक्सो मामले की सुनवाई के दौरान सामने आई थी, जब गवाह डॉ. स्वास्तिका शालिनी को सत्र न्यायालय में गवाही देने के दौरान धमकाया गया और आरोपी के पक्ष में बयान देने के लिए दबाव बनाया गया।अपर महाधिवक्ता ने दलील दी कि मजिस्ट्रेट ने 31 पन्नों का आदेश लिखते हुए सबूतों की विस्तृत समीक्षा की, मानो कोई ''मिनी ट्रायल'' चल रहा हो, जबकि संज्ञान लेने के चरण में मजिस्ट्रेट को केवल प्रथम दृष्टया मामला बनता है या नहीं, यह देखना होता है, सबूतों की गुणवत्ता परखना नहीं।

# श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर कंाग्रेस ने निकाली सदबुद्धि पदयात्रा

❒ पद यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी। उत्तर प्रदेश कंाग्रेस कमेटी के निर्देश पर अयोध्या श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर जिला कंाग्रेस कमेटी अमेठी द्वारा सोमवार को सदबुद्धि पदयात्रा का आयोजन किया गया।पदयात्रा का नेतृत्व जिला कंाग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने किया।

पदयात्रा केंद्रीय कंाग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन गौरीगंज से प्रारम्भ होकर बस स्टॉप, कोतवाली,जीजीआईसी स्कूल,चौक बाजार, पोस्ट ऑफिस, फल मंडी सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली।इस दौरान कंाग्रेस कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग को लेकर नारे लगाये तथा नगर भ्रमण किया। कंाग्रेस के जिलअध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि अयोध्या श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। चढ़ावे से जुड़े प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जानी चाहिये जिससे श्रद्धालुओं का विश्वास कायम रहे।पदयात्रा में पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, नगर पालिका परिषद जायस की अध्यक्ष मनीषा चौहान, युवक कंाग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह,जिला प्रवक्ता अनिल सिंह, विजय पासी, राकेश मिश्रा,अर्जुन पासी,राम लखन शुक्ला,शकील इदरीशी, मोहम्मद आरिफ, सौरभ सिंह, सुमित तिवारी, प्रदीप तिवारी, दुर्गेश दीक्षित,श्रुति अवस्थी, गीता सिंह सहित अन्य तमाम कंाग्रेस के पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# कलयुगी पिता ने बच्चों को खिलाया जहर, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । कलयुगी पिता ने मंगलवार को दाल में जहरीला पदार्थ मिलाकर बच्चों को खिला दिया और मौके से भाग निकला। मां की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गुनावर कमंगलपुर गांव की निवासी सोहिनी ने पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि उसका पति सुरेश शराब का आदी है। आये दिन गाली-गलौज और मारपीट करता था। सुबह वह घर में भोजन बनाकर खेत में धान की रोपाई करने चली गई थी, जबकि घर पर उसके बेटे दिव्यांश (6) और श्रीयांश (5) मौजूद थे। इसी दौरान पिता सुरेश ने अरहर की दाल में जहरीला पदार्थ मिला दिया। बच्चों ने भोजन किया तो उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने मां सोहिनी सहित पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से बच्चों को सीएचसी हरचंदपुर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में जहरीले पदार्थ के सेवन की वजह से बच्चों की हालत बिगड़ने की बात बताई। इलाज के बाद बच्चों की हालत में सुधार हो गया है। मां सोहिनी के अनुसार ने उसके पति ने बच्चों को जान से मारने की नीयत से भोजन में जहरीला पदार्थ मिलाया था। पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ़्तार कर लिया है। हरचंदपुर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जांच में बच्चों को जहरीला पदार्थ दिए जाने की घटना सही पाई गई है। आरोपित सुरेश पासी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# गौरीगंज में पूर्व विधायक की दो दिवसीय अस्थि कलश यात्रा निकलेगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ प्रथम अस्थि कलश यात्रा नौ जुलाई ल को प्रातः आठ बजे उनके निज निवास ग्राम अचलपुर से प्रारम्भ होगी

अमेठी। विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के पूर्व विधायक स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह की पावन स्मृतियों को नमन करते हुये उनकी अस्थि कलश यात्रा का आयोजन आगामी नौ एवं दस जुलाई को किया जायेगा।

बताते चलें कि जामो विकास क्षेत्र के गांव अचलपुर में जन्मे पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह ने अपने सम्पूर्ण सार्वजनिक जीवन में जन सेवा को ही सर्वोच्च धर्म माना। उनके सहज, सरल एवं आत्मीय व्यक्तित्व ने लाखों लोगों के हृदय में अमिट स्थान बनाया। उनकी अस्थि कलश यात्रा उनके प्रति जन जन की श्रद्धा, सम्मान एवं भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक होगी। भाजपा के जिला प्रवक्ता चंद्र मौलि सिंह ने बताया कि प्रथम अस्थि कलश यात्रा नौ जुलाई ल को प्रातः आठ बजे उनके निज निवास ग्राम अचलपुर से प्रारम्भ होगी। यात्रा क्रमशः हरगांव, जामों, बलभद्रपुर, मवई, हरदो, बरौलिया, सुजानपुर, भटगवां,मऊ, पूरबगांव, दयालापुर, गौरीगंज, भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, दरपीपुर, मुंशीगंज एवं अमेठी पहुंचेगी। प्रत्येक स्थान पर कार्यकर्ताओं,शुभचिंतकों एवं आमजन द्वारा पुष्प अर्पित कर पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह को श्रद्धांजलि दी जायेगी। इसके उपरांत प्रयागराज संगम में उनके पावन अस्थि कलश का विधिवत विसर्जन किया जायेगा।द्वितीय अस्थि कलश यात्रा दस जुलाई को प्रातः आठ बजे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गौरीगंज से प्रारम्भ होगी। यात्रा राजगढ़, दुलापुर, रामगंज, शाहगढ़, कसरावा, पनियार, हरिहरपुर, चन्दौकी, रामशाहपुर, हरदोईया, नन्दमहर, पिंडारा, मुसाफिरखाना, दादरा, चंदीपुर, रंजीतपुर, दुवरिया, गाजनपुर, नारे,कोछित, अढ़नपुर होते हुये शहीद स्मारक,भाले सुल्तान पर सायं छह बजे पहुंचेगी जहां श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत यात्रा का समापन होगा। भाजपा के जिला प्रवक्ता चंद्र मौलि सिंह ने समस्त कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों एवं क्षेत्र की सम्मानित जनता से विनम्र अनुरोध है कि निर्धारित समयानुसार संबंधित स्थानों पर उपस्थित होकर स्वर्गीय दादा तेजभान सिंह जी के अस्थि कलश पर पुष्प अर्पित करें तथा अपने प्रिय जननायक को भावभीनी अंतिम विदाई दें। उन्होंने कहा कि दादा तेजभान सिंह जी का संघर्ष, सेवा, सादगी और जनसमर्पण सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनका व्यक्तित्व भले ही आज हमारे बीच न हो, किन्तु उनके आदर्श और जनसेवा का पथ सदैव समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा।

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा की 100 करोड़ की दाल मिल कुर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भदोही । पूर्वांचल की राजनीति में रसूखदार पूर्व विधायक विजय मिश्र पर योगी सरकार की अब तक बड़ी कार्रवाई हुई है। उनकी आर्थिक रीढ़ पर सीधा हमला करते हुए महाराष्ट्र स्थित लगभग 100 करोड़ 25 लाख रुपये मूल्य की लल्ली एग्रो इंडस्ट्रीज (दाल मिल) को कुर्क कर दिया। पुलिस के अनुसार यह संपत्ति अपराध से अर्जित अवैध धनराशि से बनाई गई थी।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि उत्तर प्रदेश गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के तहत मंगलवार को महाराष्ट्र के जकेकुर, थाना उमरगा, जिला धाराशिव स्थित लल्ली एग्रो इंडस्ट्रीज (दाल मिल) को कुर्क किया गया। इसकी अनुमानित बाजार कीमत 100.25 करोड़ रुपये है। पुलिस के मुताबिक, विजय मिश्रा, उनके पुत्र विष्णु मिश्रा, पत्नी रामलली मिश्रा और गिरोह के अन्य सदस्यों ने अपराध से अर्जित अवैध धनराशि से विभिन्न संपत्तियां बनाई थीं। वर्ष 2022 से 2025 के बीच गैंगस्टर अधिनियम के तहत इस गिरोह की करीब 2.41 अरब रुपये (दो अरब 41 करोड़ 29 लाख 10 हजार 480 रुपये 50 पैसे) से अधिक की संपत्तियां पहले ही कुर्क की जा चुकी हैं।

भदोही पुलिस के अनुसार, गैंग लीडर विजय मिश्रा के खिलाफ कुल 87 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें से 7 मामलों में न्यायालय उन्हें दोषी ठहरा चुका है। पुलिस का दावा है कि गिरोह आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए संगठित अपराधों में संलिप्त रहा है तथा परिवार के अन्य सदस्यों की भी विभिन्न मामलों में भूमिका सामने आई है। पुलिस ने यह भी बताया कि वर्ष 2026 में विजय मिश्रा गैंग के खिलाफ दो प्रमुख कार्रवाई हुई हैं। पहली कार्रवाई में न्यायालय ने विजय मिश्रा, उनकी पत्नी और पुत्र को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास, जबकि पुत्रवधू को 04 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। साथ ही सभी पर कुल 5.26 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। दूसरी बड़ी कार्रवाई के तहत अब महाराष्ट्र स्थित 100.25 करोड़ रुपये मूल्य की दाल मिल को गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुर्क किया गया है।

# खानपुर में ग्राम समाज व चकमार्ग की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, डीएम से कार्रवाई की मांग

❒ सार्वजनिक रास्ता भी घेरा, ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। तहसील क्षेत्र बिसवां के ग्राम खानपुर में ग्राम समाज और चकमार्ग की जमीनों पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। शिकायतकर्ता इन्द्रजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि कई गाटा संख्याओं पर अवैध कब्जा कर लिया गया है और सार्वजनिक रास्ता भी बंद कर दिया गया है।

शिकायत में कहा गया है कि गाटा संख्या 1546, 1543, 1547, 1593, 15511550 आदि पर अवैध कब्जा है। इनमें चकमार्ग, परती और ग्राम समाज की भूमि शामिल है। आरोप है कि 2018 में प्रशासनिक आदेश के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया। जिससे मृतक सिंह के घर से सार्वजनिक मार्ग तक संपर्क मार्ग बाधित हो गया है। शिकायतकर्ता ने क्ख्र से मांग की है कि अवैध कब्जे हटवाकर ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए और सार्वजनिक रास्ता बहाल किया जाए। इस संबंध में राजस्व लेखपाल से वार्ता की गई तो बताया गया कि किसान धारा 24डाले पक्की पैमाइश हो मामला निस्तारित कराया जाएगा।

## खेत में मिला 10 फीट लंबा अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

हाथरस । सादाबाद में सहपऊ क्षेत्र के रामपुर गांव में खेत में करीब 10 फुट लंबा अजगर मिलने से किसानों में दहशत फैल गई। वन विभाग की टीम ने सूचना मिलने पर अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। यह घटना तब हुई जब किसान चंद्रकेश गौतम मंगलवार को अपने बाजरे के खेत की कटाई कर रहे थे। कटाई के दौरान उन्हें खेत में अजगर दिखाई दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और किसानों में भय का माहौल बन गया। चंद्रकेश गौतम ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में रवेंद्र कुशवाहा, केपी सिंह और लव कुमार शामिल थे। उन्होंने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। अजगर को सुरक्षित पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों और किसानों ने राहत की सांस ली। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वन्यजीव दिखाई देने पर उन्हें स्वयं पकड़ने का प्रयास न करें, बल्कि तुरंत विभाग को इसकी सूचना दें ताकि सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।

# ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, निजी अस्पताल में परिजनों का हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



झांसी । उत्तर प्रदेश के झांसी में नवाबाद थाना क्षेत्र स्थित मेडिकल कॉलेज के पास कमला अस्पताल में उपचार के दौरान एक महिला की मौत के बाद मंगलवार को परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर ऑपरेशन के दौरान लापरवाही और गलत इलाज का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, तालपुरा एबट मार्केट निवासी रिजवाना पत्नी नफीस की तबीयत बिगड़ने पर 04 जुलाई को परिजन उन्हें कमला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि उनकी पित्त की थैली में पथरी है और ऑपरेशन करना आवश्यक है। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया गया तथा 06 जुलाई को ऑपरेशन की तारीख तय की गई। परिजनों का आरोप है कि 06 जुलाई की शाम करीब पांच बजे अस्पताल कर्मी रिजवाना को ऑपरेशन थिएटर में ले गए। काफी समय बीतने के बावजूद उन्हें वापस वार्ड में नहीं लाया गया। जब परिवार के लोगों ने कई बार जानकारी मांगी तो रात करीब नौ बजे उन्हें आईसीयू में रिजवाना से मिलने की अनुमति दी गई। उस समय वह बेहोश थीं और उनकी स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। मंगलवार सुबह अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को रिजवाना की मौत की सूचना दी। इसके बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान बरती गई लापरवाही और गलत इलाज के कारण महिला की जान गई है। उन्होंने दोषी चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सूचना पर विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझाकर शांत कराया। चौकी प्रभारी अखिल सिंह ने बताया कि मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया कि सभी तथ्यों की जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, समाचार लिखे जाने तक अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

# पूरनपुर नगर पालिका बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को मिली हरी झंडी, 12 जुलाई को होगा व्यापक वृक्षारोपण अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर के विकास, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को नई गति देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक पालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में नगर पालिका सभागार में आयोजित हुई बैठक में नगर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नागरिक सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

बैठक में सभासदों द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में क्षतिग्रस्त सड़कों, नालियों, पुलियों के निर्माण तथा बेहतर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के लिए दिए गए प्रार्थना पत्रों पर विस्तार से चर्चा की गई सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान करते हुए शीघ्र कार्य शुरू कराने का निर्णय लिया गया पालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने नगर की सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी सफाई नायकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ

**❒ बैठक में नगर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और नागरिक सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए**

और सुंदर बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जाएगी तथा लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी बैठक में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 12 जुलाई 2026 को नगरव्यापी वृक्षारोपण अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया इसके तहत गांधी पार्क, संजय गांधी पार्क, बंडा रोड स्थित गौशाला मुक्तिधाम, शेरपुर रोड स्थित मुक्तिधाम तथा पंचमहल स्कूल के निकट मुक्तिधाम सहित विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सभासदों और पालिका अधिकारियों की मौजूदगी में पौधरोपण किया जाएगा पालिकाध्यक्ष ने कहा कि विकास कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण भी नगर पालिका की प्राथमिकता है सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सहयोग से पूरनपुर को स्वच्छ, सुंदर और हरित नगर बनाने का अभियान लगातार जारी रहेगा बैठक में अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, लेखाकार दिनेश भारती सहित सभासद उर्मिला देवी, उदित सिंह, सूरज बाथम, मोहम्मद शरीफ, सौरभ सक्सेना, शाहजहाँ बेगम, सूबेजहाँ बेगम, गौरव जायसवाल, नेहा, नुसरत परवीन, रोहित मिश्रा, मोहम्मद असीम रज़ा, नादिर रज़ा, सुशील गुप्ता, शराफत अली, अनुज गुप्ता, मोहम्मद मियां, अरविन्द गुप्ता, प्रदीप सिंह मुखिया, गुंजन सक्सेना, उपेंद्र भारती, मयंक सक्सेना सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

## जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी होने पर पूरनपुर में जश्न, भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बांटी मिठाई

पूरनपुर। जलालाबाद का नाम परशुरामपुरी किए जाने की घोषणा पर पूरनपुर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने खुशी का इजहार किया मंगलवार को बंडा चौराहा स्थित परशुराम चौक पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर निर्णय का स्वागत किया गया इसके बाद उपस्थित लोगों के बीच मिठाई वितरित कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गई कार्यक्रम में प्रफुल्ल मिश्रा ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि यह निर्णय समाज की आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा हुआ है उपस्थित लोगों ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे भगवान परशुराम के प्रति लोगों की आस्था को और अधिक सम्मान मिलेगा इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, गन्ना समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, प्रफुल्ल मिश्रा, मानस शुक्ला, प्रदीप सिंह मुखिया, मनोज गुप्ता, संजय मिश्रा, हरगोविंद बाजपेई, नवनीत मिश्रा, सूरज बॉथम, हरिओम पाण्डेय, रामऔतार शर्मा, रजनीश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे कार्यक्रम के दौरान सभी ने सामाजिक एकता बनाए रखने और धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का भी संकल्प लिया है।

## रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन की नई कार्यकारिणी घोषित, डॉ. प्रशांत गुप्ता बने अध्यक्ष दीपक अग्रवाल बने सचिव

पूरनपुर। सामाजिक सेवा, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन ने वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन कर लिया है क्लब के संस्थापक अध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी डॉ. डी.के. गुप्ता की देखरेख में आयोजित बैठक में डॉ. प्रशांत गुप्ता को अध्यक्ष और दीपक अग्रवाल को सचिव चुना गया नई कार्यकारिणी में विनय गुप्ता, संजीव गुप्ता और अमरजीत सिंह को उपाध्यक्ष, संजीव गुप्ता को कोषाध्यक्ष, अनूप गुप्ता को संयुक्त सचिव तथा संदीप खंडेलवाल को सार्जेंट एट आर्म की जिम्मेदारी सौंपी गई इसके अलावा शैलेंद्र गुप्ता, बृजेश गुप्ता, राजेश खन्ना, संदीप गुप्ता (बन्नू) और मधुर होड़ा को बोर्ड सदस्य बनाया गया है नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. प्रशांत गुप्ता ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब आने वाले वर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण से जुड़े रचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता देगा उन्होंने ''क्लीन पूरनपुर, ग्रीन पूरनपुर'' को क्लब का मुख्य अभियान घोषित करते हुए व्यापक पौधरोपण, स्वच्छता जागरूकता और जनसहभागिता से जुड़े कार्यक्रम चलाने की बात कही बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि क्लब समाजहित के कार्यों को नई ऊर्जा और बेहतर समन्वय के साथ आगे बढ़ाते हुए नगर के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा।

# दर्जनों फलदार एवं अन्य वृक्षों के रोपण के साथ सेवा-संकल्प कार्यक्रम

**❒ सछास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नोमान अली वारसी ने किया समापन**

कैनविज टाइम्स संवाददाताढ

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए के महानायक अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, समाजवादी छात्र सभा नोमान अली वारसी द्वारा 01 जुलाई से 07 जुलाई 2026 तक चलाए गए ''53 वृक्षारोपण एवं पाठ्य सामग्री वितरण'' कार्यक्रम का आज 53 फलदार एवं अन्य वृक्षों के रोपण के साथ सफलतापूर्वक समापन किया गया।कार्यक्रम के दौरान लीची, आम, जामुन, अनार, अमरूद एवं शहतूत सहित विभिन्न फलदार वृक्षों का रोपण




किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए इन पौधों का वितरण भी किया गया।सछास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नोमान अली वारसी ने कहा कि अखिलेश यादव का जन्मदिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाजसेवा और जनकल्याण का संकल्प लेने का दिन है। इसी भावना के साथ पूरे सप्ताह वृक्षारोपण, पौध वितरण एवं विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा को बढ़ावा देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आने वाले समय में भी समाजहित और जनसेवा के ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभासद प्रतिनिधि साजिद अली रिज़वी, नदीम अहमद अंसारी,नाबिर अली मंसूरी, अहीद खान, मो. सरताज, जितेन्द्र सिंह, गुरपाल, मुन्नेन्द्र गिल, अमित कुशवाहा, इशहाक, फैज, इंद्रजीत, नाज़िम सहित अनेक साथी उपस्थित रहे है।

# रुपिंदर कौर हत्याकांड :धरने के बाद हरकत में आई पुलिस, दो और आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। चर्चित रुपिंदर कौर हत्याकांड में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों का सब्र सोमवार रात टूट गया परिजन कोतवाली पहुंच गए और मुख्य गेट के अंदर धरने पर बैठकर विरोध जताया और जल्द गिरफ्तारी की मांग की हालांकि, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय के आश्वासन के बाद करीब 10 मिनट में ही परिजनों ने अपना धरना समाप्त कर दिया और संतुष्ट होकर अपने घर लौट गए।

इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले में नामजद दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर मकरंदपुर निवासी रुपिंदर कौर का 21 जून को अपने पति से विवाद हुआ था इसके बाद वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थीं अगले दिन उनका शव शाहजहांपुर जनपद के थाना बंडा क्षेत्र के गांव ररुआ के पास नहर में मिला था मृतका के पिता बलदेव सिंह ने पति जजवीर सिंह, कुलदीप कौर, गुरप्रीत कौर, गुरजीत सिंह और गुरजीत सिंह की पत्नी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था इससे पहले पुलिस दो आरोपियों को जेल भेज चुकी थी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने बताया कि मृतका की सास कुलदीप कौर और ननद गुरप्रीत कौर को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है मामले में आगे की विवेचना जारी है।

# जनतंत्र में जनता का परेशान होना सुशासन नहीं: ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर । मुख्यमंत्री के आगमन पर शहर की नाकेबंदी कर आम जनता की जरूरतों को रोकना गलत है। जनतंत्र में जनता को परेशान करना कहीं से भी सुशासन नहीं है। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहीं।

उन्होंने कहा कि मंगलवार को मुख्यमंत्री के आगमन पर प्रशासन ने जिस तरह की तानाशाही दिखाई यह किसी भी तरह से लोकतंत्र का लक्षण नहीं है । सुरक्षा आवश्यक है लेकिन सुरक्षा के नाम पर स्कूल बंद कर विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित करना, आवागमन के साधन बंद कर लोगों को गंतव्य तक न पहुंचने देना, ठेला ई-रिक्शा व्यावसायिक गाड़ियां बंद कर व्यापार को प्रभावित करना कहीं से भी उचित नहीं समझा जा सकता। विपक्ष के तमाम नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर लोकतंत्र का खुला माखौल उड़ाया गया। ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि मुख्यमंत्री का

**❒ मुख्यमंत्री के आगमन पर शहर की नाकेबंदी को बताया गलत**

स्वागत व सुरक्षा आवश्यक है लेकिन नागरिक अधिकारों का हनन करके ऐसा करना जायज नहीं है। इस तरह की प्रवृत्ति से लोकतंत्र कमजोर होता है आगे से प्रशासन को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

## गौरीगंज के पूर्व विधायक के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अमेठी। गौरीगंज के चार बार विधायक रहे दादा तेजभान सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त किया है और राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने शोक संदेश पत्र परिजनों को प्रदान कर ढांढस बंधाया है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह के भतीजे राजेश सिंह के नाम सम्बोधित शोक संदेश पत्र में लिखा है कि आपके पूज्य ताऊ तेजभान सिंह जी के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर अत्यंत दुःख हुआ। तेजभान सिंह चार बार उत्तर प्रदेश की गौरीगंज विधानसभा के सदस्य रहे। वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक भी थे तथा वर्ष 1975 के आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिये आंदोलनरत रहे। वह अत्यंत मृदुभाषी, लोकप्रिय एवं कर्तव्यनिष्ठ एवं पार्टी के प्रति समर्पित नेता थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन संगठन, समाज एवं जनसेवा को समर्पित किया तथा क्षेत्र की जनता की भरपूर सेवा की। वह क्षेत्र के विकास के लिये सदैव प्रयासरत रहते थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा है कि तेजभान सिंह जी का निधन पार्टी, समाज व परिवार के लिये अपूरणीय क्षति है।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करे तथा आप सभी परिवारजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दे। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने सोमवार को उनके आवास ग्राम अचलपुर पहुंचकर परिजनों को शोक संदेश पत्र प्रदान किया और पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाते हुये उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। राज्यमंत्री के साथ गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, तिलोई के ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान रैली का हुआ शुभारंभ, बच्चों ने लगाए शिक्षा के नारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। 'हर बच्चा स्कूल, हर बच्चा शिक्षित' के संकल्प के साथ उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय भगवंतापुर में स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ किया गया। रैली का उद्देश्य गांव में शत-प्रतिशत नामांकन कर बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है।रैली की शुरुआत उच्च प्राथमिक विद्यालय भगवंतपुर परिसर से एआरपी अजय तोमर और ग्राम प्रधान सतीश गिरी ने झंडी दिखाकर की। नामांकित बच्चों, कार्यरत स्टाफ और अभिभावकों की टोली हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर गांव की गलियों से गुजरी। बच्चे 'स्कूल चलो अभियान', 'पढ़ेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया', 'बेटी पढ़ाओ, देश बढ़ाओ' जैसे स्लोगन लगाते हुए जनजागरण कर रहे थे।एआरपी अजय तोमर ने ग्रामीणों से अपील की कि 6 से 14 साल तक के हर बच्चे को स्कूल भेजा जाए। शिक्षा ही समाज और देश की तरक्की की कुंजी है। ग्राम प्रधान सतीश गिरी ने कहा कि ग्राम पंचायत बच्चों के नामांकन और ठहराव के लिए पूरा सहयोग करेगी। रैली में इंचार्ज अध्यापक सूर्य प्रकाश गंगवार, नूपुर पांडे, विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव, शुभम शुक्ला, रिंकी कुमारी, सायमा बी, एसएमसी अध्यक्ष हरनाम सिंह सहित अन्य स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर गांव में घर-घर जाकर अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाया और बच्चों को स्कूल भेजने का संकल्प दिलाया।

# गोंड व पर्याय जातियों को मिलेगा अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले में गोंड समाज और उसकी पर्याय जातियों के लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कलेक्ट्रेट के प्रभारी अधिकारी (शिकायत) को एक आधिकारिक आख्या भेजते हुए जिले की सभी तहसीलों में गोंड एवं उसकी पर्याय जातियों धुरिया, नायक, ओझा, पठारी और राजगोंड को नियमानुसार अनुसूचित जाति (एससी) का जाति प्रमाणपत्र जारी किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

यह मामला जयसिंहपुर विकास खंड के ग्राम वैदहा निवासी बृजेश कुमार गोंड की ओर से आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रिवेंस रिड्रेसल सिस्टम) पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया। शिकायत में उन्होंने मांग की थी कि सुल्तानपुर जिले की सभी तहसीलों में निवास करने वाले गोंड एवं धुरिया सहित उनकी पर्याय जातियों के लोगों को अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र जारी किया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। जिला समाज कल्याण

**❒ जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जारी किया पत्र**

अधिकारी ने अपनी आख्या में स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) और तहसीलदारों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में निवास कर रहे गोंड एवं उसकी पर्याय जातियों के पात्र लोगों को नियमानुसार अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र निर्गत करें। समाज कल्याण विभाग ने शिकायतकर्ता बृजेश कुमार गोंड को भी इस संबंध में की गई कार्रवाई और वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया है। साथ ही कलेक्ट्रेट स्तर से इस प्रकरण का निस्तारण किए जाने का अनुरोध भी किया गया है। प्रशासन की इस पहल से जिले के गोंड समाज और उसकी पर्याय जातियों के लोगों को जाति प्रमाणपत्र बनवाने में आ रही परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। यदि तहसील स्तर पर शासन के निर्देशों के अनुरूप प्रमाणपत्र जारी होने की प्रक्रिया प्रभावी ढंग से लागू होती है, तो पात्र लोगों को शिक्षा, रोजगार और विभिन्न सरकारी योजनाओं में अनुसूचित जाति वर्ग को मिलने वाले लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी।

## रेलवे ट्रैक के पास महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

अमेठी। थाना फुरसतगंज क्षेत्र के गांव सरवन के निकट रेलवे ट्रैक के पास सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात महिला का क्षत विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है।जानकारी के अनुसार महिला का शव रेलवे ट्रैक पर अलग अलग स्थानों पर दो हिस्सों में मिला। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि महिला ने रेलवे ट्रैक पर लेटकर आत्महत्या की हो हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। महिला के चेहरे पर भी कई चोटों के निशान पाये गये हैं जिनके संबंध में भी जांच की जा रही है।फिलहाल मृतका की पहचान नही हो सकी है। पुलिस सोशल मीडिया और आसपास के थानों की मदद से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि पहचान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# चौपाल, बहू बेटी सम्मेलन और एंटीरोमियो टीम के जरिए महिलाओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर । उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत सुलतानपुर पुलिस ने जनपदभर में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक चारूनिगम के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई।

अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिला बीट पुलिस अधिकारियों और मिशन शक्ति टीमों ने ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान महिलाओं की समस्याएं सुनी गईं और उनका विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान कराने का भरोसा दिलाया गया। साथ ही महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर पुलिस से बेझिझक संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। विभिन्न गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर श्बहूबेटी सम्मेलनश आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं और बालिकाओं को

**❒ पुलिस का मिशन शक्ति अभियान**

आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा और सुरक्षा के महत्व तथा बिना किसी भय के अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया।

इसी क्रम में थाना स्तर की एंटीरोमियो टीमों ने बाजारों, स्कूलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। टीमों ने जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए। अभियान के दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग की भी विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 108 (चिकित्सा सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) तथा 1930 (साइबर हेल्पलाइन) पर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है। सुलतानपुर पुलिस ने लोगों से अपील की कि महिला सुरक्षा और सम्मान को सामाजिक जिम्मेदारी मानते हुए किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## वन महोत्सव पर डिप्टी रेंजर के नेतृत्व में निकली 'पौधों की बारात'



**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वन महोत्सव सप्ताह को अनोखे अंदाज में मनाते हुए वन विभाग ने वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 'पौधों की बारात' निकाली। डिप्टी रेंजर कपिल कुमार के नेतृत्व में यह अनूठी बारात एक इंटर कॉलेज पूरनपुर से शुरू होकर आसाम रोड स्थित बंडा चौराहे तक पहुंची।बारात में स्कूल के छात्र-छात्राएं हाथों में फलदार, फूलदार और छायादार पौधे लेकर ढोल-नगाड़ों की धुन पर चल रहे थे। पोस्टर-बैनर के जरिए 'पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ', 'हरियाली ही जिंदगी है' जैसे नारे लगाए गए। रास्ते भर बच्चों ने आमजन को पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। बंडा चौराहे पर बारात का समापन वृक्षारोपण के साथ हुआ। डिप्टी रेंजर वन अधिकारी कपिल कुमार ने कहा कि पौधों की बारात निकालने का मकसद नई पीढ़ी को पर्यावरण से जोड़ना है। जब बच्चे पौधों को दूल्हे की तरह सजाकर चलेंगे तो समाज भी पेड़ों की कीमत समझेगा।इस कार्यक्रम में वन दरोगा सुरजीत कुमार, हर्षित मिश्रा, आशीष कुमार, निपेंद्र कुमार, इकबाल, अंकित कुमार, सिद्धार्थ मिश्रा, टीसी दिनेश कुमार, टाइगर ट्रैकर सुरेश मौर्य, कंधई लाल व सुरक्षा वाचर राजेश कुमार गौतम, सुरेंद्र कुमार, हरीश कुमार सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों एवं वन विभाग की इस प्रयास की सराहना की है।

## मेड़ काटने के विवाद में महिला से मारपीट का आरोप, पुलिस पर कार्रवाई न करने की शिकायत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंजाखेड़ा की एक महिला ने पड़ोसी पर खेत की मेड़ काटने, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है पीड़िता का कहना है कि 5 जुलाई को कोतवाली में शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई महिला के अनुसार, पड़ोसी अरुण और उसकी पत्नी मुन्नी देवी ने मेड़ काटने का विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि अरुण ने ईंट से हमला किया, जिससे उसके पैर में चोट आई पीड़िता ने घटना का वीडियो होने का दावा करते हुए पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## पूर्व सांसद द्वारा करए गए कार्यों को गिना रहे संतराम विश्वकर्मा

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे वरुण गांधी द्वारा कराए गए पूर्ण कार्यों को संतराम विश्वकर्मा गांव गांव जकर उनको गिनाने का कार्य कर रहे हैं। ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि संतराम विश्वकर्मा ने सोमवार को पूरनपुर क्षेत्र के महंद खास, प्रसादपुर, रामपुर, ककरौआ, नवदिया धनेश समेत कई गांवों में व्यापक जनसंपर्क कर ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्होंने क्षेत्र की समस्याएं सुनीं और संतराम विश्वकर्मा ने पूर्व सांसद वरुण गांधी को याद करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में आम जनता की छोटी से छोटी समस्या का भी त्वरित समाधान होता था। पूर्व सांसद वरुण गांधी ने सांसद रहते हुए राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया लोगों ने उनके द्वारा सांसद वेतन का बड़ा हिस्सा गरीब बच्चों की शिक्षा, अनाथालयों और जरूरतमंदों की सहायता में लगाने, किसानों की समस्याओं का स्वयं सर्वे कर राहत दिलाने, कोरोना महामारी के दौरान निजी संसाधनों से ऑक्सीजन उपलब्ध कराने तथा 'जनता रसोई' के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों तक भोजन पहुंचाने जैसे कार्यों को याद किया ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव संतराम विश्वकर्मा ने कहा कि वरुण गांधी ने पीलीभीत को अपना परिवार मानकर बिना किसी जाति और धर्म के भेदभाव के जनसेवा की उन्होंने कहा कि आपदा के समय जनता की मदद के लिए स्वयं आगे आने वाला जनप्रतिनिधि ही जनता के दिलों में अपनी जगह बनाता है उन्होंने कहा कि जनता सब कुछ देख रही है और समय आने पर सेवा और समर्पण का जवाब अपने मत से देगी संतराम विश्वकर्मा ने यह भी कहा कि पूर्व सांसद मेनिका गांधी पूर्व सांसद वरुण गांधी हमेशा पीलीभीत की जनता के सुख-दुख में साथ खड़े थे।

## सिलाई का सामान खरीदने निकली दो किशोरियां सकुशल बरामद, वन स्टॉप सेंटर में रखा गया

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र से सिलाई का सामान खरीदने के लिए बाजार गई दो किशोरियों के लापता होने के मामले में राहत भरी खबर सामने आई है दोनों किशोरियों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है उनके वापस लौटने के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार, कपुरपुर निवासी प्यारेलाल की 22 वर्षीय पुत्री शिवानी और पड़ोसी जितेंद्र कुमार की 14 वर्षीय पुत्री अंशिका वर्मा सोमवार को सिलाई का सामान खरीदने के लिए पूरनपुर बाजार गई थीं देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला इसके बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा संख्या 295/26 धारा 87 एवं 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की विवेचना उपनिरीक्षक अरुण कुमार को सौंपी गई पुलिस ने बाजार और रेलवे स्टेशन क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा आसपास के लोगों से भी पूछताछ की इसी बीच दोनों किशोरियां स्वयं वापस लौट आईं सूचना मिलते ही पुलिस ने उन्हें अपने संरक्षण में लेकर आवश्यक पूछताछ की नियमानुसार दोनों को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है, जहां उन्हें सुरक्षित रखा गया है पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों किशोरियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं बयान और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है इस मामले के सकुशल पटाक्षेप से परिजनों ने राहत की सांस ली है।

## सीएम के दौरे से पहले कांग्रेस व सपा के कुछ नेता हाउस अरेस्ट

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे से पहले मंगलवार को जिला पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कई नेताओं को उनके आवासों पर ही रोक दिया। वहीं समाजवादी पार्टी के चार नेताओं को हिरासत में लेकर नगर कोतवाली ले जाया गया। पुलिस की कार्रवाई की जद में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवम पांडे, सपा नेता राजू चौधरी, कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा, सपा के शहर विधानसभा अध्यक्ष गुफरान अहमद श्सैफीश, सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद, अमरीश कांत गौतम, नौशाद कुरैशी और सुल्तान खान सहित कई विपक्षी नेता रहे। इनमें से शहजाद अहमद, अमरीश कांत गौतम, नौशाद कुरैशी और सुल्तान खान को बाद में पुलिस हिरासत में लेकर नगर कोतवाली पहुंचाया गया। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी संभावित विरोध-प्रदर्शन को रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई एहतियातन की गई। वहीं, विपक्षी नेताओं ने इस कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया और विरोध दर्ज कराया।

## साइबर अपराधों से बचाव एवं बाल संरक्षण को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय बालिका इण्टर कालेज असैदापुर में साइबर सुरक्षा एवं बाल संरक्षण विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, पता, विद्यालय का नाम, मोबाइल नंबर, आधार संख्या, ओटीपी एवं पासवर्ड किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। उन्होंने कहा कि आनलाइन गेम या सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त संदिग्ध लिंक फर्जी हो सकते हैं इसलिये ऐसे लिंक को खोलने से बचें। साथ ही सोशल मीडिया या गेमिंग प्लेटफॉर्म पर मिले अजनबियों के साथ वीडियो काल, फोटो अथवा निजी जानकारी साझा न करें यदि कोई व्यक्ति आनलाइन धमकी देता है, अभद्र भाषा का प्रयोग करता है या किसी प्रकार से परेशान करता है तो इसकी सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें। चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर रोशन लाल ने बच्चों से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई बच्चा किसी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न, शोषण या संकट की स्थिति में है तो चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर तत्काल सूचना दर्ज कराई जा सकती है। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क एवं चौबीस घण्टे उपलब्ध है। कार्यक्रम में एएचटीयू से हेड कांस्टेबल शिव प्रताप सिंह ने विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना समय पर देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीता वर्मा, नमिता वर्मा, राखी देवी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## भावी पीढ़ी को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिये पौधरोपण जरुरी : डीएम

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वन महोत्सव सप्ताह के तहत सोमवार को नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज के प्रांगण में जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू व अपर जिलाधिकारी ज्योति सिंह ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा भावी पीढ़ी को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ''आम बाहर आपके द्वार'' अभियान के अंतर्गत विद्यालय के छात्र छात्राओं को पौध भंडारा योजना के तहत आम के पौधों का वितरण किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों से ''एक पेड़ मां के नाम'' अवश्य लगाने तथा उसका संरक्षण करने का संकल्प दिलाया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका संरक्षण करने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है पर्यावरण संतुलन बनाए रखना, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से वन महोत्सव सप्ताह तथा वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। डीएम ने समस्त नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि वह अपने घर, विद्यालय, कार्यालय, खेत एवं सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधे लगाए तथा उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी छात्र-छात्राएं व जन सामान्य उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# जीवन-रक्षक न्यायिक पहल

कैसी विडंबना है कि जिस जिम्मेदार व्यवहार को शासन-प्रशासन को अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए करना चाहिए, उसकी पहल अदालत को करनी पड़ रही है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक जरूरी नागरिक समस्या की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान दिलाया है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है- सड़कों के किनारे छोड़े गए दुर्घटनाग्रस्त वाहन। जिनसे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दरअसल, शिमला एयरपोर्ट तक जाने वाली सड़क और जिला अदालत के आस-पास पड़ी अनेक दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को देखकर ही अदालत ने यह बात कही। कोर्ट का कहना है कि ये दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियां सड़क सुरक्षा के लिये खतरा और पर्यावरण के लिये नुकसानदेह हैं। निस्संदेह,यह प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। पहाड़ी राज्यों में, जहां सड़कें संकरी और घुमावदार होती हैं और लगातार भूस्खलन का खतरा बना रहता है, वहां सड़क की हर इंच जगह कीमती होती है। तार्किक ही है कि छोड़ी गई गाड़ियां सड़क की चौड़ाई को कम कर देती हैं। वहीं दूसरी ओर तीव्र मोड़ों पर देखने में बाधा डालती हैं। ये आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही में भी बाधक बनती हैं। निस्संदेह, इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में जब फिसलन भरी सड़कों और कम दृश्यता के कारण वाहन चालक पहले ही ड्राइविंग में मुश्किलों का सामना कर रहे होते हैं। ऐसे में सड़कों को कबाड़खाने में तब्दील करने की इजाजत किसी भी कीमत पर नहीं दी जा सकती। दूसरी तरफ इन दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव की भी अनदेखी नहीं की जा सकती। इनका पर्यावरण पर पड़ने वाला प्रभाव भी एक गंभीर समस्या है। क्षतिग्रस्त वाहनों से अक्सर ईंधन, इंजन ऑयल,कूलेंट, ब्रेक फ्लूइड तथा बैटरी एसिड रिसता रहता है।

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक जरूरी नागरिक समस्या की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान दिलाया है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है- सड़कों के किनारे छोड़े गए दुर्घटनाग्रस्त वाहन। जिनसे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दरअसल, शिमला एयरपोर्ट तक जाने वाली सड़क और जिला अदालत के आस-पास पड़ी अनेक दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को देखकर ही अदालत ने यह बात कही।

जिससे मिट्टी तथा जल-स्रोत प्रदूषित हो सकते हैं। हिमालय पर्वत शृंखलाओं जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में इस तरह के प्रदूषण के दूरगामी घातक प्रभाव हो सकते हैं। निश्चित रूप से पुलिस, परिवहन विभाग, नगर निकायों, बीमा कंपनियों और न्यायपालिका के बीच तालमेल न होने के कारण ही समस्या जटिल बनी हुई है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के संबंध में जांच लंबित होने, बीमा संबंधी विवादों और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के लिये निर्धारित जगह न होने से यह समस्या जटिल बनी हुई है। इन सभी कारणों से ये दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़कों के किनारे यूं ही पड़े रहते हैं। यही वजह है कि हाईकोर्ट ने समस्या के निदान के लिये एक कारगर एक्शन प्लान की मांग की है। जिसमें जब्त वाहनों के लिये खास यार्ड बनाने, डिजिटल तरीके से पड़ताल, जब्त वाहनों को छोड़ने के लिये समयबद्ध प्रक्रिया और स्क्रैपिंग सेंटरों के जरिये वैज्ञानिक तरीके से रीसाइक्लिंग की सख्त जरूरत है। देश की शीर्ष अदालत ने भी बार-बार कहा है कि जब्त गाड़ियों को अनिश्चित समय के लिये सड़कों पर सड़ने के लिये नहीं छोड़ा जा सकता। सड़क सुरक्षा के मायने सिर्फ ट्रैफिक नियमों को लागू करवाना या संरचना को बेहतर बनाना ही नहीं है। वास्तव में लोगों की जान बचाने के लिये दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सार्वजनिक स्थानों से हटाना भी एक बुनियादी प्रशासनिक जिम्मेदारी है।

# डिजिटल क्रांति के दौर में बढ़ते साइबर अपराध, बड़ी चुनौती

डिजिटल क्रांति ने भारत को अभूतपूर्व गति, सुविधा और पारदर्शिता प्रदान की है। आज मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने सामान्य नागरिक के जीवन को सरल और सक्रिय बनाया है। भारत विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से उभर रहा है और 'डिजिटल इंडिया' तथा 'विकसित भारत-2047' का सपना इसी तकनीकी परिवर्तन पर आधारित है। किंतु इस उजले परिदृश्य के समानांतर एक भयावह अंधेरा भी तेजी से फैल रहा है-साइबर अपराधों का बढ़ता साम्राज्य। डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन वित्तीय ठगी, फिशिंग, पहचान की चोरी, निवेश घोटाले, व्यक्तिगत गोपनीयता पर सेंध, सोशल मीडिया के माध्यम से अपराध, बाल यौन शोषण सामग्री का प्रसार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दुरुपयोग आज केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक नैतिकता के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। विडंबना यह है कि जिस तकनीक का उद्देश्य मनुष्य के जीवन को सुरक्षित, सुविधाजनक और ज्ञानसमृद्ध बनाना था, वही तकनीक अपराधियों के लिए सबसे प्रभावी हथियार बनती जा रही है। इंटरनेट की असीम संभावनाओं का लाभ जितनी तेजी से समाज ने उठाया है, उतनी ही तेजी से अपराधियों ने भी उसे अपने हित में ढाल लिया है। परिणामस्वरूप डिजिटल दुनिया में विश्वास का संकट गहराता जा रहा है। डिजिटल व्यवस्था की सबसे बड़ी पूंजी विश्वास है। जब कोई नागरिक मोबाइल पर क्यूआर कोड स्कैन करता है, यूपीआई से भुगतान करता है या किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर निवेश करता है, तब वह केवल तकनीक पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल तंत्र की विश्वसनीयता पर भरोसा करता है। यदि यही भरोसा लगातार साइबर ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, नितांत व्यक्तिगत सूचनाओं के सार्वजनिक होने के भय, निवेश घोटालों और पहचान की चोरी जैसी घटनाओं से टूटने लगे, तो डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव कमजोर पड़ जाएगी। जिस प्रकार नकली मुद्रा का प्रसार पूरी आर्थिक व्यवस्था को संकट में डाल देता है, उसी प्रकार डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना कैशलेस अर्थव्यवस्था की अवधारणा को कमजोर कर सकता है। परंपरागत अपराधों और साइबर अपराधों में मूलभूत अंतर है। पहले अपराध किसी निश्चित क्षेत्र तक सीमित रहते थे, अपराधी की पहचान और गिरफ्तारी की संभावना अपेक्षाकृत अधिक होती थी। आज साइबर अपराधी हजारों किलोमीटर दूर बैठकर कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। उसके लिए जोखिम न्यूनतम और लाभ अधिकतम है। यही असंतुलन साइबर अपराध को अत्यंत खतरनाक बनाता है। अपराध का यह नया स्वरूप सीमाओं, भाषाओं और कानूनों की पारंपरिक सीमाओं को भी चुनौती दे रहा है। चिंता केवल आर्थिक अपराधों तक सीमित नहीं है। हाल के दिनों में सोशल मीडिया मंचों पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री के प्रचार-प्रसार के आरोपों ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। यदि लोकप्रिय डिजिटल मंचों पर पैसे लेकर ऐसे विज्ञापन प्रसारित हो सकते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं बल्कि नैतिक और सामाजिक विफलता भी है। प्रश्न यह भी है कि क्या सोशल मीडिया कंपनियां केवल स्वयं को तकनीकी मंच कहकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो सकती हैं? जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और एल्गोरिद्म यह तय करते हैं कि कौन-सा विज्ञापन किस व्यक्ति तक पहुंचेगा, तब उन मंचों की जवाबदेही भी उतनी ही बड़ी हो जाती है। आज अनेक डिजिटल प्लेटफॉर्म आपत्तिजनक सामग्री हटाने का दावा करते हैं, किंतु व्यवहार में उनकी प्राथमिकता कई बार राजस्व और व्यावसायिक हित प्रतीत होती है। यदि बाल यौन शोषण, अश्लीलता, साइबर ठगी या संगठित अपराध से जुड़े विज्ञापन और सामग्री लंबे समय तक सक्रिय रह सकते हैं, तो यह केवल अपराधियों की सफलता नहीं, बल्कि डिजिटल मंचों की जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलन बनाए बिना डिजिटल समाज स्वस्थ नहीं रह सकता।

डिजिटल व्यवस्था की सबसे बड़ी पूंजी विश्वास है। जब कोई नागरिक मोबाइल पर क्यूआर कोड स्कैन करता है, यूपीआई से भुगतान करता है या किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर निवेश करता है, तब वह केवल तकनीक पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल तंत्र की विश्वसनीयता पर भरोसा करता है। यदि यही भरोसा लगातार साइबर ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, नितांत व्यक्तिगत सूचनाओं के सार्वजनिक होने के भय, निवेश घोटालों और पहचान की चोरी जैसी घटनाओं से टूटने लगे, तो डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव कमजोर पड़ जाएगी। जिस प्रकार नकली मुद्रा का प्रसार पूरी आर्थिक व्यवस्था को संकट में डाल देता है, उसी प्रकार डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना कैशलेस अर्थव्यवस्था की अवधारणा को कमजोर कर सकता है। परंपरागत अपराधों और साइबर अपराधों में मूलभूत अंतर है।



साइबर अपराध का सबसे दुखद पक्ष पीड़ित की मानसिक पीड़ा है। जीवनभर की बचत कुछ मिनटों में गायब हो जाती है। इसके बाद पुलिस, बैंक और साइबर हेल्पलाइन के चक्कर लगते हैं, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण अधिकांश मामलों में धन वापस नहीं मिल पाता। इससे नागरिक के भीतर व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है। यदि अपराधी को दंड न मिले और पीड़ित को राहत न मिले, तो कानून का भय भी समाप्त होने लगता है। भारत सरकार ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, हेल्पलाइन, साइबर क्राइम समन्वय केंद्र तथा डिजिटल सुरक्षा संबंधी अनेक पहलें शुरू की गई हैं। न्यायपालिका ने भी ऑनलाइन धोखाधड़ी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर गंभीर चिंता व्यक्त की है। फिर भी नीति और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच बड़ी दूरी दिखाई देती है। शिकायत दर्ज होने के बाद शुरुआती कुछ घंटे सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। यदि इसी अवधि में बैंक खाते फ्रीज कर दिए जाएं और धन के प्रवाह को रोक दिया जाए तो बड़ी राशि बचाई जा सकती है। लेकिन अक्सर कार्रवाई में देरी अपराधियों के पक्ष में चली जाती है। डिजिटल सुरक्षा अब केवल पुलिस का विषय नहीं रही। यह आर्थिक नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, शिक्षा, प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से जुड़ा बहुआयामी प्रश्न बन चुकी है। विकसित देशों ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के समान महत्व दिया है। विशेष एजेंसियां, अत्याधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित विशेषज्ञ, रियल टाइम डेटा साझा करने की व्यवस्था और कठोर दंडात्मक कानून वहां की व्यवस्था का हिस्सा हैं। भारत को भी इसी दिशा में और अधिक सुदृढ़ कदम उठाने होंगे। स्थानीय पुलिस को डिजिटल फॉरेंसिक, ब्लॉकचेन विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जांच और अंतरराष्ट्रीय साइबर कानूनों का प्रशिक्षण देना समय की आवश्यकता है। इसके साथ ही नागरिक जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। तकनीक जितनी उन्नत होगी, अपराधी भी उतने ही नए तरीके खोजेंगे। इसलिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता को जनआंदोलन बनाया जाना चाहिए। लोगों को संदिग्ध लिंक, फर्जी कॉल, निवेश योजनाओं और सोशल मीडिया के छल-प्रपंचों से बचने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि सुरक्षा का पूरा दायित्व नागरिक पर डालकर सरकार, बैंक और डिजिटल कंपनियां अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकतीं। सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराना संस्थागत दायित्व है। भ्रष्टाचार, लापरवाही और कमजोर केवाईसी व्यवस्था भी साइबर अपराध को बढ़ावा देती है। यदि फर्जी पहचान के आधार पर बैंक खाते खुलते हैं, यदि भुगतान प्लेटफॉर्म समय पर संदिग्ध लेन-देन नहीं रोकते, यदि आंतरिक मिलीभगत से अपराधियों को सुविधा मिलती है, तो यह केवल तकनीकी दोष नहीं बल्कि संस्थागत अपराध है। इसलिए पारदर्शी ऑडिट, कठोर उत्तरदायित्व और सख्त दंड व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। साइबर अपराध अब किसी एक देश की समस्या नहीं रहा। इंटरनेट की दुनिया में अपराधी सीमाओं से मुक्त हैं, इसलिए समाधान भी वैश्विक होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सहित विश्व की प्रमुख शक्तियों को साइबर अपराध के विरुद्ध साझा कानूनी ढांचा, त्वरित सूचना आदान-प्रदान और तकनीकी सहयोग विकसित करना होगा। जिस प्रकार आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग आवश्यक माना गया, उसी प्रकार साइबर अपराध के विरुद्ध भी विश्वव्यापी समन्वय समय की मांग है। अंततः डिजिटल क्रांति का वास्तविक उद्देश्य केवल तकनीकी प्रगति नहीं, बल्कि मानव जीवन को अधिक सुरक्षित, समृद्ध और सम्मानजनक बनाना है। यदि यही क्रांति भय, असुरक्षा और अविश्वास का कारण बनने लगे, तो उसकी सफलता अधूरी रह जाएगी। डिजिटल भारत की वास्तविक शक्ति उसके ऐप्स, सर्वरों और आंकड़ों में नहीं, बल्कि उस विश्वास में निहित है, जिसके साथ करोड़ों नागरिक प्रतिदिन अपने मोबाइल पर एक-एक लेन-देन करते हैं। आज आवश्यकता केवल तकनीकी समाधान की नहीं, बल्कि तकनीक, नैतिकता, कानून और उत्तरदायित्व के समन्वित मॉडल की है। सरकार को कठोर कानून, त्वरित न्याय और सक्षम जांच तंत्र विकसित करना होगा, डिजिटल कंपनियों को अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करना होगा, वित्तीय संस्थानों को सुरक्षा और जवाबदेही बढ़ानी होगी और नागरिकों को डिजिटल अनुशासन अपनाना होगा। साइबर अपराध और भारतीय डिजिटल जीवनशैली के बीच संतुलन ही विकसित भारत की सबसे बड़ी कसौटी है। यदि यह संतुलन स्थापित हो गया, तो डिजिटल भारत विश्व का सबसे विश्वसनीय डिजिटल लोकतंत्र बन सकता है, अन्यथा तकनीकी उपलब्धियां भी अविश्वास के बोझ तले दम तोड़ देंगी। **– ललित गर्ग**

# वायुमण्डलीय ट्रैफिक जाम की चपेट में यूरोप

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

बात अचरज भरी लग सकती है पर सही मायने में देखा जाए तो यूरोप जिस तरह हीटवेव की चपेट में आया है, उसका बड़ा और प्रमुख कारण वायुमण्डलीय ट्रैफिक जाम है। यूरोपीय देश गंभीर हीटवेव की चपेट में हैं। इस तरह की हीटवेव का कारण ओमेगा ब्लॉक की स्थिति होती है। यूरोप के वायुमण्डल में हीट डोम बनने के कारण ऐसा हुआ है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि सामान्य रुप से हवाएं पश्चिम से पूर्व की ओर बहते हुए आगे बढ़ती है। ओमेगा ब्लॉक की स्थिति में हवाएं उत्तर और दक्षिण की ओर मुड़कर ग्रीक शब्द ओमेगा का आकार बना लेती है और इस तरह वायुमण्डल में ट्रैफिक जाम के हालात हो जाते हैं। इससे आसमान साफ हो जाता है, गर्म हवाएं क्षेत्र विशेष में फंस जाती है और सूरज की किरणें सीधे उस इलाके में पड़ने लगती है। यह स्थिति तेज गर्मी और उसके असर के रूप में सामने आती है। इसी वजह से हीटवेव का असर अधिक हो जाता है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि सामान्यतः यह हालात दो-तीन दिन या सप्ताह तक रह सकते हैं पर इस बार यूरोप में यह दौर लंबा चला। इससे इंग्लैण्ड, फ्रांस, इटली, जर्मनी सहित यूरोप के करीब 23 देश प्रभावित हैं। आस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी और सिडनी यूनिवर्सिटी की नेचर पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों ने छह बड़े हीटवेवों का अध्ययन किया है। जलवायु परिवर्तन, नमी बढ़ने, गगनचुंबी इमारतों में तापमान रोधक सामग्री का उपयोग ना के बराबर होने और सुविधा के नाम पर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के अत्यधिक उपयोग से वातावरण प्रभावित हो रहा है। सामान्यतः यह माना जाता है कि अधिक गर्मी बच्चों-बुजुर्गो के लिए जानलेवा हो जाती है पर इस बार की हीटवेव अपना रौद्र रुप दिखा रही है। दरअसल, यूरोपवासी इतनी गर्मी के आदी भी नहीं हैं। इसके साथ हीटवेव का असर इतना अधिक है कि शरीर स्वयं अपने आपको तापमान अनुकूल नहीं बना पा रहा है। यूरोप में हीटवेव के चलते हालात इतने खराब हो गए कि सड़कों की डामर पिघल गई, रेल की पटरियां टेड़ी-मेड़ी हो गई। इससे हालात की गंभीरता को समझा जा सकता है। इसके कारण यातायात तक बाधित हो गया है। हीटवेव के कारण जंगलों में आग के समाचार आम हो रहे हैं तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालात के चलते चेतावनी जारी की है। यूरोपीय देशों में तापमान 40 सेल्सियस से अधिक पहुंच गया और इससे जनजीवन बुरी तक प्रभावित हो गया है। देखा जाए तो यूरोप का मौसम संतुलन बिगड़ गया है। प्रकृति के साथ अत्यधिक छेड़छाड़ का परिणाम समूचा विश्व भुगत रहा है। तापमान में बढ़ोतरी वैश्विक है पर यूरोप में इस बार हीटवेव के हालात अधिक गंभीर हो गये हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो हीटवेव के कारण यूरोप में एक तरह से हेल्थ इमरजेंसी के हालात बन गए और तेज गर्मी के कारण मौसम जनित बीमारियों और हीटवेव की चपेट में आने से बड़ी संख्या में लोगों को जीवन से हाथ धोना पड़ा है। प्रकृति की नाराजगी का असर अब गंभीरता से सामने आ रहा है। जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त हो रहा है, वहीं विश्लेषकों की मानें तो यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था पर आज के हालात में 11 लाख करोड़ का असर पड़ने की आशंका है, वहीं साल 2030 तक यूरोप को 61 लाख करोड़ का नुकसान भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। सीधी-सी बात है कि यह प्राकृतिक प्रकोप एक दिन की देन नहीं है। हालात को देखते हुए यूरोपीय देशों में एयर कण्डीशनर जैसे उपकरणों की अत्यधिक मांग बढ़ी है। यहां तक कि इंग्लैण्ड में 300 फीसदी से अधिक तो फ्रांस में हजार फीसदी तक मांग बढ़ गई है। इसके साथ तापमान नियंत्रित करने वाले अन्य उपकरण फ्रीज आदि की मांग बढ़ी है। हीटवेव का असर जहां सीधे तौर पर स्वास्थ्य पर पड़ता है वहीं, पूरी इकोनॉमी को तहस-नहस करने या प्रभावित करने में हीटवेव की भूमिका रहती है। स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने के साथ हीटवेव के कारण हालात सबकुछ ठहर जाने जैसे हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि ओमेगा ब्लॉक पहली बार बन रहे हों बल्कि ओमेगा ब्लॉक पहले भी बनते रहे हैं पर एक ओर जिस तरह धरती का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है और जिस तरह ग्लेशियरों की पिघलने की गति तेज हुई और प्रदूषण का स्तर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है उसके गंभीर दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। अब ओमेगा ब्लॉक की अवधि बढ़ती जा रही है। इसका प्रभाव पहले से अधिक गंभीर रहा है। ऐसे में कहीं-ना-कहीं गंभीर प्रयास करने होंगे ताकि इस तरह के हालात ना हो। हमें इस तरह के हालात बनाने होंगे जो प्रकृति अनुकूल हो। अन्यथा पृथ्वी पर जीवन को ही संकट में डालने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# रोजाना पिएं पालक का जूस, शरीर को मिलेंगे जबरदस्त फायदे

पालक को सबसे पौष्टिक सब्जियों में गिना जाता है। पालक की पत्तियों में ढेर सारे मिनरल्स, विटामिन्स और कई प्रकार के न्यूट्रीएंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते है। पालक को सब्जी के रूप में खाने से ज्यादा इसका जूस पीना फायदेमंद होता है। पालक के जूस में विटामिन ए, सी, ई, के और बी कॉम्प्लेक्स अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा इसमें मैगनीज, कैरोटीन, आयरन, आयोडीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, सोडियम, थायमिन, फॉलेट, फॉस्फोरस और आवश्यक अमीनो एसिड्स भी पाए जाते हैं। ये सभी तत्व न सिर्फ आपको स्वस्थ रखते हैं, बल्कि शरीर को कई बड़ी बीमारियों से भी बचाते हैं। पालक में मौजूद कैरोटीन और क्लोरोफिल कैंसर से बचाव में सहायक हैं। रिसर्च बताती हैं कि हरे पत्तेदार पालक ब्रेस्ट कैंसर को रोकने में मददगार है। पालक को आंखों की रोशनी के लिए भी अच्छा माना जाता है। पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने के लिए भी पालक का जूस पीने की सलाह दी जाती है। पालक में पोटैशियम भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। पालक का जूस शरीर के जहरीले पदार्थों को बाहर निकालने में मददगार होता है। इसके अलावा अगर आपको कब्ज की समस्या है तो भी ये आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा। पालक में विटामिन के और कैल्शियम की अच्छी मात्रा होती है। ऐसे में पालक का जूस पीने से आपकी हड्डियां काफी मजबूत होती हैं। ये शरीर के जोड़ों में होने वाली बीमारी जैसे आर्थराइटिस, ऑस्टियोपोरोसिस की भी संभावना को घटाता है। अगर आपको त्वचा से जुड़ी कोई समस्या है तो पालक का जूस पीना आपके लिए काफी फायदेमंद रहेगा। पालक के जूस में विटामिन ए और सी पाया जाता है। विटामिन सी शरीर की फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करता है, जिसके कारण आपकी त्वचा लंबी उम्र तक जवान बनी रहती है और बुढ़ापे के लक्षण जल्दी नजर नहीं आते हैं। विटामिन ए बालों और आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

## धर्म मंत्र

# कालाष्टमी की प्रामाणिक और पौराणिक कथा

हिन्दू पौराणिक कथा के अनुसार हिन्दू कैलेंडर में हर माह आने वाली कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि मासिक कालाष्टमी पर्व के रूप में मनाई जाती है। यह अष्टमी भगवान भैरव को समर्पित है तथा इसे काला अष्टमी भी कहा जाता है। यह तिथि भगवान भैरव से असीम शक्ति प्राप्त करने का समय मानी जाती है अतः इस दिन पूजा और व्रत करने का विशेष महत्व है। कालाष्टमी की एक पौराणिक कथा के अनुसार एक बार की बात है कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश इन तीनों में श्रेष्ठता की लड़ाई चली। इस बात पर बहस बढ़ गई, तो सभी देवताओं को बुलाकर बैठक की गई। सबसे यही पूछा गया कि श्रेष्ठ कौन है? सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और उत्तर खोजा लेकिन उस बात का समर्थन शिवजी और विष्णु ने तो किया, परंतु ब्रह्माजी ने शिवजी को अपशब्द कह दिए। इस बात पर शिवजी को क्रोध आ गया और शिवजी ने अपना अपमान समझा। शिवजी ने उस क्रोध में अपने रूप से भैरव को जन्म दिया। इस भैरव अवतार का वाहन काला कुत्ता है। इनके एक हाथ में छड़ी है। इस अवतार को 'महाकालेश्वर' के नाम से भी जाना जाता है इसलिए ही इन्हें दंडाधिपति कहा गया है। शिवजी के इस रूप को देखकर सभी देवता घबरा गए। भैरव ने क्रोध में ब्रह्माजी के 5 मुखों में से 1 मुख को काट दिया, तब से ब्रह्माजी के पास 4 मुख ही हैं। इस प्रकार ब्रह्माजी के सिर को काटने के कारण भैरवजी पर ब्रह्महत्या का पाप आ गया।

पर्यटन



# मानसून में उत्तराखण्ड की खूबसूरती का होता है नया रंग, फोटोग्राफी के लिए हैं बेस्ट

भारत में कुछ एक जगहें ऐसी हैं जो मानसून में घूमने-फिरने के लिए हैं बेस्ट। हरे-हरे घास के मैदान पर रंग-बिरंगे फूलों की बिछी चादर देखकर ऐसा लगता है जैसे आप किसी फिल्म के शूटिंग लोकेशन पर घूम रहे हैं। घूमने के अलावा ये जगहें फोटोग्राफी के लिहाज से भी हैं बेहतरीन। मानसून प्रकृति में कितने परिवर्तन ला सकता है इसका साक्षात अनुभव यहीं हो सकता है। बरसात के दौरान यहां चार सौ से ज्यादा प्रकार के फूल खिलते हैं। फूलों की घाटी धरती की सुंदरतम जगहों में से एक है। बारिश के मौसम में जब लगभग सभी रंगों के फूल खिलते हैं, तो यहां घूमने का आनंद कई गुना बढ़ जाता है। फूलों से प्रेम करने वालों के लिए यह स्थान स्वर्ग है। दोनों ओर से पहाड़ों से घिरी घाटी हो, पहाड़ों पर फैली गहरी हरियाली हो और उस हरियाली से निकलते रंग-बिरंगे फूल हों। कहीं दूर से उठती धुंध और उसके ऊपर काले सफ़ेद बादल का साम्राज्य हो फिर पास ही कहीं ऊपर से बहकर आते पानी की कल-कल का मधुर संगीत हो तो मन क्यों न रुक जाए। इन सबके बीच वहां विचरने का आनंद कौन न उठाना चाहेगा। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित यह घाटी एक राष्ट्रीय उद्यान और यूनेस्को द्वारा संरक्षित स्थलों में से एक है। बरसात में ट्रेकिंग पसंद करने वाले लोगों के लिए यह एक आदर्श स्थान है। यही कारण है कि देश-विदेश से प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। बर्फ, पहाड़, बादल, झरने, हरियाली और विभिन्न प्रकार के पुष्पों का अद्भुत संयोग यहां के अलावा कहीं नजर नहीं आता। वैसे तो नॉर्थ ईस्ट की हर एक जगह बहुत ही खूबसूरत है लेकिन सिक्किम के यमथांग वैली जैसा अनोखा नजारा शायद ही यहां कहीं और देखने को मिले। समुद्र तल से 11,693 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस वैली आकर आप तरह-तरह के रंग-बिरंगे और खूबसूरत फूल देख सकते हैं। रोडोडेंड्रन फूलों की कम से कम 24 वैराइटी यहां देखने को मिलती है। यहां आकर आपको बिल्कुल ऐसा लगेगा जैसे आप फिल्म के किसी रोमांटिक लोकेशन पर घूम रहे हैं।

# चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❑ रामसनेहीघाट का चर्चित प्रकरण अब भी अटका ❑ डीएम की सख्ती के बावजूद 200 बीघा झील-वन भूमि का मामला एक साल से लंबित

बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने और चकबंदी प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी चकबंदी अधिकारी नियमित क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें तथा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

डीएम ने धारा-7, 8, 9, 10, 20, 23, 24, 27 और 52 के अंतर्गत चल रहे कार्यों की ग्रामवार समीक्षा की। सलेमाबाद, ओदार, बहरौली, कुसौरा, सरैया मकबूल नगर, कंाहीपुर, बिजौली, मौलाबाद, डिंगरी सहित अन्य गांवों में लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने, अभिलेखों के अद्यतनकरण, कब्जा दिलाने तथा ग्रामीणों की आपत्तियों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इसी बीच रामसनेहीघाट तहसील का करीब 200 बीघा झील एवं वन भूमि से जुड़ा चर्चित मामला अब भी एक वर्ष से अधिक समय से लंबित बना हुआ है। आधिकारिक अभिलेखों के अनुसार, तालाब खाते की भूमि पर कथित अवैध नामांतरण को निरस्त कराने के लिए जून 2025 में चकबंदी न्यायालय में अपील दायर की गई थी। संबंधित खातेदार की मृत्यु के बाद उसके वारिसों का विवरण उपलब्ध न होने के कारण मामला आगे नहीं बढ़ सका। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रसूखवाले भूमाफियाओं के कब्जे से सरकारी झील एवं वन भूमि आज तक मुक्त नहीं हो सकी है।,वेश कीमती झील भूमि व जंगल की जमीन पर कब्जा जमाए लोगों को सत्ता दल के एक कद्दावर की संलिप्तता भी चर्चा में है।राजस्व विभाग के कुछ कर्मियों की मिलीभगत के कारण कार्रवाई में लगातार विलंब हो रहा है। ऐसे में डीएम की समीक्षा बैठक के बाद इस लंबे समय से लंबित प्रकरण के शीघ्र निस्तारण और सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की उम्मीद बढ़ गई है।

# भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों का सिरौली रामनगर में भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत तथा प्रदेश मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव का मंगलवार को रामनगर क्षेत्र में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। बिंदौरा, रानीबाजार और रामनगर चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। इसके बाद दोनों नेता श्री लोधेश्वर महादेव धाम पहुंचे और जलाभिषेक व पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि तथा संगठन की मजबूती की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

''सिरौलीगौसपुर'' बदोसराय कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री उपेंद्र सिंह रावत, प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव और पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी का भव्य स्वागत किया। बुलडोजर से पुष्पवर्षा कर नेताओं का अभिनंदन किया गया। इस दौरान उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा बाराबंकी की सभी छह सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर रही है। स्वागत के बाद नेताओं ने तीर्थ श्रीकोंटवा धाम पहुंचकर से स्वामी जगजीवन साहब के मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

# योगी सरकार प्रदेश में बड़े पैमाने पर स्थापित करेगी बायोगैस संयंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गो संरक्षण अभियान को आईआईटी दिल्ली की टेक्नोलॉजी से नई गति मिलने वाली है। आईआईटी दिल्ली के प्रोफ़ेसर और विशेषज्ञों की टीम यूपी में बड़े पैमाने पर बायोगैस संयंत्र स्थापित करने में तकनीकी सहयोग करेगी। इससे प्रदेश के हर जिले में मॉडल विलेज का सपना साकार होगा। गो सेवा और बायोगैस के जरिए यूपी की तस्वीर पूरी तरह बदलने का योगी सरकार का विजन अब धरातल पर उतर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर झांसी के ग्राम पलींदा में 18 बायोगैस स्थापित किए गए हैं। इस समूचे गांव को प्राकृतिक कृषि ग्राम बनाया जा रहा है। इसी तरह से प्रदेश के हर जिले में एक मॉडल विलेज बनाने की दिशा में बड़ी शुरुआत की गई है। आईआईटी दिल्ली के बायोगैस डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर के प्रोफ़ेसर वीरेंद्र कुमार विजय के नेतृत्व में छात्रों की टीम यूपी में इस अभियान को आगे बढ़ा रही है।

टीम में रत्नेश तिवारी, अक्षय श्रीवास्तव, चिंतन दवे और डॉ. मंगाराम शामिल हैं। ये विशेषज्ञ गांवों में बायोगैस प्लांट लगाने, रखरखाव में सहयोग और तकनीकी सपोर्ट देंगे। झांसी के ग्राम पलींदा में पहले चरण में 18 बायोगैस प्लांट स्थापित किए गए हैं। योजना है कि यहां हर घर में बायोगैस पहुंच जाए, जिससे पूरा गांव प्राकृतिक कृषि ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। गोबर से बनी बायोगैस के जरिए खाना पकाने का ईंधन सहजता से उपलब्ध होगा। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि बायोगैस संयंत्र होने से गांवों में रासायनिक खादों की जरूरत समाप्त हो जाएगी। किसानों को बेहतरीन ऑर्गेनिक खाद मिलेगी और बाजार में रसायन मुक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। प्रोफ़ेसर वीरेंद्र कुमार विजय के नेतृत्व में आईआईटी दिल्ली की टीम पूरे प्रदेश में इस मॉडल को स्केल-अप करने के लिए काम कर रही है। यह न सिर्फ ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

# बाराबंकी में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले में मंगलवार को हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक छात्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसों के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पुलिस ने संबंधित मामलों में कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के बंकी ओमनगर निवासी 14 वर्षीय यशवर्धन तिवारी, पुत्र चन्द्रका तिवारी, मंगलवार सुबह अपने साथी छात्र चंदन कुशवाहा के साथ साइकिल से स्कूल जा रहा था। रास्ते में पीछे से आए एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल छात्र को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। यशवर्धन परिवार का इकलौता बेटा था। उसके निधन पर विद्यालय ने शोक व्यक्त करते हुए आकस्मिक अवकाश घोषित कर दिया।

दूसरी घटना में नगर कोतवाली क्षेत्र के डिहुवा दारापुर निवासी 24 वर्षीय रोहित यादव की सफ़ेदाबाद के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। बताया गया कि रोहित किसी कार्य से लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल रोहित को पहले निजी अस्पताल और फिर जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

वहीं तीसरी घटना मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में हुई। बुढ़ानापुर निवासी 55 वर्षीय राजेन्द्र पाल सोमवार शाम साइकिल से अवसेरीपुर गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। अशोक के घर के पास सामने से आ रही ठेलिया की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें सीएचसी सूरतगंज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक मुस्तकीम अहमद ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रेहान और उसके पिता बराती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## रेलवे ट्रैक किनारे मिले शव की पहचान

रामनगर बाराबंकी। सुढ़ियामऊ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक किनारे मिले अज्ञात अधेड़ के क्षत-विक्षत शव की पहचान जीआरपी बुढ़वल ने बिहार के मधुबनी जनपद के बहेरा गांव निवासी 55 वर्षीय हरहम पुत्र रफीक आलम के रूप में की है। शव छह जुलाई की रात बरामद हुआ था। पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका जताई गई है। वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा।

## पाइपलाइन लीकेज से नई सड़क क्षतिग्रस्त

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महादेवा से लंबापुरवा जाने वाले डामर मार्ग पर जल निगम की पाइपलाइन में पिछले दो माह से लीकेज होने के कारण लगातार जलभराव हो रहा है। इससे नई सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी है और लोधेश्वर महादेव धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने लीकेज ठीक कर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्राम प्रधान राजन तिवारी ने बताया कि जल निगम को सूचना दे दी गई है और जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बे के मोहल्ला तीन निवासी 58 वर्षीय शब्बीर अहमद की राष्ट्रीय राजमार्ग-927 पर छाया कुआं के पास अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से मौत हो गई। गंभीर हालत में उन्हें बाराबंकी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, चार अवैध क्लीनिक सील

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीएचसी रामनगर के अधीक्षक डॉ. प्रणव कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध क्लीनिकों के खिलाफ अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक अभिलेख और मानकों का पालन न मिलने पर चार क्लीनिकों को सील कर दिया गया। संचालकों को दो दिन के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस दिया गया है। विभाग ने अन्य निजी क्लीनिकों को भी शासन के निर्देशों के अनुरूप संचालन करने के निर्देश दिए।

## मंदिर दानपात्र की नकदी समेत सामान चोरी

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव स्थित भैरवनाथ मंदिर में रविवार रात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर इनवर्टर की बैटरी, साउंड मशीन, दानपात्र में रखी नकदी, घंटा तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। सोमवार सुबह पुजारी पंकज दास को घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। कोतवाल दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चोरी की घटना की जांच की जा रही है।

## प्रेमी संग फरार हुई दो बच्चों की मां

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दो बच्चों की मां के प्रेमी के साथ भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है। गोसाईगंज कोतवाली में क्षेत्र के गाँव मगहुआं (डीहा) निवासी की ओर से की गई शिकात है कहा गया है कि उसका विवाह लगभग 12 वर्ष पूर्व बेगारियामऊ निवासी मुनेश्वर की पुत्री रूबी के साथ हुआ था। दोनों के दो बच्चे ( लगड़का 9 वर्ष और पुत्री 7 वर्ष) है।रूबी का चाल – चलन शुरू से ही अच्छा नहीं रहा। वह 5 जुलाई 2026 को एक बजे के आस पास कूड़ा फ़ेकने के लिए घर से निकली थी उसी समय वह गाँव में ही रहने वाले अपने प्रेमी सनी पुत्र जगदीश के साथ भाग खड़ी हुई। वह घर से जाते समय संदूक में रखे हुए सोने चांदी के जेवर भी उठा ले गई।

## महिला को मारा फावड़ा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव अस्ती निवासी कमलेश कुमारी पत्नी महेश की गांव के ही रहने वाले सगुरु पुत्र नन्हे,और इनके बेटे मनीष,रजनीश के अलावा विनय पुत्र बाबूलाल ने लात घूंसे और लाठी डंडों से पिटाई कर दी। इन लोगों ने उस महिला को फावड़ा मार दिया जिससे उस महिला को गंभीर चोटें आई है। पीड़िता के अनुसार 6 जुलाई को आरोपी गण 2 बजे उसकी जमीन पर निर्माण करवा रहे। कमलेश कुमारी के द्वारा माना किया गया तो उसे सभी आरोपियों ने मिलकर मारा। पीड़िता की ओर से कोतवाली कार्यालय में लिखित शिकायत की गई है।

## बांदा में दो शातिर चोर गिरफ्तार, 10 लाख के आभूषण, नकदी और तमंचा बरामद

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 10 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, 8,900 रुपये नकद, एक अवैध तमंचा, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) बबेरू कृष्णकांत त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि ओरन कस्बे में 15 अगस्त 2025 को रामशंकर के घर तथा 4 जुलाई 2026 को रानी, पत्नी हरिनारायण, के घर हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

# राम जन्मभूमि ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। नगर कंाग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा 'फोटोवाला' के नेतृत्व में मंगलवार को कंाग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं और चढ़ावे की चोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शम्स तबरेज खान को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में कंाग्रेस नेताओं ने राज्यपाल से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश देने की मांग की।

इस अवसर पर रमन द्विवेदी, वीरेन्द्र प्रताप यादव, कौशल किशोर वर्मा, रामचन्द्र वर्मा, मोहम्मद इजहार एडवोकेट, कमल भल्ला, सना शेख, साइस्ता अख्तर, इरफान कुरैशी, शुभम मिश्रा, राजेन्द्र गोस्वामी, जयंत गौतम, अरविन्द सिंह, केशवराम धीमान, गोपी कनौजिया, मोहम्मद मुईद खान, मुईनुद्दीन अंसारी, बब्लू खान, सिद्दीक चौधरी, विशाल शुक्ला, मोहम्मद आमिर, बब्लू गौतम सहित अन्य कंाग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# योगी सरकार अपराध पर अंकुश के लिए अपना रही उन्नत तकनीक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक क्षमता को किया जा रहा लगातार मजबूत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक क्षमता को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में रक्षा लेखा विभाग, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ के 40 अधिकारियों को साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि भौतिक दुनिया से निकलकर अपराध अब डिजिटल दुनिया में पैर पसार चुका है। तकनीक के इस दौर में यदि हम सतर्क नहीं रहे, तो कभी भी साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज जिसके पास जितना अधिक डेटा है, वह उतना ही शक्तिशाली है। दुनिया के कई देश सिर्फ इसलिए ताकतवर हैं, क्योंकि वे अपनी तकनीक और डेटा किसी से साझा नहीं करते।

पुलिस उप महानिरीक्षक हेमराज मीना ने अधिकारियों को साइबर फॉरेंसिक के बढ़ते महत्व से रूबरू कराया। इन अफसरों ने संस्थान की अत्याधुनिक डीएनए और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने देखा कि कैसे आधुनिक तकनीक और फॉरेंसिक साइंस मिलकर पेचीदा मामलों को सुलझाते हैं।

डॉ. इंद्रजीत ने साइबर सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं पर विशेष व्याख्यान दिया और जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने संचालन किया। वहीं, उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस विशेष सत्र के दौरान संस्थान के उप निदेशक चिरंजीब मुखर्जी, अतुल यादव, डॉ. आनंद प्रकाश, अमित मिश्र, राहुल द्विवेदी, डॉ. पलक, शैलेन्द्र सिंह और कार्तिकेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# योगी आज वाराणसी से करेंगे 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना' का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा विभाग के शिक्षकों और कार्मिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को नई मजबूती देने जा रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को वाराणसी से 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना' का शुभारंभ करेंगे। इसी कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में डीबीटी से धनराशि हस्तांतरित की जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग और भारतीय स्टेट बैंक के बीच सामाजिक सुरक्षा संबंधी समझौता (एमओयू) का आदान-प्रदान होगा। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना से प्रदेश के बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक (सीडब्ल्यूएसएन), अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के वार्डेन, पूर्णकालिक एवं अंशकालिक शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोइये तथा अन्य पात्र कार्मिक और उनके परिवार लाभान्वित होंगे। इस योजना से लगभग 12 लाख शिक्षक, रसोइये एवं अन्य कार्मिक परिवार सहित स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में आएंगे। योजना में प्रति शिक्षक ?3000 वार्षिक प्रीमियम का पूरा भुगतान राज्य सरकार करेगी। इसके लिए प्रतिवर्ष लगभग ?447 करोड़ का व्यय किया जाएगा। योजना का संचालन स्टेट एजेंसी फॉर कॉमप्रिहेनसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज के माध्यम से होगा। लाभार्थियों को सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। योजना में लगभग 1900 उपचार पैकेज शामिल किए गए हैं। इनमें सामान्य उपचार से लेकर गंभीर बीमारियों, जटिल सर्जरी, हृदय रोग, कैंसर, किडनी रोग सहित अनेक उपचार शामिल हैं।

# आईटीआई, कौशल विकास केंद्रों की होगी नियमित मॉनिटरिंग

## उद्योगों की मांग के अनुरूप युवाओं को दक्ष बनाने में जुटी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीक, उद्योगों की आवश्यकताओं तथा रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक युवा को हुनरमंद बनाकर रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इसके लिए विभाग की सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जनपद एवं मुख्यालय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति की सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ करें। कौशल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकताओं को देखते हुए युवाओं के लिए अधिक से अधिक शॉर्ट टर्म एवं रोजगारपरक कौशल पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सॉफ्ट स्किल, डिजिटल लर्निंग, संवाद कौशल, इंटरव्यू तैयारी, रिज्यूमे लेखन तथा व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों को भी शामिल किया जाए, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की रोजगार क्षमता और अधिक बढ़ सके।

मंत्री ने कहा कि योगी सरकार की मंशा केवल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार से जोड़ना भी है। इसलिए विभाग उद्योगों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित करे तथा स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आईटीआई एवं कौशल विकास संस्थानों में आयोजित होने वाले रोजगार मेलों की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाई जाए ताकि प्रत्येक इच्छुक अभ्यर्थी को अपनी योग्यता एवं रुचि के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

बैठक में अटल आवासीय विद्यालयों में संचालित स्किलिंग कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिसमें बताया गया कि इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही अगले माह से आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी स्किलिंग कोर्स प्रारंभ किए जाएंगे, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को भी तकनीकी दक्षता प्राप्त हो सके।

मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं की सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ऐसे युवाओं के वीडियो, अनुभव एवं उपलब्धियों को सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से साझा किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवा प्रेरित होकर कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़ें। कौशल विकास मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, सीएनसी, डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग तथा इंडस्ट्री 4.0 से संबंधित प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने उद्योगों के साथ साझेदारी मजबूत करने, प्रशिक्षण सामग्री को समय-समय पर अद्यतन करने तथा विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण के अनुरूप तैयार करने पर विशेष बल दिया। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्लेसमेंट, उद्योगों के साथ समन्वय, डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रशिक्षण भागीदारों, निर्माण कार्यों तथा भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान प्रशिक्षण संस्थानों की क्षमता वृद्धि, ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार, प्रशिक्षण भागीदारों के प्रदर्शन मूल्यांकन तथा लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी कौशलयुक्त मानव संसाधन वाला राज्य बनाने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, प्रत्येक प्रशिक्षित युवा को रोजगार अथवा स्वरोजगार का अवसर मिले तथा प्रदेश के औद्योगिक विकास को कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हो, यही योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# यह तो बस शानदार सफर की शुरुआत है, सूर्यवंशी को सूर्यकुमार का संदेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत को इसी वर्ष घरेलू सरजमीं पर विश्व कप जिताने वाले पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके रोमांचक क्रिकेट सफर की शुरुआत है और वह देश का नाम रोशन करते रहेंगे। बिहार के सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए दूसरे टी20 मैच में पदार्पण किया और भारत के लिए सबसे कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 16 वर्ष की उम्र में डेब्यू करने वाले महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। सूर्यकुमार ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''मैं टीम के लिए बेहद खुश हूं। मैं हमेशा खिलाड़ियों के लिए केवल शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पता है कि सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं और उन्हें मेरा पूरा समर्थन हमेशा मिलेगा। सूर्यवंशी के लिए उन्होंने






विशेष संदेश देते हुए कहा, ''वैभव (सूर्यवंशी), तुम्हारे लिए एक खास बात– यह तुम्हारे बेहद रोमांचक सफर की शुरुआत है। हर पल का आनंद लो और देश का नाम रोशन करते रहो। गौरतलब है कि सूर्यकुमार यादव को इसी वर्ष घरेलू सरजमीं पर भारत को विश्व कप जिताने के बावजूद बाद में टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी जगह श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लंबे समय तक खराब बल्लेबाजी फॉर्म सूर्यकुमार के टीम से बाहर होने की प्रमुख वजहों में से एक रही।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने विश्व कप को कहा अलविदा बोले– यह मेरा आखिरी फीफा वर्ल्ड कप था

एजेंसी

आर्लिंग्टन। पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुष्टि कर दी है कि फीफा विश्व कप 2026 उनके करियर का आखिरी विश्व कप था।

स्पेन से राउंड ऑफ-16 में 0-1 की हार के बाद भावुक रोनाल्डो ने कहा कि वह विश्व कप को अलविदा कह रहे हैं, लेकिन अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य पर कोई जल्दबाज़ी में फैसला नहीं लेंगे। मैच के बाद मीडिया से बातचीत में रोनाल्डो ने कहा कि स्पेन को जीत में थोड़ी किस्मत का साथ मिला और मुकाबला किसी भी दिशा में जा सकता था। उन्होंने कहा, ''इस तरह विश्व कप से बाहर होना मेरे लिए बेहद दुखद है। मैंने अपना सब कुछ झोंक दिया। अपनी ओर से पूरी कोशिश की और मैं पूरी तरह संतुष्ट हूं कि मैंने कोई कमी नहीं छोड़ी। हां, यह मेरा आखिरी विश्व कप था, लेकिन अब मैं अपने परिवार के साथ समय बिताऊंगा और शांति से आगे के बारे में सोचूंगा। मैं कोई भी फैसला जल्दबाज़ी में नहीं लूंगा। 41 वर्षीय



रोनाल्डो ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह पुर्तगाल के लिए उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच था या नहीं। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते कि उनका व्यक्तिगत फैसला टीम के अभियान पर हावी हो जाए। उन्होंने कहा, ''मैं भावनाओं में बहकर फैसले नहीं करता। रोनाल्डो ने पुर्तगाल के साथ अपने सफर पर गर्व जताते हुए कहा कि उन्होंने देश को वह उपलब्धियां दिलाईं, जो पहले कभी नहीं मिली थीं। उन्होंने कहा, ''मैंने पुर्तगाल के लिए तीन बड़े खिताब जीते। क्रिस्टियानो रोनाल्डो से पहले पुर्तगाल ने कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था। राष्ट्रीय टीम के साथ 2016 में जीती गई यूरोपीय चैम्पियनशिप मेरे लिए विश्व कप जीतने जितनी ही बड़ी उपलब्धि है। पुर्तगाल के विश्व कप से बाहर होने के साथ ही मुख्य कोच रोबर्टो मार्टिनेज का कार्यकाल भी समाप्त हो गया। रोनाल्डो ने उनके लिए भी सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''मुझे उनके साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। वह शानदार कोच और बेहतरीन इंसान हैं। उन्होंने पुर्तगाल के लिए जो किया, उसके लिए उनकी सराहना होनी चाहिए। मैं उनका धन्यवाद करता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। अल-नस्र के स्टार फॉरवर्ड ने अंत में कहा, ''किसी बड़े टूर्नामेंट से बाहर होना हमेशा दुख देता है। यह विश्व कप था और हमारी टीम लगातार बेहतर खेल रही थी। मेरी नजर में हमने अच्छा प्रदर्शन किया। मुकाबला किसी भी तरफ जा सकता था, लेकिन यही फुटबॉल है। हमें इस हार से उबरकर आगे बढ़ना होगा। इस तरह बाहर होना निराशाजनक है, लेकिन हमें गर्व के साथ सिर ऊंचा रखकर आगे बढ़ना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मिनौर को हरा कोबोली ने विम्बलडन क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**लंदन।** इटली के युवा टेनिस खिलाड़ी फ्लावियो कोबोली ने विंबलडन में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को सीधे सेटों में 7–5, 7–6 (7/4), 6–3 से हराकर पहली बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। जीत के बाद कोबोली ने फुटबॉल सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के मशहूर 'सिउ' जश्न की नकल कर दर्शकों का दिल जीत लिया। मैच प्वाइंट पर कोबोली ने 135 मील प्रति घंटे (करीब 217 किमी प्रति घंटा) की रफ्तार से दमदार सर्विस लगाई। डी मिनौर इस सर्विस का ठीक से जवाब भी नहीं दे सके। जीत पक्की होते ही कोबोली ने पहले हवा में छलांग लगाई, फिर रैकेट नीचे रखकर कोर्ट के बीच पहुंचे और रोनाल्डो के अंदाज में हवा में घूमते हुए 'सिउ' सेलिब्रेशन किया। कोर्ट पर मौजूद दर्शकों ने भी उनके साथ जोरदार अंदाज में सिउ... का नारा लगाया। कोबोली ने कहा, ल्लमुझे रोनाल्डो का सेलिब्रेशन बहुत पसंद है और मैं उन्हें बेहद पसंद करता हूं। इटली लगातार तीसरे विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका, लेकिन देश के अन्य खेल सितारे लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। कोबोली की इस जीत ने फ्रेंच ओपन में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उनकी बढ़ती लोकप्रियता को और मजबूती दी। उधर सेंटर कोर्ट पर इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने फिलीपींस की उभरती खिलाड़ी अलेक्जेंड्रा ईला को 6–4, 4–6, 6–3 से हराकर ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में वापसी की। वह दो वर्ष पहले लगातार फ्रेंच ओपन और विम्बलडन के फाइनल में पहुंची थीं। ब्रिटेन के आर्थर फ़ेरी ने विश्व रैंकिंग में शीर्ष पांच में शामिल रहे ग्रिगोर दिमित्रोव को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 7–5, 3–6, 4–6, 6–4, 7–6 (9–7) से हराकर पेशेवर दौर (1968 के बाद) में ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले पहले ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। बचपन में ऑल इंग्लैंड क्लब से केवल पांच मिनट की दूरी पर रहने वाले फ़ेरी कभी सेंटर कोर्ट पर रोजर फ़ेडरर को देखने आते थे। इस बार फ़ेडरर खुद रॉयल बॉक्स में बैठकर उनका मैच देख रहे थे। फ़ेरी ने कहा, सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक फ़ेडरर सामने बैठकर मेरा मैच देख रहे थे। ऐसे माहौल में जीत हासिल करना मेरे लिए अविश्वसनीय अनुभव है। अब क्वार्टर फाइनल में फ़ेरी का मुकाबला कोबोली से होगा। इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में फ़ेरी ने कोबोली को सीधे सेटों में हराया था।

### घुड़सवारी ड्रेसेज टीम के चयन में दखल से इनकार के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा न्यायालय

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उस याचिका पर नौ जुलाई को सुनवाई करने पर सहमति जताई जिसमें जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की ड्रेसेज टीम में घुड़सवार अनुष अगरवाला और सुदीप्ति हजेला का चयन नहीं होने के फैसले में दखल देने से दिल्ली उच्च न्यायालय के इनकार को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायामूर्ति शील नागू की पीठ ने कहा कि वे बृहस्पतिवार को इस मामले पर सुनवाई करेंगे क्योंकि एक वकील ने बताया कि चयन प्रक्रिया 15 जुलाई को होनी है। पीठ ने निर्देश दिया कि मामले को उचित पीठ के सामने सूचिबद्ध किया जाए। छह जुलाई को उच्च न्यायायल ने अगरवाला और हजेला का चयन नहीं होने के मामले में दखल देने से इनकार कर दिया था और एकल न्यायाधीश के पिछले फैसले को बरकरार रखा था जिसमें दोनों को कोई राहत नहीं दी गई थी। दोनों राइडर एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं और उन्होंने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के चयन फैसलों के खिलाफ याचिकाएं दायर की थीं। अपील को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था कि हालांकि उन्हें संभावित खिलाड़ियों की सूची तैयार करने में कोई कमी नहीं मिली लेकिन ईएफआई चयन मानदंड की कुछ शर्तों का ठीक से पालन करने में विफल रहा था। हालांकि अदालत ने माना था कि इस चरण में नया ट्रायल संभव नहीं है और खेल के व्यापक हित में तथा एशियाई खेलों में देश की संभावनाओं पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव से बचने के लिए 'संयम' बरता। अदालत ने ईएफआई से चयन मानदंडों का सख्ती से पालन करने को कहा। एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे।

### स्पेन ने लगातार छह 'क्लीन शीट' के साथ बनाया विश्व कप रिकॉर्ड

**आर्लिंगटन।** स्पेन ने फीफा विश्व कप में रक्षात्मक मजबूती का नया इतिहास रचते हुए लगातार छह मैचों में 'क्लीन शीट (बिना गोल खाए मुकाबला समाप्त करना)' का विश्व रिकॉर्ड बना दिया। प्री–क्वार्टर फाइनल में सोमवार को पुर्तगाल पर 1–0 की जीत के साथ स्पेन ने यह उपलब्धि हासिल की। वहीं गोलकीपर उनाई साइमन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाने के अपने विश्व कप रिकॉर्ड को और मजबूत कर लिया। स्पेन ने इस उपलब्धि के साथ 1990 में इटली और 2006–10 के दौरान स्विट्जरलैंड के लगातार पांच क्लीन शीट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। स्पेन का यह सिलसिला 2022 विश्व कप के प्री–क्वार्टर फाइनल में मोरक्को के खिलाफ 0–0 के ड्रॉ से शुरू हुआ था। हालांकि उस मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट के जरिए मोरक्को अगले दौर में पहुंच गया था। मौजूदा विश्व कप में स्पेन ने ग्रुप चरण के पहले मैच में केप वर्डे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। इसके बाद टीम ने लगातार चार मुकाबलों में विपक्षी टीम को गोल करने का मौका नहीं दिया और क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने नॉकआउट चरण के पहले मुकाबले में ही ऑस्ट्रिया पर 3–0 की जीत के दौरान 517 मिनट के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था। इससे पहले यह रिकॉर्ड इटली के महान गोलकीपर वाल्टर जेंगा के नाम था, जिन्होंने 1990 विश्व कप में लगातार पांच क्लीन शीट के साथ 517 मिनट तक विपक्षी टीम को गोल नहीं करने दिया था। साइमन का यह शानदार सिलसिला 2022 विश्व कप में जापान के खिलाफ 2–1 की हार के दौरान खाए गए गोल के बाद शुरू हुआ था। पुर्तगाल के खिलाफ मुकाबले से पहले साइमन ने पूरे टूर्नामेंट में केवल चार गोल बचाये थे, जबकि ऑस्ट्रिया के खिलाफ पिछले मैच में विपक्षी टीम एक भी शॉट लक्ष्य पर नहीं लगा सकी थी। पुर्तगाल के दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पहले हाफ में दो बार स्पेन के गोल पर खतरा पैदा किया, लेकिन साइमन दोनों मौकों पर दीवार बनकर खड़े रहे।

### प्रीमियर एनर्जीज को जून तिमाही में 3,011 करोड़ रुपये के ठेके मिले

**नयी दिल्ली।** सौर विनिर्माण क्षेत्र की कंपनी प्रीमियर एनर्जीज को वित्त वर्ष 2026–27 की अप्रैल–जून तिमाही के दौरान सौर सेल और मॉड्यूल की आपूर्ति के लिए कुल 3,011 करोड़ रुपये के आर्डर प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रीमियर एनर्जीज ने बयान में कहा कि यह आर्डर उत्पादकों और मॉड्यूल विनिर्माताओं की ओर से दिए गए हैं। बयान के अनुसार, इन ऑर्डर के तहत कुल 1,846 मेगावाट क्षमता के सौर सेल और मॉड्यूल की आपूर्ति की जाएगी। इनकी आपूर्ति वित्त वर्ष 2026–27 और 2027–28 के दौरान निर्धारित है।

# यश ठाकुर ने भारतीय टीम में चयन पर कहा, पिता का सपना साकार हुआ

एजेंसी

नयी दिल्ली। जब विदर्भ के तेज गेंदबाज यश ठाकुर जिम्बाब्वे के आगामी दौरे के दौरान भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में कदम रखेंगे तो यह किसी अनुभवहीन खिलाड़ी की कहानी नहीं होगी। यह एक ऐसे खिलाड़ी की कहानी होगी जिसने पिछले लगभग एक दशक से घरेलू क्रिकेट में जमकर पसीना बहाया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी की कहानी होगी जिसके पिता ने अपने बेटे को भारतीय टीम की तरफ से खेलने का सपना देखा था। अब जबकि यह सपना साकार होने के करीब है तब दुर्भाग्य से उनके पिता इसे देखने के लिए जीवित नहीं हैं। 27 वर्षीय ठाकुर को हाल ही में श्रीलंका के भारत ए दौरे से लौटने के बाद नागपुर हवाई अड्डे पर अपना सामान लेने का इंतजार करते समय शायद उनके पेशेवर जीवन का अब तक का सबसे महत्वपूर्ण फोन कॉल आया। यह फोन जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारत की टीम में उनके पहली बार चयन की सूचना देने के लिए था। भारतीय टीम इस दौरे में 23 से 26 जुलाई तक तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। यश ठाकुर ने कहा, ''सच कहूं तो मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी क्योंकि मैं श्रीलंका दौरे से अभी-अभी लौटा था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इतनी जल्दी भारतीय टीम में जगह मिल जाएगी। उन्होंने 2017 में लिस्ट ए क्रिकेट में पदार्पण किया था और 57 मैचों में वह 100 विकेट के करीब पहुंच चुके हैं। उन्होंने 74 टी20 मैच खेले हैं, जिनमें दो अलग-अलग फ्रेंचाइजी के लिए 22 आईपीएल मैच भी शामिल हैं। इसके अलावा, लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ आईपीएल के दौरान भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के साथ उनकी अच्छी जान-पहचान भी रही है। ऐसे में ठाकुर को अनुभवहीन कहना गलत होगा। वह वास्तव में भारतीय क्रिकेट प्रणाली का एक आदर्श उदाहरण हैं, जिन्होंने रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी, ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी खेली हैं और बाद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड



(बीसीसीआई) के संभावित तेज गेंदबाजों की सूची में शामिल किया गया था। उन्हें विश्वास है कि भारत की सीनियर टीम की तरफ से खेलने का उनका सपना जल्द ही सरकार हो जाएगा। यह सपना सिर्फ उनका ही नहीं था। उनके पिता रविसिंह ठाकुर भी इसमें पूरी तरह से समर्पित थे, लेकिन 2023 में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था और वह अब इस सपने को साकार होते देखने के लिए इस दुनिया में नहीं हैं। इसके बाद हालांकि ठाकुर की मां काजल और बड़ी बहन ने उन्हें लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। ठाकुर ने कहा ''मुझे अभी भी यकीन नहीं हो रहा है। मैं अभी भी इसे समझ नहीं पा रहा हूं। इसे पूरी तरह से स्वीकार करने में थोड़ा समय लगेगा। घर में सभी लोग काफी खुश हैं और अभी भी सारी भावनाएं उमड़ रही हैं। उन्होंने कहा, ''यह मेरे पिताजी, मेरे परिवार का सपना था कि मैं भारत की तरफ से खेलूं। भारतीय टीम में चयन से यह सपना पूरा हो गया। अपने जीवन के सबसे कठिन दौर के बारे में बात करते हुए, ठाकुर ने याद किया कि कैसे उनके पिता के अचानक निधन ने उन्हें पूरी तरह से तोड़ दिया था। उन्होंने कहा,''मैं उस समय नागपुर में था। वह मेरे लिए बहुत मुश्किल समय था। मुझे इस क्षति से उबरने में काफी समय लगा। लेकिन मेरे पिताजी कहते थे कि चाहे कुछ भी हो जाए मुझे अपने सपने को नहीं भूलना है और उसे साकार करने के लिए कड़ी मेहनत जारी रखनी है। उनके इन शब्दों में मुझे हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ठाकुर को यह स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं है कि उनकी क्रिकेट यात्रा का श्रेय उनके माता-पिता को जाता है, जिन्होंने मध्यम स्तर के व्यवसायी परिवार से होने की वित्तीय बाधाओं के बावजूद उनका समर्थन किया। ठाकुर ने कहा, ''उन्होंने मुझे कभी क्रिकेट खेलने से मना नहीं किया। मैंने जो भी फैसला लिया, वे मेरे साथ खड़े रहे। मैं उन्हें इसका पूरा श्रेय देता हूं। मैं एक साधारण परिवार से आता हूं। ठाकुर ने मौजूदा टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल के साथ भारत की अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा किया था, लेकिन उस साल उन्हें अंडर-19 विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिली। इसके बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत जारी रखी। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ समय से मुझे भारत ए की तरफ से खेलने के काफी मौके मिले जिससे मुझे लगने लग गया था कि मैं भारत की सीनियर टीम में जगह बना सकता हूं। लेकिन इसके साथ ही मैं यह अच्छी तरह से समझता था कि इसके लिए मुझे लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# सेबी एक अगस्त से खुले बाजार के जरिये शेयर पुनर्खरीद व्यवस्था लागू करेगी

एजेंसी

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर बाजार के माध्यम से खुले बाजार में शेयर की पुनर्खरीद (बायबैक) की व्यवस्था को फिर से लागू करने के नियम अधिसूचित किए हैं। कंपनियां 1 अगस्त से ओपन मार्केट में




अपने शेयर वापस खरीद सकेंगी। इस प्रक्रिया की समय-सीमा 66 कार्य-दिवस तय की गई है। नए नियमों के तहत कंपनियां पुनर्खरीद के लिए अलग से 'पुनर्खरीद खिड़की' के बिना नियमित कारोबार व्यवस्था के माध्यम से पुनर्खरीद कर सकेंगी। ूंजी बाजार नियामक सेबी ने एक जुलाई के जारी अधिसूचना में कहा कि शेयर बाजार के माध्यम से खुले बाजार में पुनर्खरीद कंपनी की चुकता पूंजी और मुक्त भंडार के 15 फीसदी से कम होगा। इसकी गणना कंपनी के एकल और समेकित दोनों वित्तीय विवरणों के आधार पर की जाएगी।'' इस संबंध में सेबी के निदेशक मंडल ने जून में प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके अलावा शेयर बाजार के जरिए खुले बाजार में पुनर्खरीद की प्रक्रिया पेशकश खुलने की तारीख से 66 कार्य दिवस के भीतर पूरी करनी होगी। इससे पहले यह अवधि अधिकतम छह महीने तक हो सकती थी। सेबी ने कहा कि पुनर्खरीद की पेशकश सार्वजनिक घोषणा की तारीख से चार कार्य दिवस के भीतर खुलेगी और पेशकश खुलने की तारीख से 66 कार्य दिवस के भीतर बंद होगी। सेबी ने दो पुनर्खरीद पेशकशों के बीच न्यूनतम अंतराल को पुनर्खरीद विनियमों के तहत अलग समय-सीमा बनाए रखने के बजाय कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुरूप कर दिया है। सेबी ने 2025 में खुले बाजार के जरिए पुनर्खरीद की व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया था। नियामक ने उस समय शेयरधारकों के साथ असमान व्यवहार और कर संबंधी विकृतियों पर चिंता जताई थी, क्योंकि यह व्यवस्था चुनिंदा निवेशकों के पक्ष में मानी जाती थी।

# ईसीएलजीएस 5.0 के तहत अब तक 4.11 लाख से ज्यादा गारंटी दी गयी : सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कहा कि आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) 5.0 के तहत अब तक 4.11 लाख से ज्यादा गारंटी जारी की जा चुकी हैं। इसके तहत गारंटी राशि 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गई है।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि ईसीएलजीएस 5.0 के शुरू होने के बाद से अब तक 4,11,479 गारंटी जारी की जा चुकी हैं। योजना के तहत जारी कुल राशि 1,55,229 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। ये इस बात का संकेत है कि लोन देने वाले सिस्टम में इस स्कीम को तेजी से अपनाया जा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 5 मई 2026 को ईसीएलजीएस 5.0 को अपनी मंजूरी दी थी। इस योजना का उद्देश्य कारोबारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना और नकदी से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद करना है। यह योजना विशेष रूप से पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति से प्रभावित कारोबारों को राहत देने के लिए तैयार की गई है। इसके जरिए वित्तीय संस्थानों को अतिरिक्त कर्ज देने में मदद मिल रही है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस योजना के तहत एमएसएमई को दिए जाने वाले अतिरिक्त कर्ज पर 100 फीसदी और अन्य व्यापारिक क्षेत्रों के लिए 90 फीसदी तक गारंटी कवर उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे बैंकों और वित्तीय संस्थानों को कारोबारों को कर्ज देने में आसानी हो रही है। इस योजना का सबसे ज्यादा लाभ छोटे और मध्यम उद्योगों को मिला है। जारी की गई कुल गारंटी की संख्या में से 98 फीसदी एमएसएमई क्षेत्र के लिए हैं, जबकि कुल गारंटी राशि का 82 फीसदी हिस्सा भी इसी क्षेत्र को मिला है। इस योजना की जानकारी ज्यादा से ज्यादा कारोबारों तक पहुंचाने के लिए वित्तीय सेवा विभाग की ओर से देशभर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक पहले चरण में 20 मई से 6 जून 2026 के बीच नौ स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# टाटा पावर का एक लाख करोड़ रुपये राजस्व 10,000 करोड़ रुपये लाभ का लक्ष्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। टाटा पावर ने बिजली उत्पादन, पारेषण, वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा और विनिर्माण सहित अपने सभी कारोबारी क्षेत्रों में विस्तार के साथ 2030 तक एक लाख करोड़ रुपये का राजस्व और 10,000 करोड़ रुपये का लाभ हासिल करने का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का एकीकृत राजस्व 63,681 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 5,212 करोड़ रुपये रहा। टाटा पावर के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मंगलवार को सालाना आम बैठक (एजीएम) में कहा कि कंपनी ओडिशा में 10 गीगावाट की नई परियोजना जोड़कर सौर उपकरण विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने की भी योजना बना रही है। इस परियोजना की औपचारिक घोषणा अगले कुछ महीनों में की जाएगी। कंपनी की वर्तमान में तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता 4.3 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1000 मेगावाट) है, जो बेंगलुरु संयंत्र को मिलाकर 4.9 गीगावाट हो जाती है। एजीएम में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान चंद्रशेखरन ने कहा, '' कंपनी ने 2030 तक 10,000 करोड़ रुपये का मुनाफा और एक लाख करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने का लक्ष्य रखा है। टाटा पावर आज आवासीय तथा वाणिज्यिक एवं औद्योगिक (सीएंडआई) ग्राहकों को स्वच्छ और हरित समाधान अपनाने में सक्षम बनाकर 'एनर्जी ऐज ए सर्विस' (सेवा के तौर पर ऊर्जा) दृष्टिकोण की अगुवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी बिजली उत्पादन, पारेषण, वितरण, नवीकरणीय ऊर्जा, रूफटॉप सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग और विनिर्माण सहित अपने सभी कारोबार क्षेत्रों में विस्तार कर रही है। चंद्रशेखरन ने कहा कि कंपनी ओडिशा में 10 गीगावाट की नई परियोजना के साथ सौर विनिर्माण, इंगोट तथा वेफर उत्पादन का भी विस्तार करेगी। साथ ही कंपनी ऊर्जा भंडारण के साथ चौबीसों घंटे हरित ऊर्जा समाधान का विस्तार कर रही है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज सोना 100 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। चेन्नई में सोने के भाव में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। यहां सोना के भाव 1,400 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,530 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गए हैं। चांदी की कीमत में भी आज 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,610 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह




22 कैरेट सोना आज 1,34,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,47,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,35,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,46,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# डूरंड कप युवा फुटबॉल प्रतिभाओं को नई पहचान देगा : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 की ट्रॉफियों का अनावरण और उन्हें रवाना करते हुए कहा कि भारत को वैश्विक फुटबॉल जगत में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करने के लिए अभी लंबा सफर तय करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डूरंड कप जैसे ऐतिहासिक टूर्नामेंट देश में फुटबॉल की नई प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने डूरंड कप टूर्नामेंट-2026 की ट्रॉफियों का अनावरण एवं फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर उन्होंने डूरंड कप से जुड़े वर्तमान और पूर्व अधिकारियों तथा खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ने वर्षों से अनेक प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराया है।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफी के लिए कुछ नई टीमें भी प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जिनमें श्रीलंका की एक टीम भी शामिल है।

नई टीमों के शामिल होने से इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता की लोकप्रियता और बढ़ेगी। राष्ट्रपति ने सभी भाग लेने वाली टीमों और खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। डूरंड कप के मैच इस बार कोलकाता, गुवाहाटी, इम्फाल और शिलांग के साथ-साथ पहली बार रांची में भी आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि फुटबॉल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है और यह उत्कृष्टता, एकता तथा खेल भावना का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रहे फीफा विश्व कप में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें और खिलाड़ी अपने-अपने देशों की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों के दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक हैं और उनका शानदार प्रदर्शन खेल प्रेमियों को प्रेरित करता है। फुटबॉल लोगों को जोड़ने का माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि खेल भावना केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समानता, सहयोग और विपरीत परिस्थितियों में भी दृढ़ बने रहने की प्रेरणा देती है। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जिस प्रकार फुटबॉल खिलाड़ी जीत के लिए एक-दूसरे का साथ देते हैं, उसी प्रकार देशवासी भी एकजुट होकर विकसित भारत के संकल्प को अवश्य साकार करेंगे।

# राम मंदिर ट्रस्ट में संतों-धर्माचार्यों को शामिल कर नया ट्रस्ट बने : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने राम मंदिर में चढ़ावा में चोरी को करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर विश्वासघात बताते हुए मांग की है कि मामले में लीपापोती करने की बजाय श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग कर संतों-धर्माचार्यों को शामिल करते हुए नया ट्रस्ट बनाया जाये और पूरे चंदे का हिसाब सार्वजनिक कर मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में व्यापक जांच की जाये। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की एसआईटी जांच पर जनता को भरोसा नहीं है इसलिए स्वतंत्र एजेंसी से उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराई जानी चाहिए। उनका कहना था कि राम मंदिर के लिए मिले दान का पूरा हिसाब सार्वजनिक करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ें। उन्होंने कहा कि यदि ट्रस्ट की बैठक में इस पूरे मामले को केवल 'लापरवाही' बताया जा रहा है तो फिर प्राथमिकी, एसआईटी जांच और गिरफ्तारियों की आवश्यकता क्यों पड़ी। उनका आरोप था कि ट्रस्ट और भाजपा सरकार पूरे मामले में पारदर्शी जवाब देने के बजाय लीपापोती कर रही है तथा असली दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब श्री मोदी ने राम मंदिर निर्माण और उससे जुड़े सभी कार्यों का श्रेय लिया है तो इस विवाद पर भी उन्हें जवाबदेही निभानी चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव के समय जिस ट्रस्ट की परिकल्पना की गई थी, उसमें साधु-संतों और धर्माचार्यों की भागीदारी थी लेकिन वर्तमान ट्रस्ट में न तो उनकी भूमिका है और न ही किसी की जवाबदेही तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा, आरएसएस और विहिप ने एकतरफा ढंग से ट्रस्ट बनाया और कथित चढ़ावा चोरी की जानकारी पहले से होने के बावजूद मामले को दबाने का प्रयास किया गया। उनका कहना था कि देश के हर नागरिक ने मंदिर में श्रद्धा के साथ अपना योगदान दिया। उन्होंने भी दिया और कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे तो चंपत राय उनसे मिले और मंदिर निर्माण के लिए पत्थर निकालने के वास्ते वन भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, जिस पर उनकी सरकार ने तत्काल सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने से लोगों ने श्रद्धापूर्वक चंदा और चढ़ावा दिया है इसलिए पूरे मामले को केवल 'लापरवाही' बताना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि गांव के छोटे से मंदिर के निर्माण में भी धर्माचार्यों और संतों की प्रमुख भूमिका होती है लेकिन राम मंदिर जैसे राष्ट्रीय आस्था के केंद्र में उनकी भूमिका को नजरअंदाज कर सिर्फ श्री मोदी की भूमिका को महत्व दिया गया। राम मंदिर ट्रस्ट एक तरह से सरकार का ट्रस्ट बन गया है जबकि इसमें शंकराचार्यों, धर्माचार्यों और संतों को प्रमुख स्थान मिलना चाहिए।

# सनातन संस्कृति भारत की सबसे बड़ी शक्ति : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि सनातन संस्कृति भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

श्री बिरला ने राजस्थान के जोधपुर में श्री रघुवंशपुरम आश्रम स्थित श्री अर्धनारीश्वर मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीराम कथा समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि समय के साथ परिस्थितियाँ बदलती रही हैं लेकिन भारत के सभ्यतागत मूल्य आज भी संपूर्ण मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं तथा शांति, सद्भाव और नैतिक जीवन को बढ़ावा देने में अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव भारत की आध्यात्मिक परंपराओं, संत संस्कृति और लोक कल्याण की भावना का प्रेरणादायी उत्सव है। उन्होंने कहा कि भगवान अर्धनारीश्वर की प्राण-प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था को सुदृढ़ करने, जीवन-मूल्यों को मजबूत करने और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का पावन अवसर है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में सामूहिक सहभागिता की प्रेरणा देते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि मंदिर केवल श्रद्धा और आस्था के केंद्र ही नहीं, बल्कि सत्य, धर्म, संस्कार, सेवा और सामाजिक समरसता के संवाहक भी हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा समाज के नैतिक आधार को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्राचीन काल से ही मंदिर शिक्षा, दान और जनकल्याण के केंद्र रहे हैं तथा उन्होंने ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' की भावना को निरंतर पोषित किया है। भगवान अर्धनारीश्वर के महत्व का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि उनका दिव्य स्वरूप शिव और शक्ति, पुरुष और प्रकृति के समन्वित एवं संतुलित स्वरूप का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का लोक कल्याण का संकल्प और माता पार्वती की करुणा समाज को संतुलित, समरस और संवेदनशील जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि यह संतुलन हमें प्रकृति और मानवता दोनों के प्रति सम्मान का संदेश देता है तथा सतत एवं समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान राम धर्म, कर्तव्य और लोक कल्याण के सर्वोच्च आदर्शों के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा लोगों को इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है।

# चौहान ने लॉन्च किया 'प्रगति' प्रोजेक्ट

## 20 हजार कृषि-उद्यमी और 20 लाख किसानों को सशक्त बनाने का संकल्प

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को 'प्रगति' नामक एक राष्ट्रीय पहल का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य 20 हजार ग्रामीण युवाओं को कृषि-उद्यमी बनाकर देशभर के 20 लाख छोटे और सीमांत किसानों की आय, उत्पादकता और आजीविका में व्यापक सुधार लाना है। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि सरकार का ध्यान केवल पैदावार बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि लागत घटाकर किसानों की आय बढ़ाना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और कृषि को लाभकारी बनाना भी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि छोटे जोत वाले किसानों के लिए पारंपरिक खेती पर्याप्त नहीं है, इसलिए मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण और कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना जरूरी है। 'प्रगति' नाम की पहल इसी सोच का विस्तार है, जो किसानों को तकनीक, मशीनीकरण, मिट्टी की सेहत के प्रबंधन और बाजार से जोड़कर उनकी वास्तविक आय बढ़ाने का रास्ता तैयार करेगा। यह पहल देश के प्रमुख कृषि राज्यों- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम और झारखंड में लागू की जाएगी। कार्यक्रम के तहत तैयार किए जाने वाले कृषि-उद्यमी गांव स्तर पर सलाह, मिट्टी परीक्षण, मशीन सेवाएं, वित्तीय लिंक, बाजार कनेक्ट और वैकल्पिक आय के अवसर उपलब्ध कराएंगे। श्री चौहान ने कहा कि केवल खेती करने से काम नहीं चलेगा, हमें मूल्य संवर्धन और विविधीकरण की ओर बढ़ना होगा। किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि बागवानी, पशुपालन, मछली और मधुमक्खी पालन जैसे क्षेत्रों से संभव है। उन्होंने तकनीक के उपयोग, ड्रोन, डिजिटल सलाह और वैज्ञानिक खेती को भविष्य का आधार बताया। कार्यक्रम में महिला भागीदारी को विशेष महत्व देते हुए श्री चौहान ने कहा कि बड़ी संख्या में ''कृषि सखी'' और महिला उद्यमी इस बदलाव की धुरी बनेंगी और एक-एक उद्यमी पूरे गांव की तस्वीर बदल सकता है।

उन्होंने कहा कि ''प्रगति'' केवल एक योजना नहीं, बल्कि परिवर्तन का संकल्प है। यह गांवों को आत्मनिर्भर, रोजगारयुक्त और सशक्त बनाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्यवार कृषि रोडमैप और वैज्ञानिक आधार पर फसल योजना के जरिए सरकार कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव की दिशा में काम कर रही है। इस पहल को भारत में निजी क्षेत्र के नेतृत्व में सबसे बड़े कृषि-उद्यमिता कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है, जो जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच टिकाऊ और समावेशी कृषि विकास का नया मॉडल प्रस्तुत करेगा। प्रगति पहल में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ साझेदार के रूप में जुड़ी हैं, जो मिलकर किसानों और ग्रामीण युवाओं के लिए एक समन्वित समर्थन तंत्र तैयार करेंगी। इस बहु-साझेदार गठबंधन में पेप्सिको फाउंडेशन, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फाउंडेशन , गेट्स फाउंडेशन, एनवायरनमेंटल डिफेंस फंड , ग्लोबल एग्री एंटरप्रेन्योरशिप अकादमी, द सस्टेनेबल एग्रीकल्चर फाउंडेशन्स इंटरनेशनल एसोसिएशन, एग्री एंटरप्रेन्योर ग्रोथ फाउंडेशन और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन शामिल हैं। यह पूरा पार्टनर नेटवर्क मिलकर प्रशिक्षण, वित्तीय एवं डिजिटल समावेशन, बाजार संपर्क, तकनीकी सहायता और पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक समावेशी, सक्षम और जलवायु-सहनशील बनाने की दिशा में काम करेगा।

# पीएम-सेतु योजना का देशभर में विस्तार, 1,237 करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। देश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को आधुनिक बनाने और युवाओं को रोजगार के लिए बेहतर तरीके से तैयार करने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। पीएम-सेतु योजना के तहत 200 आईटीआई क्लस्टर में सुधार कार्य को देशभर में लागू करने की मंजूरी दी गई है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी की अध्यक्षता में हुई चौथी राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राज्य सरकारों, उद्योग जगत और अन्य संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। समिति ने पीएम-सेतु योजना को शुरुआती चरण से आगे बढ़ाते हुए पूरे देश में लागू करने को मंजूरी दी है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उद्योगों की जरूरत और तैयारी के अनुसार आईटीआई को विकसित किया जाएगा। बैठक में कुल 1,237.58 करोड़ रुपए की रणनीतिक निवेश योजनाओं को मंजूरी दी गई। इसमें ओडिशा, गुजरात और तेलंगाना के कई आईटीआई क्लस्टर को उद्योगों की भागीदारी से आधुनिक बनाया जाएगा। ओडिशा में जिंदल नवीन अवसर लिमिटेड को प्रमुख उद्योग साझेदार बनाया गया है। कंपनी 240.21 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश के साथ सरकारी आईटीआई बारबिल और उससे जुड़े संस्थानों के विकास में सहयोग करेगी।

गुजरात में आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया 240.18 करोड़ रुपए के निवेश के साथ सरकारी आईटीआई सूरत और संबंधित संस्थानों को आधुनिक बनाने में सहयोग करेगी। तेलंगाना में अपोलो मेड-स्किल्स लिमिटेड सहित अन्य संस्थाओं की भागीदारी से कई आईटीआई क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। इनके लिए करोड़ों रुपए के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। पीएम-सेतु योजना का उद्देश्य देश के आईटीआई सिस्टम को उद्योगों की जरूरतों के अनुसार तैयार करना है। इसके तहत आधुनिक बुनियादी ढांचा, नए पाठ्यक्रम और बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकार का लक्ष्य है कि उद्योगों की सीधी भागीदारी से युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुसार कौशल मिले और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी हो।

# पिछले साल के मुकाबले खरीफ बुवाई 21 फीसदी घटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। अल नीनो के कारण इस साल कमजोर पड़े मानसून का असर खरीफ फसलों की बुवाई पर बना हुआ है।

कृषि मंत्रालय के पांच जुलाई तक के आंकड़ों के अनुसार बीते साल के मुकाबले इस बार कुल बुवाई क्षेत्र में 91.95 लाख हेक्टेयर की कमी देखी गयी है और यह 20.76 प्रतिशत की गिरावट है। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इस साल अब तक मात्र 350.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में ही फसलों की बुवाई हो सकी है, जबकि पिछले साल इसी अवधि तक यह आंकड़ा 442.80 लाख हेक्टेयर तक पहुँच चुका था। मौसम की बेरुखाई का सीधा प्रभाव देश की मुख्य खाद्य फसल धान पर दिखाई दे रहा है। आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष पांच जुलाई तक केवल 60.24 लाख हेक्टेयर भूमि पर ही धान की बुवाई या रोपाई पूरी हो पाई है। इसके विपरीत, वर्ष 2025 में इसी समय तक 69.30 लाख हेक्टेयर में धान की खेती हुई थी। इस लिहाज से चालू सीजन में धान का क्षेत्र पिछले साल की तुलना में 9.06 लाख हेक्टेयर यानी लगभग 13.07 कम बना हुआ है। दलहन के मोर्चे पर भी इस बार बुवाई की रफ्तार काफी धीमी है। पिछले साल के 47.49 लाख हेक्टेयर के मुकाबले इस बार अभी तक महज 37.15 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में दलहन की फसलें बोई गई हैं। यह पिछले वर्ष से 10.34 लाख हेक्टेयर यानी 21.77 प्रतिशत कम है। दलहनी फसलों में अरहर सबसे पीछे है।

अरहर या तूर में इस बार 12.35 लाख हेक्टेयर में बुवाई हुई है, जो पिछले साल के 21.00 लाख हेक्टेयर की तुलना में 8.65 लाख हेक्टेयर या करीब 41 प्रतिशत कम है। उड़द का इस साल इसका रकबा 3.01 लाख हेक्टेयर है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के 4.63 लाख हेक्टेयर से 1.62 लाख हेक्टेयर या करीब 35 प्रतिशत पीछे है। खरीफ की तीसरी महत्वपूर्ण फसल मूंग की इस बार 16.81 लाख हेक्टेयर में बुवाई की गई है, जो पिछले साल के 17.20 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 0.39 लाख हेक्टेयर या मामूली रूप से केवल करीब दो प्रतिशत कम है। कुल्थी और मोठ दलहन पहले से मामूली बेहतर है। दलहन से ज्यादा तिलहनी फसलें प्रभावित हुयी हैं। तिलहनी फसलों का कुल रकबा पिछले साल के मुकाबले रिकॉर्ड 42.96 लाख हेक्टेयर पिछड़ गया है। प्रतिशत के आधार पर यह 39 फीसदी की भारी कमी है।

# पेज एक का शेष

### भारत से ब्रह्मोस...

को अपने सर्वोच्च नागरिक एवं सैन्य सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा' से सम्मानित किया। इस पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान करोड़ों भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। यह दोनों देशों के लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा विरासत और लगातार मजबूत होते संबंधों का सम्मान है। उन्होंने इंडोनेशिया की सरकार और जनता का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों की राजधानियों के बीच भले ही हजारों किलोमीटर की दूरी हो, लेकिन समुद्री मार्ग से यह दूरी बहुत कम है। दुनिया के कई देशों के लिए समुद्र दूरी का प्रतीक है, जबकि भारत और इंडोनेशिया के लिए यह सदियों से जुड़ाव और सहयोग का सेतु रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का संबंध केवल समुद्र से नहीं, बल्कि साझा इतिहास और संस्कृति से भी जुड़ा है। रामायण, महाभारत, नालंदा, वायांग की नृत्य-संगीत परंपरा, बोरोबुदुर, प्रम्बानन, गरुड़ और बाली जैसे अनेक सांस्कृतिक सूत्र दोनों देशों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि स्वाद की बात करें तो इंडोनेशिया में केरुपुक और भारत में पापड़ हैं। दोनों देशों के मसाले अपने-अपने भोजन को विशेष स्वाद देते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दशकों में इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था ने तेज़ी से प्रगति की है, वहीं भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। पिछले दस वर्षों में भारत में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आए हैं। जब भारत और इंडोनेशिया साथ खड़े होते हैं तो लोकतंत्र की शक्ति और भी मजबूत होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र और लोकतंत्र की जननी है, जबकि इंडोनेशिया विश्व का तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों देशों में अनेक भाषाएं, संस्कृतियां और परंपराएं हैं, जिन्हें लोकतंत्र ने एकता की शक्ति बनाया है। उन्होंने कहा कि भारत का मंत्र ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' है, जबकि इंडोनेशिया का राष्ट्रीय दर्शन ''विविधता में एकता'' है। दोनों देश युवा आबादी, समुद्री शक्ति और वैश्विक दक्षिण की सशक्त आवाज़ होने के साथ-साथ प्राचीन सभ्यताएं और भविष्य के स्वाभाविक साझेदार भी हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 25 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है तथा 100 से अधिक भारतीय कंपनियां इंडोनेशिया में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत स्वतंत्र, खुला और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थक है और इस दिशा में दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन को केंद्र में रखकर कार्य करता है। आतंकवाद के विरुद्ध दोनों देश लगातार मिलकर काम कर रहे हैं। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत का समर्थन करने के लिए उन्होंने इंडोनेशिया का धन्यवाद भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडोनेशिया अब ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य है और भारत इस वर्ष उसकी अध्यक्षता कर रहा है। दोनों देश मिलकर इस मंच को और अधिक उपयोगी, संतुलित और विकासशील देशों की आवश्यकताओं के अनुरूप बना सकते हैं। उन्होंने ''गंगा-महाकम दृष्टि'' प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा, समृद्धि और साझा प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने भारत-इंडोनेशिया सभ्यता संवाद शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा, ताकि साझा सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ा जा सके और इतिहास को भविष्य की शक्ति बनाया जा सके।

### एसआईटी रिपोर्ट...

उल्लेख किया। उन्होंने लिखा कि उन्हें अक्टूबर 1991 में अयोध्या भेजा गया था और संगठन के प्रचारक के रूप में उनका 45 वर्षों का जीवन पूरी तरह सार्वजनिक और पारदर्शी रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां उन्होंने कार्य किया, उनका जीवन एक खुली किताब की तरह रहा है। पत्र के अंत में चंपत राय ने सभी रामभक्तों को आदरपूर्वक नमन करते हुए धैर्य बनाए रखने की अपील की और विश्वास जताया कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट के बाद पूरे मामले की वास्तविकता स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने पत्र पर 6 जुलाई 2026, अयोध्या अंकित करते हुए अपने हस्ताक्षर किए।

### विशेष नंबरों को ...

एक्ट के अंतर्गत यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई चाहते हैं। वहीं, ट्रूकॉलर ने सफाई देते हुए कहा है कि वे सभी नियमों का पालन कर रहे हैं। कंपनी का कहना है कि यदि उन्हें यह पता चलता है कि यह नंबर किसी विशेष सीरीज के अंतर्गत आ रहे हैं तो उन्हें स्पैम टैग नहीं दिया जाता।

### साइबर अपराध...

ठगों ने खुद को कानून प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर कई दिनों तक लगातार वीडियो कॉल पर उन्हें कथित डिजिटल अरेस्ट में रखा और डराकर उनकी जीवनभर की जमा पूंजी अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा ली। जांच एजेंसियों के अनुसार, ठग व्हाट्सएप, सिग्नल और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर वीडियो कॉल के जरिए पीड़ितों को मानसिक दबाव में रखते हैं। खासकर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर उनसे आरटीजीएस (आरटीजीएस) के माध्यम से बड़ी रकम ट्रांसफर करवाई जाती है। जांच में ऐसे कई साइबर ठगी नेटवर्क का संबंध कंबोडिया, म्यांमार और लाओस में संचालित संगठित स्कैम सेंटरों से जुड़ा पाया गया है। साइबर अपराध जांच एजेंसियों ने कई बार स्पष्ट किया है कि भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई कानूनी व्यवस्था नहीं है। यदि कोई व्यक्ति फोन या वीडियो कॉल पर खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी या आरबीआई का अधिकारी बताकर पैसे जमा कराने या खाते में राशि ट्रांसफर करने को कहता है, तो वह साइबर अपराध है। बावजूद इसके लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं।

### कांग्रेस और सपा...

समाजवादी पार्टी के लोग कहते हैं कि अयोध्या में घटना से आस्था आहत हुई है। आस्था उसकी आहत हुई होगी जिसके अंदर आस्था सचमुच थी। समाजवादी पार्टी कब से राम भक्त हो गई, जिसका आचरण श्रीराम द्रोही रहा हो, श्री राम भक्तों पर गोलियां चलवाई हो, श्रीराम के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया हो, वह कौन सी आस्था की बात करते है। जो बाबरी मस्जिद ढहाए जाने पर घड़ियाली आंसू बहा रहे थे और मंदिरो के विकास में लगने वाले पैसे को कब्रिस्तान की बाउंड्री पर खर्च करते थे, वह आज हमें आस्था के बारे में बता रहे हैं। योगी ने कहा कि यह उनकी आस्था नहीं है, आस्था के नाम पर हिंदू धर्म संस्कृति, भारत की आस्था पर प्रहार करना इन लोगों की कुटिल चाल है। उनकी इस कुटिल चाल को देखकर अब गिरगिट भी शर्माने लग गया होगा कि चलो हमसे भी तेज रंग बदलने वाली कोई प्रजाति समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के रूप में आ गई है, जो कितनी तेजी से रंग बदल रही है। जो कल तक बाबरी ढांचे के लिए आंसू बहा रहे थे आज श्रीराम भक्त की भावनाओं को आहत करने के लिए किस तरह से वक्तव्य देकर अयोध्या धाम को बदनाम कर रहे है। उन्होने कहा कि आज देश में व्यापारियों और बहन-बेटियों को सुरक्षा देना हो तो आज उत्तर-प्रदेश सबसे आगे है। आज सड़के बन रही, एयरपोर्ट बन रहे हैं । पहले यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री में खर्च होता था। आज मंदिरों के सौंदर्यीकरण में खर्च हो रहा है। उन्होंने जिले की दो विधानसभाओं में 819 करोड़ से अधिक लागत की 99 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया, जिसमें राजकीय मेडिकल कॉलेज शामिल है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ आज दोपहर सुलतानपुर के पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर उतरे। उनके उतरते ही बारिश शुरू हो गई। यहां भाजपा पदाधिकारियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जनसभा में परियोजनाओं के शुभारंभ और शिलान्यास के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, आयुष्मान कार्ड, जरूरतमंदों को सिलाई मशीन, योजनाओं का स्वीकृत पत्र और आवास की चाभी एवं प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र वितरण किए। योगी ने सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए 45 मिनट के भाषण में कहा कि इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी का मतलब दुनिया से सीधा जुड़ना है। अच्छे लोग अच्छी सरकार चुनते हैं और अच्छी सरकार बनने पर विकास तेज़ी से होता है, जिससे हर नागरिक को लाभ मिलता है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश को कभी बीमारू राज्य बना दिया था, जबकि आज प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट नहीं है और उन्हें नई पहचान व अवसर मिल रहे हैं। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, शहर विधायक विनोद सिंह और जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, कादीपुर विधायक राजेश गौतम, सदर विधायक राजाबाबू उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल मौजूद रहे।

### हिन्दू आस्था के...

यह बोल सकते हैं, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को बोलने का कोई अधिकार नहीं है। कांग्रेस और सपा ने तो राम के अस्तित्व को ही मानने से इनकार कर दिया था और आज वह कौन आस्था की बात कर रही हैं। वे धार्मिक हिंदू विरासत से जुड़े धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार का पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवॉल पर खर्च कर देते थे। वह लोग कौन सी आस्था की बात कर रहे हैं। यही प्रश्न आप लोगों को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी से करना चाहिए। उनसे पूछना चाहिए कि जब तुम्हारी सरकार थी तो रामभक्तों पर गोली चलवाते थे, जय श्री राम बोलने पर लाठी डंडा चलाते थे, कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट तक बोलती थी कि राम हुए ही नहीं, यह कांग्रेस कहां थी। देश की सबसे बड़ी, सबसे प्राचीन पार्टी उस समय इस प्रकार बात करती थी। योगी ने कहा कि आज आप राम जी की पैड़ी में जाइए वहां पर लोग स्नान कर रहे हैं। कितनी सुंदरता है। आज की अयोध्या दुनिया को आकर्षित करती है। यही विपक्ष की पीड़ा है। इनके न चाहते हुए भी इतने लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। उनको इसकी चिंता है। कभी-कभी मुझे संदेह होता है। संदेह इस बात का होता है कि यह लोग एक घटना को किस तरह बढ़ाकर हिंदुओं को अपमानित करके आस्था पर प्रहार करने का काम कर रहे हैं। मैं सपा और कांग्रेस के लोगों से पूछना चाहता हूं कि अयोध्या में जिस कथित चोरी पर तुम हिंदू आस्था पर खिलवाड़ कर रहे हो, एक भी बार बताओ वक्फ के नाम पर हुए घोटाले पर सवाल उठाए। हजारों हैकटेयर लैंड प्रदेश के अंदर और देश के अंदर बेची गई है। एक भी बार इस पर यह लोग नहीं बोले। यह जमीन गरीब की थी। कमजोर तबके के लोगों की थी। यह जमीन गरीबों के नाम पर पट्टा की जा सकती है। वहां पर कन्वेंशन सेंटर बनाया जा सकता था। योगी ने कहा कि अयोध्या के बारे में तो उन्होंने पिछले दिनों ही कहा था कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की मांग पर उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी दूध का दूध पानी का पानी कर देगी। समिति की जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर ट्रस्ट ने कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। जिनके खिलाफ साक्ष्य थे, उसके आधार पर कार्रवाई हो रही है।

# अपराधियों और सीमावर्ती घुसपैठियों से किसी तरह की समझौता नहीं: सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। जिले के फारबिसगंज प्रखंड के हरिपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार की सरकार सबके साथ न्याय के साथ बढ़ाने वाली सरकार है और वह खुद अपराधी और सीमावर्ती क्षेत्र में रह रहे घुसपैठियों को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं करने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि अपराधी और अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों को बिहार छोड़ना होगा।उन्होंने कहा कि भारत समृद्ध तभी होगा,जब बिहार समृद्ध होगा और इस समृद्धि के लिए सबों को लगना होगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभा को भी संबोधित किया।जिसमें उन्होंने सहयोग शिविर के आयोजन के मकसद के पीछे आमजनों के कामों का निवारण करना बताया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे बिहार में 4 लाख 53 हजार 62 शिकायतों के आवेदन मिले हैं उऔर उनमें से 4 लाख 25 हजार 260 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है और लंबित 27 हजार आवेदनों के निष्पादन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।उन्होंने बताया कि अररिया जिला से 7 हजार 130 आवेदनों में 6 हजार 845 आवेदनों का निष्पादन हुआ,जबकि हरिपुर पंचायत से मिले 259 आवेदनों में 245 आवेदनों का निष्पादन किया गया। उन्होंने कहा कि यह आंकड़े बताते हैं कि बिहार में पदाधिकारी अब तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। अधिकारी विकास को तरजीह दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आवेदन पर 30 दिन के अंदर अगर निष्पादन नहीं हुआ तो उनके कार्यालय से अधिकारियों को नोटिस जाएगा और इस तरह तीसरे नोटिस के बाद भी काम नहीं होता है तो वैसे अधिकारी को सस्पेंड और निलंबित करने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 15 जुलाई से सूबे के 213 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने के साथ ही गांव के हाई स्कूल में कोचिंग देने का काम करने की बात कही। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि फारबिसगंज में एयरपोर्ट का निर्माण किया जाएगा, जिसकी शुरुआत अगले साल शुरू की जाएगी।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 20 हजार करोड़ रूपये बिहार के विकास के लिए दिए जाने पर आभार प्रकट किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस समृद्ध बिहार का सपना देखा था,उसे पूरा किया जाएगा।लोहिया स्वच्छता अभियान के साथ ही गरीब लोगों को पक्का मकान बनाने का काम भारत की नरेन्द्र मोदी की सरकार और बिहार सरकार पूरा करने का काम करेगी। सम्राट चौधरी ने गांव गांव और घर घर बिजली पहुंचाने के बाद सोलर प्लेट लगाने की बात कही 125 यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन पर सरकार बिजली लेकर पैसा देने का काम करेगी।

# अमृतसर के कोट खालसा इलाके में गोली मारकर युवक की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमृतसर। अमृतसर में देर रात कोट खालसा इलाके में अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी।

मौके पर पहुंचे एडीसीपी विशालजीत सिंह ने बताया कि दो अज्ञात हमलावरों ने नितिन उर्फ नीली पर गोलियां चलाईं। गंभीर रूप से घायल हालत में उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से गोलियों के खोल और अन्य सबूत कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर ली गई है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा लग रहा है। मृतक नितिन के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज थे। बताया जा रहा है कि करीब आठ-नौ साल पहले भी वह एक गंभीर वारदात में शामिल रहा था और उसे जेल भी जाना पड़ा था। इस साल भी वह एक अन्य मामले में जेल गया था और कुछ दिन पहले ही जमानत पर बाहर आया था। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हमलावरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट होगा कि मृतक को कितनी गोलियां लगी थीं। अधिकारियों का कहना है कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही इस हत्या कांड का खुलासा कर आरोपियों को कानून के कठघरे में लाया जाएगा।

# भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमन दरबार साहिब में हुए नतमस्तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमृतसर। प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमन अपने परिवार सहित सचखंड श्री दरबार साहिब में नतमस्तक होने पहुंचे। उन्होंने गुरु घर में माथा टेककर वाहेगुरु का शुक्रिया अदा किया और सरबत के भले, देश की तरक्की तथा भारतीय हॉकी टीम की कामयाबी के लिए अरदास की। मीडिया से बातचीत करते हुए हरमन ने कहा कि श्री दरबार साहिब आकर उन्हें हमेशा आत्मिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रो लीग में भारतीय टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया और पूरी टीम ने एकजुट होकर मैदान में शानदार प्रदर्शन किया। पाकिस्तान के खिलाफ मिली बड़ी जीत पर उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान का मुकाबला खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए हमेशा खास होता है। हरमन ने कहा कि इस तरह की जीत से टीम का मनोबल बढ़ता है और आने वाले टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम आगे भी देश के लिए इसी तरह अच्छा प्रदर्शन करेगी और और अधिक पदक जीतेगी। युवा खिलाड़ियों को संदेश देते हुए हरमन ने कहा कि भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। युवाओं को मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी लगन से मेहनत करते हैं, सफलता एक दिन जरूर उनके कदम चूमती है। हरमन ने बताया कि वह बचपन से अपने परिवार के साथ श्री दरबार साहिब आते रहे हैं और हर बड़े टूर्नामेंट से पहले या बाद में गुरु घर आकर आशीर्वाद लेना अपनी खुशकिस्मती मानते हैं।

# 10 साल से उम्रकैद के दो फरार भाइयों को पुलिस ने दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ एक मुंबई के सुपारी हत्याकांड में भी वांछित**



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करीब एक दशक से फरार चल रहे उम्रकैद की सजा पाए दो सगे भाइयों को अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में 56 वर्षीय फिरासत अली और 51 वर्षीय शाहनवाज अली शामिल हैं। दोनों 1996 के राजौरी गार्डन हत्याकांड में उम्रकैद की सजा पाए थे, लेकिन 2016 में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा अपील खारिज होने के बावजूद जेल में आत्मसमर्पण नहीं किया और फरार हो गए। इनमें से फिरासत अली वर्ष 2006 के मुंबई के बहुचर्चित सुपारी हत्या कांड में भी वांछित था, जिसमें दो लाख रुपये की सुपारी लेकर एक व्यक्ति की हत्या करने के बाद उसके शव के टुकड़े कर पहचान मिटाने की कोशिश की गई थी। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि एंटी रनअवे सेल (एआरएससी) की टीम लगातार संगीन अपराधों में फरार आरोपितों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि दोनों भाई अलग-अलग राज्यों में छिपकर रह रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद इंस्पेक्टर रॉबिन त्यागी की निगरानी में दो अलग-अलग टीमें गठित की गईं। एक टीम को मुरादाबाद और दूसरी टीम को झारखंड के गोड्डा भेजा गया।

चार जुलाई को दोनों स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई ताकि एक आरोपित दूसरे को सूचना न दे सके। कार्रवाई के दौरान फिरासत अली को मुरादाबाद और शाहनवाज को गोड्डा से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, 27 सितंबर 1996 की सुबह दिल्ली के रघुबीर नगर स्थित पुराने कपड़ों के बाजार में साड़ी खरीदने को लेकर दो परिवारों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के दौरान शाहनवाज ने शिकायतकर्ता के भाई इश्तियाक अहमद उर्फ पप्पू को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। उसी दिन शाम करीब साढ़े चार बजे शाहनवाज अपने भाई फिरासत अली, अरशद अली और साथी जहांगीर खान के साथ शिकायतकर्ता के घर पहुंचा। आरोपितों ने घर में घुसते ही चाकुओं से हमला कर दिया। फिरासत और शाहनवाज ने बाथरूम में मौजूद इश्तियाक अहमद पर गर्दन और सीने पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं रियासत उर्फ भूरा और डब्बू पर भी चाकुओं से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। शिकायतकर्ता के शोर मचाने पर सभी आरोपी फरार हो गए।

# संक्षिप्त समाचार

## पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष, एक की चाकू मारकर हत्या, एक घायल, तीन आरोपित पकड़े

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले के मंगोलपुरी के राज पार्क थाना क्षेत्र में सोमवार रात पुरानी दुश्मनी ने खूनी रूप ले लिया। दो पड़ोसी परिवारों के बीच हुए विवाद में 45 वर्षीय महेश की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। जबकि 35 वर्षीय मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में तीन मुख्य आरोपितों को पकड़ लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपितों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात करीब 9:37 बजे पीसीआर पर सूचना मिली कि मंगोलपुरी के क्यू-9 ब्लॉक में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि परिजन घायल महेश और मुकेश को पहले ही संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जा चुके हैं। अस्पताल में डॉक्टरों ने महेश को मृत घोषित कर दिया। जांच में उसके शरीर पर पीठ में चाकू का गहरा घाव मिला। वहीं मुकेश की बाईं जांघ में चाकू लगा है और उसका इलाज जारी है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार शुरुआती जांच में सामने आया कि क्यू-9/149 और क्यू-9/150 में रहने वाले दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी। पिछले एक वर्ष में दोनों पक्षों की ओर से दो-दो, यानी कुल चार आपराधिक मामले भी दर्ज हो चुके हैं। पुलिस का मानना है कि इसी पुरानी दुश्मनी के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। राज पार्क थाना पुलिस ने हत्या समेत संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान पुलिस ने तीन मुख्य आरोपित प्रिंस उर्फ अरुण, भरत और एक नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। पुलिस अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें बनाकर लगातार दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जल्द ही बाकी आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नई खेल नीति पर जनता से सुझाव लेगी सरकार : रेखा आर्या

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार नई खेल नीति तैयार करने से पहले खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और आम जनता से सुझाव लेगी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को विभागीय समीक्षा बैठक में इसके लिए जल्द ऑनलाइन लिंक जारी कर सुझाव आमंत्रित करने के निर्देश दिए। खेल मंत्री ने बताया कि नई खेल नीति में केंद्र सरकार की खेल नीति के अनुरूप प्रावधानों को शामिल करते हुए उत्तराखंड के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राप्त उपयोगी सुझावों को नई खेल नीति का हिस्सा बनाया जाएगा तथा बेहतर सुझाव देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। रेखा आर्या ने बताया कि बैठक में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नियुक्ति देने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ियों में से कुछ को राज्य की खेल अकादमियों में समायोजित करने की भी तैयारी की जा रही है।

## बदरीनाथ-केदारनाथ में चल रहे निर्माण कार्यों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने देहरादून स्थित सचिवालय में केदारनाथ पुनर्निर्माण, पुनर्विकास कार्य और बदरीनाथ मास्टर प्लान कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने केदारनाथ पुनर्निर्माण से सम्बन्धित कार्यों की से जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक कार्य के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के साथ ही पूर्ण होने की समय-सीमा की भी जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा कि केदानाथ धाम में जिन 6 ब्लॉक्स का कार्य शुरू किया जाना है, उन्हें तत्काल शुरू कराया जाए। निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण कराए जाने के लिए प्रत्येक कार्य की लगातार मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने रुद्रप्रयाग जिलाधिकारी को केदारनाथ धाम यात्रा क्षेत्र के लिए एक व्यापक एवं एकीकृत कूड़ा प्रबंधन योजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी वित्तीय, तकनीकी और अन्य सहयोग की आवश्यकता होगी, वह उपलब्ध करायी जाएगी। मुख्य सचिव ने बदरीनाथ मास्टरप्लान फ़ेज 1 और फ़ेज 2 के कार्यों की प्रगति की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी ली एवं प्रत्येक कार्य के पूर्ण होने की समय-सीमा के अनुसार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि केदारनाथ धाम एवं बदरीनाथ धाम में जो भी असेट्स एवं सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं, उनके ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस के लिए फ्रेमवर्क तैयार कर लिया जाए।

## राज्यपाल ने पुस्तक 'एब्सोल्यूट इंटेलिजेंस' और 'प्रज्ञा' का किया विमोचन

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मंगलवार को लोक भवन में अपनी पुस्तक 'एब्सोल्यूट इंटेलिजेंस' और उसके हिन्दी संस्करण 'प्रज्ञा' का विमोचन किया। पुस्तकों का सहलेखन प्रो. अरुण तिवारी ने किया है, जबकि 'प्रज्ञा' का हिन्दी रूपांतरण पारितोष बंगवाल ने किया है। पुस्तक विमोचन समारोह में स्वामी चिदानन्द सरस्वती, आचार्य बालकृष्ण और वर्चुअल माध्यम से प्रो. अरुण तिवारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि विश्व कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नए युग में प्रवेश कर चुका है और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी अभूतपूर्व गति से मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक कभी भी मानवता का विकल्प नहीं बन सकती। उसका उद्देश्य मनुष्य पर शासन करना नहीं, बल्कि जीवन को अधिक सुरक्षित, सरल, समृद्ध और कल्याणकारी बनाना है। उन्होंने कहा कि विज्ञान जब आध्यात्मिकता से, नवाचार नैतिकता से और बुद्धिमत्ता प्रज्ञा से जुड़ेगा, तभी मानव सभ्यता का संतुलित एवं सतत विकास संभव होगा। उनके अनुसार यही दोनों पुस्तकों का मूल संदेश है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063